इसके परिणामस्वरूप लोक लेखा के अंतर्गत भारत के दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण सामान्य निधि की प्राप्तियों को ₹49.91 करोड़ कम बताया गया।

2.3 लोक लेखे के संबंध में अभ्युक्तियाँ

2.3.1 सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि

सार्वभौमिक सेवा दायित्व (यूएसओ) निधि को अप्रैल 2002 में राष्ट्रीय टेलीकॉम नीति (एनटीपी) 1999 में सार्वभौमिक सेवा उद्देश्यों के महत्व को प्राप्त करने हेतु स्थापित किया गया था। भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) अधिनियम 2003 ने यूएसओ निधि को सांविधिक महत्व दिया तथा निर्धारित किया कि निधि का उपयोग केवल आधारभूत टेलीग्राफ सेवाओं को पहुँच प्रदान करते हुए सार्वभौमिक सेवा दायित्व को पूरा करने हेतु किया जाना है, यथा, सार्वजनिक दूरसंचार एवं सूचना सेवाएं तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में घरेलू टेलीफोन जैसा कि केन्द्रीय सरकार समय-समय पर निर्धारित करे। इसमें ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं, चरणबद्ध रूप से गाँवों में ब्रॉडबैंड जुड़ाव ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में टेलीकॉम क्षेत्र में नए प्रौद्योगिकीय विकासों के प्रवर्तन को प्रोत्साहन आदि की अवसंरचनाओं के विकास पर बल देना आदि विचारित थे। यूएसओ निधि को पूरा करने के लिए संसाधनों को "सार्वभौमिक पहुँच उगाही" (यूएएल) के माध्यम से एकत्र किया जाना था। यूएसओ से संबंधित क्रियाकलापों का कार्यान्वयन पात्र सेवादाताओं द्वारा किया जाना था, जिन्हें नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता प्राप्त होनी है। इस निधि का प्रबंधन दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा किया जाता है।

यूएसओ के प्रति एकत्रित उगाही को सर्वप्रथम भारत की समेकित निधि में जमा किया जाता है, तथा बाद में केन्द्र सरकार समय-समय पर कथित उद्देश्यों के प्रति विशिष्ट रूप से प्रयोग करने के लिए भारत के लोक लेखा में गैर-व्यपगत यूएसओ निधि की एकत्रित उगाही के केवल एक भाग को जमा करती है। यूएसओ निधि में एकत्रित उगाही के एक भाग के अंतरण के फलस्वरूप शेषो के कम बताए जाने के मामले पर वर्ष 2009-10 से 2014-15 तक के संघ सरकार के लेखे पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में टिप्पणी की गई थी।

पूर्व वर्षों के दौरान यूएसओ निधि पर सीएजी की लेखापरीक्षा अभ्युक्ति के बावजूद यह पाया गया था कि वर्ष 2015-16 के दौरान सार्वभौमिक पहुँच उगाही के प्रति ₹9,835.70 करोड़ की कुल प्राप्तियों में से लोक लेखे में 8235.118- यूएसओ निधि को केवल ₹3,100.00 करोड़ का अंतरण किया

जिसका चयनित उद्देश्यों पर ₹3,099.97 करोड़ के व्यय को पूरा करने हेतु उपयोग किया गया था और यूएसओ निधि के अंतर्गत अंत शेष को ₹0.03 करोड़ दर्शाया गया था। इसका परिणाम वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए यूएसओ निधि को ₹6,735.70 करोड़ उगाही के कम अंतरण में हुआ।

इसके अतिरिक्त, 2002-03 से 2015-16 के दौरान ₹75,952.93 करोड़ के यू.ए.एल. के कुल संग्रहण के प्रति इन अवधियों के दौरान कुल ₹30,083.47 करोड़ की राशि (ग्रामीण दायित्वों को पूरा करने हेतु 2002-03 से 2005-06 की अवधि में बीएसएनएल को कुल ₹6,948.64 करोड़ के लाइसेंस शुल्क एवं स्पैक्ट्रम प्रभारों की प्रतिपूर्ति को ध्यान में रखते हुए) का निधि को अतंरण किया गया था तथा निधि से तद्नुसार व्यय किया गया था। ₹45,869.46 करोड़ की शेष उगाही का यूएसओ निधि को अतंरण नहीं किया गया था।

लोक लेखा समिति (पीएसी) ने अपने चौदहवें प्रतिवेदन (पंद्रहवी लोकसभा 2009-10) में शामिल अपनी अनुशंसाओं में भी पाया था कि सरकार को यूएएल के रूप में एकत्रित पूरी राशि को यूएसओ निधि में क्रेडिट करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए थी जबकि मुख्य रूप से निधि का उपयोग केवल सार्वभौमिक सेवा दायित्व के लिए होना चाहिए था।

विभाग ने अपने उत्तर में बताया कि मंत्रीमण्डल सचिवालय ने निर्देश दिया (जुलाई 2003) कि यूएसओ निधि को अंतरित की जाने वाली राशि को अंतिम रूप दिये जाने के समय डीओटी, एमओएफ से संपर्क कर सकता है। आईटी अधिनियम 2003 का खण्ड 9ख भी यह उल्लेख करता है 'धारा 4 के अंतर्गत सार्वभौमिक दायित्व के लिए प्राप्त राशि का योग पहले भारत की संचित निधि में जमा किया जाएगा, तथा केन्द्र सरकार, यदि संसद इसके लिए उपलब्ध विधि द्वारा बनाए गए विनियोग द्वारा ऐसी प्राप्ती को जो विशिष्ठ रूप से सार्वभौमिक सेवा दायित्व के लिए समय-समय पर उपयोग की जा रही है, को निधि में जमा कर सकती है। तद्नुसार, केन्द्र सरकार विशिष्ट रूप से सार्वभौमिक सेवा दायित्व के लिए समय-समय पर उपयोग की जा रही है को निधि में जमा कर सकती है। इसने यह नहीं कहा सभी ऐसी प्राप्ति निधि में जमा की जाएगी। आगे, राशि को लोक लेखा में अवरूद्ध रखे रहना साधनों के उपयोग का सबसे विवेकी तरीका नहीं हो सकता तथा इसको देखते हुए, एमओएफ किसी वैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रही थी''।

मंत्रालय/विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है इस तथ्य को देखते हुए कि धारा 9ख में अभिव्यक्त होने वाली "ऐसी प्राप्ति" का मतलब है "धारा 4 के अंतर्गत यूएसओ को प्राप्त राशि का योग"। अभिव्यक्ति सेवा प्रदाताओं द्वारा यूएसओ को भुगतान किया गया कर की विशिष्ट राशि को संदर्भ करता है। धारा 9ख, आगे प्रावधान करता है कि यूएसओ निधि का उपयोग विशिष्ट रूप से सार्वभौमिक सेवा दायित्व को पूरा करने के लिए किया जाएगा तथा यह एक समाप्त नहीं होनेवाली निधि है। इसके अतिरिक्त, अभिव्यक्ति "ऐसी प्राप्ति" का शब्दों में पालन नहीं किया जाता है "जैसा यह ठीक समझे" या इसी प्रकार ऐसी अभिव्यक्ति केन्द्र सरकार को धारा 4 के अंतर्गत यूएसओ को प्राप्त राशि के केवल एक भाग को यूएसओ निधि में जमा करने की अनुमति देता है। इस प्रकार, भाग यह अनिवार्य करता है कि धारा 4 के अंतर्गत यूएसओ को प्राप्त संपूर्ण राशि को यूएसओ निधि में जमा किया जाता है।

2.3.2 अनुसंधान तथा विकास उपकर निधि के अंतर्गत संग्रहित उपकर का कम उपयोग

1986 में अनुसंधान तथा विकास उपकर अधिनियम को देश में ही विकसित प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रौद्योगिकी के आयात करने तथा घरेलू अनुप्रयोग को विस्तृत करने तथा उसके साथ संबंधित अथवा प्रासंगिक मामलों हेतु आयतित प्रौद्योगिकी को अनुकूल बनाने के लिए किए गए सभी भुगतानों पर उपकर की उगाही तथा संग्रहण के प्रावधान हेतु लागू किया गया था। अधिनियम की धारा 3 प्रौद्योगिकी के आयात के प्रति किए गए सभी भुगतानों पर उद्ग्रहित तथा संग्रहित किए जाने वाले उपकर के संग्रहण की ऐसी दरों जो पॉच प्रतिशत से अधिक न हों, जैसा कि केन्द्र सरकार राजपत्र में, समय-समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित करे, का प्रावधान करता है। अधिनियम ने प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) द्वारा संचालित की जाने वाली प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुप्रयोग हेतु एक निधि के सृजन को समर्थन किया है। निधि का अनुरक्षण सरकारी लेखे से बाहर किया जाता है। अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत जैसा कि 1995 में संशोधित किया गया, औघोगिक मामलों द्वारा प्रौद्योगिकी के आयात पर संग्रहित उपकर को, भारत सरकार द्वारा जारी अनुदानों से क्रेडिट किया जाता है। विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा अनुसंधान एवं विकास उपकर संग्रहण का

प्रबंधन किया जाता है। अधिनियम की धारा 4 उदग्रहित तथा संग्रहित उपकर की प्राप्तियों को प्रारम्भ में भारत की समेकित निधि में क्रेडिट किया जाना अपेक्षित करती है तथा सरकार, संसद की स्वीकृति से विकास बैंक (इस मामले में पहले भारतीय औद्योगिक विकास बैंक) को निधि के उद्देश्य हेतु उपयोग किए जाने के लिए अपेक्षित ऐसी राशि अदा करेगी।

यह पाया गया है कि 1996-97 से 2015-16 तक की अवधि के दौरान ₹6,698.30 करोड़ की सीमा तक का उपकर संग्रहित किया गया था। इसमें से, उसी अवधि के दौरान टीडीबी को सहायता अनुदान के रूप में केवल ₹579.16 करोड़ (8.65 प्रतिशत) संवितरित किए गए थे। टीडीबी ने, इसके बदले सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निधियों में से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास कर रहे अथवा घरेलू अनुप्रयोग को विस्तृत करने हेतु आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाने से संबंधित औद्योगिक मामलों हेतु ₹1,296.81 करोड़ की वित्तीय सहायता तथा ऋण संवितरित किए।

यह देखा जा सकता है कि प्रत्याशित उद्देश्यों हेतु उपकर प्राप्तियों का उपयोग इष्टतम नहीं है। अपेक्षित उद्देश्यों हेतु प्राप्तियों के कम उपयोग तथा संग्रहित की जा रही दर पर उपकर की उगाही के मुद्दे को पिछले वर्ष भी उठाया गया था फिर भी प्रवृति वैसी ही बनी हुई है।

उत्तर में, टी.बी.डी. ने बताया (सितम्बर 2016) कि उन्होंने शासनादेश दिया था कि आगे के कार्यान्वयन हेतु मंत्रालय द्वारा उसे जारी की गई संपूर्ण ₹579.16 करोड़ की राशि का निवेश किया था। हालांकि, तथ्य यही रहता है कि शुरूआत से वर्ष 2015-16 तक आर एवं डी उपकर के अंतर्गत प्राप्त ₹6,698.30 करोड़ में से मंत्रालय द्वारा टी.डी.बी. को केवल ₹579.16 करोड़ का संवितरण किया गया था। मंत्रालय से उत्तर अक्तूबर 2016 तक प्रतीक्षित था।

2.3.3 माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा उपकर

माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा उपकर (एसएचईसी) को माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए वित्त अधिनियम 2007 में प्रारम्भ किया गया था।

2006-16 की अवधि के संघ के वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने दर्शाया कि ₹73,468.52 करोड़ के एसएचईसी का कुल सग्रंहण किया गया था।

यह पाया गया कि प्राथमिक/प्रारंभिक शिक्षा उपकर के मामले में प्राथमिक शिक्षा कोष के सृजन के विपरीत न तो एसएचईसी की प्राप्तियों को जमा करने हेतु एक निधि को नामित किया गया था और न ही कोई चयनित योजनाएं थीं जिन पर उपकर प्राप्तियों का व्यय किया जाना था। परिणामस्वरूप, माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा उपकर की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाना, जैसा कि वित्त अधिनियम में अभिकल्पित है, पारदर्शी रूप से पता लगाने योग्य नहीं था।

2.3.4 राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि

आयात किए गए कोयले तथा भारत में उत्पादन किए गए कोयले पर स्वच्छ ऊर्जा उपकर की उगाही करके स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं परिवर्तनात्मक परियोजनाओं के निधीयन हेतु 2010-11 में राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि (एन.सी.ई.एफ) की स्थापना की गई थी।

वर्ष 2010-11 से 2015-16 के दौरान स्वच्छ ऊर्जा उपकर[2] संग्रहण, कुल ₹27,849.98 करोड़ किया गया था। इसके विपरीत, लोक लेखा में राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि[3] को आरक्षित निधि 2810.797 के खाता के अंतरण से केवल ₹9,016.46 करोड़ (32.38 प्रतिशत) का ही अंतरण हुआ था। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु चिन्हित निधि से ₹18,833.52 (67.62 प्रतिशत) करोड़ के उपकर का कम अंतरण हुआ।

वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामला विभाग ने अपने उत्तर (अगस्त 2016) में बताया कि एन.सी.ई.एफ. को अंतरण का उद्देश्य संबद्ध मंत्रालयों की अवशोषण क्षमता से संबंधित है। वित्त की स्थाई समिति ने अपनी द्वितीय रिपोर्ट (16वीं लोक सभा) में अनुशंसित किया कि परियोजनाओं/योजनाओं के विशेष विवरणों की अनुपस्थिति में, दो वर्षों से अधिक के लिए एनसीईएफ में पड़ी हुई अप्रयुक्त निधियां भारत की समेकित निधि में अंतरित की जा सकती है, ताकि यह निधियां अन्य प्राथमिकृत योजनाओं के लिए उपयोग में लाई जा सकें। इस प्रकार, संबंद्ध मंत्रालयों की अवशोषण क्षमता के साथ जोड़े बिना

2 एम.एच. 0038.03.112- स्वच्छ ऊर्जा उपकर

3 एम.एच. 8235.129- राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि

एनसीईएफ में एकत्रित पूरी उपकर राशि को अंतरित कर देने की लेखापरीक्षा अभ्युक्ति अप्रयुक्त निधियों का पूल सृजित कर देगी और वह भी बहुत कम लोक ब्याज के साथ। यह वित्त की स्थायी समिति की अनुशंसाओं के विरूद्ध भी होगा। आगे यह बताया गया था कि जब भी संबद्ध मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वयन हेतु न्यायसंगत योजनाएं/परियोजनाएं होंगी, एनसीईएफ के अंतर्गत संचय हेतु देय निधि की सीमा तक निधियां उपलब्ध कारवाई जाएंगी।

मंत्रालय का तर्क कि राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि का अंतरण करने का उद्देश्य संबद्ध मंत्रालयों की अवशोषण क्षमता से संबंधित है, तर्कसंगत नहीं है क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा उपकर से एकत्रित राजस्व को एनसीईएफ को अंतरित किया जाना अपेक्षित है और इसे केवल उसी विशेष उद्देश्य अर्थात् स्वच्छ ऊर्जा तकनीक में अनुसंधान तथा परिवर्तनात्मक परियोजना के लिए खर्च करना चाहिए जिसके लिए इसे लगाया गया है।

2013, 2014 के सीएजी के प्रतिवेदन सं.1 और 2015 के प्रतिवेदन सं. 50 में मामले को इंगित किया गया था परंतु कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

2.3.5 लोक लेखे में केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) को उपकर का कम अंतरण

केन्द्रीय सड़क निधि अधिनियम, 2004 का पैरा 4 अनुबद्ध करता है कि धारा 3 के तहत् वसूले उपकर की प्राप्तियों को पहले भारत की समेकित निधि में क्रेडिट किया जाएगा तथा यदि संसद इस संबंध में विधि द्वारा किए विनियोग के माध्यम से प्रावधान करती है तो केन्द्र सरकार, संग्रहण के व्ययों की कटौती करने के पश्चात केवल इस अधिनियम के उद्देश्यों हेतु उपयोग किए जाने के लिए समय-समय पर ऐसी प्राप्तियों का सीआरएफ को क्रेडिट कर सकती है।

वर्ष 2010-11 से 2015-16 के लिए संघ सरकार वित्त लेखे, विवरणी सं. 8 की जांच से पता चला कि ₹1,70,682.25 करोड़ के कुल संग्रहण के प्रति लोक लेखे में सी.आर.एफ. (शीर्ष 8224.00.101) को केवल ₹1,43,097.49 करोड़ का अंतरण किया गया था जिसके परिणामस्वरूप ₹27,584.76 करोड़ का कम अंतरण किया गया था।

चूंकि ये विशेष उद्देश्य उपकर हैं, इसलिए पूर्ण उपकर संग्रहण को लोक लेखे में नामित निधि को अंतरित किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर टिप्पणी वर्ष 2013, 2014 एवं 2015 के सीएजी के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 1 और 2015 के सीएजी के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 50 में निरंतर रूप से होती आ रही है।

2.3.6 लोक लेखे में चिन्हित निधियों को उपकर का कम अंतरण

वित्त वर्ष 2015-16 के लिए संघ सरकार वित्त लेखे की विवरणी सं. 8 एवं 13 की संवीक्षा से पता चला कि वर्ष के दौरान निम्न कुछ मुद्दों पर एकत्रित निम्न उपकर को लोक लेखे में चिन्हित निधियों को पूर्ण रूप से अंतरित नहीं किया गया था। ₹1,599.31 करोड़ के उपकर के कम अंतरण के विवरण **तालिका 2.1** में दिए गए हैं।

तालिका 2.1: उपकर का कम अंतरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	उपकर की प्राप्ति		लोक लेखे में अंतरण		कम अंतरण
	उपकर/प्राप्ति शीर्ष का नाम	राशि	निधि का नाम	राशि	
1	चलचित्र पर उपकर (0038.04.130)	4.13	सिनेमा कर्मचारी कल्याण निधि (8229.115)	1.93	2.20
2	चाय पर उपकर (0038.04.103)	60.12	चाय क्षेत्र के लिए विकास निधि (8229.126)	शून्य	60.12
3	लौह अयस्क पर उपकर (0038.04.110)	15.84	खान कल्याण निधि (8229.00.114)	35.42	11.25
4	लाईम स्टोन और डोलोमाईट पर उपकर (0038.04.112)	30.83			
5	स्वच्छ भारत उपकर (0044.506)	3,925.74	राष्ट्रीय स्वच्छता कोष (8235.135)	2,400.00	1,525.74
	कुल	**4,036.66**		**2,437.35**	**1,599.31**

चलचित्र पर उपकर के मामले में, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि बजटीय प्रावधान के अनुसार उपकर की निधि को अंतरित किया गया था तथा ₹ 2.20 करोड़ उपकर के शेष भाग को अगले वित्त वर्ष में अंतरित किया जाएगा।

मंत्रालय का उत्तर तर्क संगत नहीं है क्योंकि मंत्रालय ने यही उत्तर (सितम्बर 2015) वित्त वर्ष 2014-15 के लिए दिया था कि वित्त वर्ष 2014-15 से

संबंधित ₹2.11 करोड़ का उपकर का कम अंतरण वित्त वर्ष 2015-16 में अंतरित कर दिया जाएगा। तथापि, मंत्रालय ने 2015-16 में राशि को निधि को अंतरित नहीं किया।

चाय पर उपकर के संदर्भ में, सीजीए ने बताया (अगस्त-2016) कि संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दे दिया गया था।

2.3.7 आयकर कल्याण निधि

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग ने ₹100 करोड़ के कार्पस के साथ आयकर कल्याण निधि (आईटीडब्ल्यूएफ) का सृजन किया तथा तीन वर्षों की अवधि तक 2006-07, 2007-08 में ₹30 करोड़ और 2008-09 में ₹40 करोड़ लोक लेखे के ब्याज वाले भाग में निधि का अंतरण किया गया था। निधि का सृजन (i) आयकर विभाग के कर्मचारियों के कल्याण, मनोरंजन तथा अन्य बाह्य गतिविधियों के उन्नयन, (ii) आकस्मिकताओं जैसे चोट लगना, दुर्घटना होना, के दौरान कर्मचारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने, (iii) मृत कर्मचारियों/अधिकारियों के परिवार को अनुग्रह भुगतान प्रदान करने, (iv) आपातकालीन जोखिम बीमा एवं सीजीएचएस प्रतिपूर्ति नियमावली के अंतर्गत पूर्णत: प्रतिपूर्ति न होने की गंभीर परिस्थिति सहित विभिन्न चिकित्सा अनुरक्षण प्रदान करना (v) अधिकारियों के उपयोग हेतु निमार्ण/किराये पर लोन/पट्टे पर लेना/सजाना/अवकाश गृह का रखरखाव, आदि के उद्देश्य से किया गया था। आयकर कल्याण निधि नियमावली 2007 के पैरा 3 में निर्दिष्ट कॉर्पस निधि पर मिलने वाले ब्याज और अतिरिक्त वृद्धि को उपरोक्त उद्देश्यों पर व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग करना होगा।

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक निधि का सृजन इस निधि द्वारा आच्छदित की जाने वाली प्रस्तावित गतिविधियों को विभाग के वार्षिक बजट में शामिल करने तथा सामान्य बजटीय प्रक्रिया के माध्यम से वित्तपोषित करने के आधार पर सहमत नहीं थे। लोक लेखे के ब्याज वहन करने वाले वर्गों के अंतर्गत निधि पर ब्याज वहन होता है जो संसदीय वित्तीय नियंत्रण पर लागू नहीं होता था। निधि का उपयोग, संसद में प्रस्तुत किए गए अनुदानों की मांगों की तरह मानक विषय शीर्षों के माध्यम से सूचित नहीं किया जाएगा जिसके कारण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होती जीएफआर नियमावली किसी एक

वर्ग के लोगों या व्यक्तियों के लाभ हेतु लोक धन से व्यय अनुमत नहीं करती जब तक कि कथित व्यय मान्यता प्राप्त नीति या नियमावली के अनुसरण में हो। उद्धृत अन्य उद्देश्य को मंत्रालय के अनुदानों के लिए मांग में मानक विषय शीर्षों "पुरस्कार" "चिकित्सा उपचार" "कार्यालय व्यय" "सहायता अनुदान" के अंतर्गत शामिल कर सकते है।

इस मामले पर सीएजी के वर्ष 2008-09, 2010-11, 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं.1 और वर्ष 2014-15 हेतु प्रतिवेदन सं. 50 में टिप्पणी की गई थी। विभाग ने सूचित किया (जुलाई 2015) कि ₹100 करोड़ की संचित निधि से कोई व्यय नहीं किया गया था तथा प्रारम्भ से ही इस निधि में कोई ब्याज भी क्रेडिट नहीं किया गया था। इसने आगे बताया (जून 2016) जून 2014 में मॉनीटरिंग कक्ष, व्यय विभाग को पिछले पैरा पर अंतिम ए.टी.एन. पहले ही प्रस्तुत कर दिया था।

हालांकि, मंत्रालय का उत्तर यह स्वीकार नहीं करता कि लेखापरीक्षा ने कभी भी आईटीडब्ल्यूएफ के साथ आगे बढ़ने की विभाग की कार्रवाई के साथ सहमति नहीं जताई थी। बल्कि, एटीएन के उत्तर में भी, लेखापरीक्षा की पुनरीक्षण टिप्पणियों ने आईटीडब्ल्यूएफ के बंद होने और भारतीय समेकित निधि में कथित निधि में उपलब्ध शेष की कथित निधि में क्रेडिट करने की बात को दोहराया था।

2.3.8 बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में निरंतर प्रतिकूल अंत शेष

बीड़ी श्रमिक क्ल्याण निधि को बीड़ी स्थापनाओं में लगे व्यक्तियों के कल्याण को प्रोत्साहित करने हेतु उपायों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिए बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि अधिनियम, 1976 के अंतर्गत लोक लेखे[4] में सृजित किया गया था। इस उद्देश्य हेतु, सरकार ने उत्पादित बीड़ियों पर उत्पाद शुल्क के रूप में एक उपकर को प्रारम्भ किया। उपकर के संग्रहण को प्रांरम्भ में सीएफआई को क्रेडिट किया जाता है तथा बाद में विनियोग के माध्यम से लोक लेखे में बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि को अंतरित किया जाता है।

निधियों में से प्राप्तियों से काफी अधिक व्यय होने के कारण वर्षों से बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में प्रतिकूल शेष हुआ था। 2011-12 से 2015-16 की

[4] एमएच 8229.200 - अन्य विकास तथा कल्याण निधि

अवधि के दौरान बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में व्यय, प्राप्तियों तथा अंत शेष के संबंध में समग्र स्थिति, जैसा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के विनियोग लेखे के साथ चिन्हित निधि लेखे ने उजागर किया है, को **चार्ट 2.1** में दर्शाया गया है।

चार्ट 2.1: बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में निरंतर प्रतिकूल अंत शेष

विभाग द्वारा मिलान के बाद वर्ष 2011-12 का अंत शेष परिवर्तित किया गया।

उपरोक्त चार्ट दर्शाता है कि 2011-12 से 2015-16 की अवधि के दौरान निधि में निरंतर प्रतिकूल शेष था, जो कि 2011-12 में (-)₹205.75 करोड़ से 2015-16 में (-)₹172.58 करोड़ तक गया।

इस मामले पर वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14 और 2014-15 को समाप्त वर्ष हेतु नियंत्रक महालेखापरीक्षक के संघ सरकार के लेखे पर प्रतिवेदन में टिप्पणी भी की गयी थी।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय लेखापरीक्षा अभियुक्तियों पर सहमत हुआ (अगस्त 2016) तथा कहा कि बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि के अंतर्गत प्रतिकूल शेषों को भविष्य में निपटान किया जायेगा।

2.3.9 महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत शेषों का अनियमित प्रतिधारण

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने तथा उनमें बचत आदत को बढ़ावा देने के लिए महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा योजना का नोडल अभिकरण होने से, अक्टूबर 1993 में महिला समृद्धि योजना (एम.एस.वाई) को शुरू किया गया था। योजना के अतंर्गत, 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु वाली ग्रामीण महिलाएं अपने स्वंय के क्षेत्र के ग्रामीण डाक घर में अपना

बचत खाता खोल सकती है। जमा का शीर्ष 8013.60.101- ग्रामीण महिलाओं के लिए महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत लोक लेखे में हिसाब रखा जाता था।

योजना को इस शर्त के साथ जुलाई 2001 से बंद कर दिया गया था कि एमएसवाई खाते को या तो बचत बैंक खाते (एसबी) में परिवर्तित किया जाए या फिर आहरण की अनुमति प्रदान करके खाते को बंद किया जाए। तथापि, यह पाया गया था कि 31 मार्च 2016 को शीर्ष 8013.60.101-ग्रामीण महिलाओं के लिए महिला समृद्धि योजना के अतंर्गत ₹2.92 करोड़ की राशि पड़ी थी। वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, विभाग द्वारा ₹6.50 लाख की थोड़ी सी राशि का समायोजन किया गया है।

विभाग ने अपने उत्तर (जुलाई 2016) में कहा कि एमएसवाई खाता बन्द करने या एसबी खाते में परिवर्तित करने के लिए सीपीएमजी के द्वारा कार्रवाई करने हेतु डाक निदेशालय के एफएस डिविजन को सलाह दी गई है।

2.4 डाटा प्रमाणिकता एवं समाधान संबंधी मुद्दे

2.4.1 कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना के विशेष जमा के शेषों में असंगति

वित्तीय वर्ष 2015-16 के संघ सरकार वित्त लेखे के विवरणी सं. 14 में लोक लेखे[5] में कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना के विशेष जमा के अंतर्गत ₹2,001.27 करोड़ क्रेडिट शेष पड़ा था। तथापि, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) द्वारा अनुरक्षित कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना, 1976 (ईडीएलआई) के तुलन पत्र में 31 मार्च 2016 तक ₹8,149.86 करोड़ का अंत शेष लोक लेखे में दर्शाया गया था। इस प्रकार, दोनों आंकड़ों में ₹6,148.59 करोड़ का अंतर था। वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के सीएजी रिपोर्ट में पिछले वर्ष के आंकड़ों के दो सेटों में अंतर से संबंधित टिप्पणी की गई थी।

दिसम्बर 2013 में, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि ईपीएफओ तथा संघ सरकार वित्त लेखे के तुलन पत्र के अनुसार ईडीएलआई योजना की विशेष जमा के शेष में विसंगति है तथा इसे आरबीआई के परामर्श के साथ

[5] एमएच 8012.124 - कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना की विशेष जमा

पुनर्मिलान करना चाहिए। तथापि, लगभग तीन वर्षों की चूक के बावजूद, मामले पर प्रगति नहीं पाई गई है।

2.4.2 पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण का गलत दर्शाया जाना

पोत परिवहन विकास निधि समिति (एसडीएफसी) को 1986 से समाप्त कर दिया गया था तथा इसकी परिसंपत्तियों एवं देयताएं एसडीएफसी (उन्मूलन) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के अनुसार केन्द्र सरकार को हस्तांतरित हो गयीं। वर्ष 2015-16 के संघ के वित्त लेखे की विवरणी सं.15 की संवीक्षा से प्रकट हुआ कि ₹(-)231.71 करोड़ (डेबिट) का निवल ऋण, जैसाकि नीचे **तालिका 2.2** में ब्यौरा दिया गया है, अभी तक एसडीएफसी के प्रति बकाये के रूप में दिखाया जा रहा था, जबकि एसडीएफसी की सभी परिसम्पत्तियॉ एवं देयताएं केन्द्र सरकार को पहले ही हस्तांतरित हो गयी थी।

तालिका 2.2: एसडीएफसी को ऋणों का गलत चित्रण

शीर्ष का नाम	राशि (₹ करोड़ में)
7052-01-101-पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण	53.83 डे.
7052-60-101-पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण	8.59 डे.
7052-02-101-पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण	(-)294.13 डे.
कुल	**(-)231.71 डे.**

जनवरी 2015 में, लेखा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय ने बताया कि भारत सरकार ने पहले के एससीआईसीआई लि. को नियुक्त किया था, जिसका बाद में एसडीएफसी पोर्टफोलियो को प्रबंधित करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने, जिसे शिपिंग/फिसिंग कम्पनियों से ऋणों की शीघ्र वसूली हेतु उपयुक्त समझा जाए, हेतु अपने नामित व्यक्ति के रूप में आईसीआईसीआई बैंक के साथ विलयन कर दिया गया था। उसने आगे बताया कि आईसीआईसीआई बैंक ने ऋणों का ब्यौरा दिए बिना मूलधन तथा उस पर ब्याज के रूप में धन को सरकारी खातों में वापस रख दिया था। आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त राशियों को सरकारी ऋण शीर्ष में जमा कर दिया गया था जिसका परिणाम अन्य शीर्षों में प्रतिकूल शेष में हुआ। इस

मामले को समाधान हेतु आईसीआईसीआई बैंक तथा वित्तीय सेवाएं विभाग के साथ पहले ही उठाया गया था।

नवम्बर 2015 में अपने अनुवर्ती उत्तर में, आर्थिक मामला विभाग ने बताया कि मामले को पहले ही आईसीआईसीआई और पीएओ (बैंकिंग) के साथ उठाया गया है और उन्हें वर्तमान वर्ष के दौरान प्रतिकूल शेष को परिसमाप्त करने की आशा है। इस मामले को वर्ष 2012-13 और 2013-14 के प्रतिवेदन सं. 1 और वर्ष 2015 के प्रतिवेदन सं. 50 में इंगित किए जाने के बावजूद सुलझाया नहीं जा सका है।

2.4.3 निष्क्रिय निधियां तथा जमाएं

निधियां एवं जमा लोक लेखे का एक हिस्सा बनाते हैं, जिसमें उस संबंध में लेन-देनों को दर्ज किया जाता है जिसमें सरकार प्राप्त धन को वापस करने की देयता तथा उसमें से पुनर्भुगतान करती है। आरक्षित निधि के सृजन में आमतौर से भारत की समेकित निधि से लोक लेखा में राशि का अंतरण जिसे विशेष उद्देश्यों हेतु उपयोग किया जाना है, शामिल है। दूसरी ओर जमाकर्ता द्वारा प्रतिभूति के रूप में तथा/या जमाकर्ता की ओर से सरकार द्वारा कुछ काम निष्पादित करवाने हेतु किए गए सरकार के जमा शामिल है। निष्क्रिय निधियां/जमा उन निधियों अथवा जमा का गठन करती हैं जो लम्बे समय से प्रचालन में नहीं है तथा उनकी उपयोगिता समाप्त तथा लेखे अव्यवस्थित हो चुके होंगे। लोक लेखे में निष्क्रिय निधियों जमा को बंद करने तथा उनके शेष को वापिस भारत की समेकित निधि को अंतरित किये जाने की आवश्यकता है।

वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने दर्शाया कि 2015-16 के अंत तक समग्र शेष ₹1,538.27 करोड़ वाली 43 निधियां/जमा[6], जैसा **अनुबंध 2.4** में शामिल किया गया है, सात से 28 वर्षों के बीच की अवधि तक निष्क्रिय पड़े थे।

अधिकांश मामलों में, छोटी राशियों पड़ी हैं तथा उनकी निरंतरता किसी उद्देश्य को पूरा नहीं करती है। इन मामलों की समीक्षा की जानी चाहिए तथा

[6] 13 आरक्षित निधियां, 25 जमा और 5 अन्य देयता

इस प्रकार के शेषों को भारत की समेकित निधि में जमा कर निधियों/जमा को बन्द किए जाने की आवश्यकता है।

सीजीए ने बताया (अगस्त 2016) कि वह प्रत्येक वर्ष निष्क्रिय निधियों की समीक्षा करने तथा यदि संभव हो पाए तो सीएफआई को शेष क्रेडिट करके कथित निधियों के समापन पर विचार करने के लिए महालेखाकार को छोडकर संबंधित लेखांकन प्राधिकारियों को लिख रहे थे।

सीएजी के 2013, 2014 और 2015 की लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं.1 और 2015 की प्रतिवेदन सं. 50 में इस विषय में टिप्पणी की गयी थी, परंतु कोई प्रत्यक्ष कार्रवाई नहीं की गई थी।

2.4.4 अन्य विसंगतियां

2.4.4.1 गारंटी शुल्क में विसंगतियां

विवरणी सं. 4 में 2015-16 के दौरान प्राप्त गारंटी शुल्क ₹ 778.76 करोड़ की राशि को दर्शाता है जबकि विवरणी सं. 8 शीर्ष 0075.108 - गारंटी शुल्क के अंतर्गत ₹ 779.42 करोड़ के आंकड़े को दर्शाती है। सीजीए ने उत्तर दिया (अगस्त 2016) कि ₹ 0.66 करोड़ का अंतर रेलवे के आंकड़ों के कारण है तथा मामले को रेल मंत्रालय के साथ उठाया गया है। उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है।

2.4.4.2 संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं.11 में सूचना का अधूरा दर्शाया जाना

वित्त लेखे की विवरणी सं.11 सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, अन्य संयुक्त स्टाक कम्पनियों, सहकारी बैंकों तथा समितियों आदि में संघ सरकार के निवेश का ब्यौरे प्रदान करती है।

वि.व. 2015-16 हेतु विवरणी सं. 11 में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई है जैसा **तालिका 2.3** में ब्यौरा दिया गया है।

तालिका 2.3: पीएसयू में सरकारी निवेश में विसंगतियां

क्र. सं.	पीएसयू का नाम	अभ्युक्ति		टिप्पणियां
1.	भारत इलेक्ट्रानिक लि. बंगलोर	संघ सरकार वित्त लेखे 2015-16 के अनुसार 31 मार्च 2016 को प्रगामी निवेश ₹60.01 करोड़ था, जबकि महानियंत्रक रक्षा लेखा (सीजीडीए) के अनुसार प्रगामी निवेश ₹180.04 करोड़ था।		सीजीडीए ने बताया (अगस्त 2016) कि मामला रक्षा पीएसयू के साथ उठाया गया था।
2.	भारत डायनोमिक्स लि. हैदराबाद	संघ सरकार के वित्त लेखे 2015-16 के अनुसार 31 मार्च 2016 को प्रगामी निवेश ₹115 करोड़ था जब कि महानियंत्रक रक्षा लेखा (सीजीडीए) के अनुसार प्रगामी निवेश ₹97.75 करोड़ था।		सीजीडीए ने बताया (अगस्त 2016) कि मामला सीजीए के साथ उठाया गया था तथा स्वीकृति की प्राप्ति पर शोधक उपाय किए जाएंगे।
	पीएसयू का नाम	**सरकारी अंश का अंकित मूल्य (₹करोड़ में)**		**टिप्पणियां**
		2014-15 के वित्त वित्त लेखे की विवरणी सं. 11 के अनुसार	**2014-15 के सीपीएसयू के वार्षिक लेखे के अनुसार**	
3.	हिन्दुस्तान जैव रसायन लिमिटेड	309.50	39.48	विवरणी सं. 11 में 2014-15 की समाप्ति पर ₹270.02 करोड़ तक सरकारी निवेश का अधिकथन
4.	उर्वरक तथा रसायन ट्रावणकोर लिमिटेड	637.77	582.36	विवरणी सं. 11 में 2014-15 की समाप्ति पर ₹55.41 करोड़ तक सरकारी निवेश का अधिकथन
5.	एन्ड्रयू यूल एण्ड कम्पनी लिमिटेड	85.90	58.70	विवरणी सं. 11 में 2014-15 की समाप्ति पर ₹27.20 करोड़ तक सरकारी निवेश का अधिकथन
6.	स्कूटर इण्डिया लिमिटेड	168.61	80.03	विवरणी सं. 11 में 2014-15 की समाप्ति पर ₹88.58 करोड़ तक सरकारी निवेश का अधिकथन
7.	भारतीय पावर ग्रिड निगम लिमिटेड	2925.01	3028.84	विवरणी सं. 11 में 2014-15 की समाप्ति पर ₹103.83 करोड़ तक सरकारी निवेश का कम बताया जाना

		2015-16		
8.	दमन एवं दीव बहु प्रयोजन औद्योगिक विकास निगम	22.01	26.07	विवरणी सं. 11 में ₹4.06 करोड़ तक सरकारी निवेश को कम बताया गया था।

उजागर कमी का निपटान करने हेतु सीजीए द्वारा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों के साथ समन्वय सहित शीघ्र प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

(क) निवेश की अपूर्ण सूचना

निम्नलिखित मामलों में, निवेश के संबंध में पूर्ण सूचना विवरणी सं.11 में उपलब्ध नहीं है। अनुपलब्धता को फुटनोट से बताया गया कि सूचना प्रतीक्षित थी।

तालिका 2.4: निवेश की अपूर्ण सूचना

क्र.सं.	नाम	निवेश का वर्ष	अभ्युक्तियां
1.	राज्य कृषि उद्योग निगम	1966-67 से 2001-02	शेयरों की संख्या तथा इसका अंकित मूल्य
2.	राष्ट्रीय कौशल प्रमाणीकरण एवं मौद्रिक इनाम योजना	2013-14	शेयरों का प्रकार, शेयरों की संख्या तथा इसका अंकित मूल्य
3.	रेल अवसंरचना विकास कम्पनी (कर्नाटक) लिमि.	2002-03 से 2009-10	शेयरों की संख्या तथा इसका अंकित मूल्य
4.	रेलवे ऊर्जा प्रबंधन कम्पनी	2013-14	कुल प्रदत्त पूंजी के प्रति सरकारी निवेश की प्रतिशतता
5.	राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमि.	2015-16	कुल प्रदत्त पूंजी के प्रति सरकारी निवेश की प्रतिशतता
6.	एलगिन मिल्स लिमि. कानपुर	1977-78	कुल प्रदत्त पूंजी के प्रति सरकारी निवेश की प्रतिशतता
7.	टाटा अभियांत्रिकी लोकोमोटिव लिमि.	1971-72	कुल प्रदत्त पूंजी के प्रति सरकारी निवेश की प्रतिशतता

सीजीए ने अपने उत्तर (अगस्त 2016) में बताया कि यह सूचना संबंधित मंत्रालयों/विभागों, जिन्होंने निवेश किया है, द्वारा प्रस्तुत की जानी है। प्रत्येक वर्ष संमीक्षा के दौरान उन्हें अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करने का अनुरोध किया

गया है। अपेक्षित सूचना की लंबित प्राप्ति के लिए इस संबंध में विवरणी में एक फुटनोट डाला गया है।

सीजीए का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि लंबित सूचना का प्रति वर्ष फुटनोट डालना संघ सरकार के निवेशों की स्पष्ट स्थिति नहीं प्रदान करता है।

(ख) लाभाशों के आंकडों में अंतर

लाभांशों की प्राप्तियों में अंतर था जैसा वित्त लेखे की विवरणी सं. 8 तथा विवरणी सं. 11 में दर्शाया गया है जिसका ब्यौरा नीचे **तालिका 2.5** में दिया गया है:

तालिका 2.5: लाभांशों के आंकड़ों में अंतर

(₹ करोड़ में)

अभ्युक्ति	विवरणी- 8[7]	विवरणी-11	अंतर
सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, अन्य संयुक्त स्टॉक कंपनियों सहकारी बैंकों, सोसायटी आदि से लाभांश	112113	112713	600

सीजीए ने बताया (अगस्त 2016) कि विवरणी सं. 8 तथा 11 में दर्शाए लाभांश आंकड़ो में अंतर का समाधान प्रक्रियाधीन है।

(ग) सांवधिक कम्पनियों के संबंध में लाभांशों के भुगतान में कमी

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यय विभाग ने सितम्बर 2014 में अभिकल्पना की कि सभी लाभ बनाने वाले सीपीएसई इक्विटी पर या फिर कर पश्चात लाभ पर, जो भी अधिक हो, 20 प्रतिशत (तेल, पेट्रोलियम, रसायन तथा अन्य अवसंरचना सीपीएसई के मामले में 30 प्रतिशत) का न्यूनतम लाभांश घोषित करेगी।

[7] मुख्य शीर्ष 0050, - रेलयात्री भाड़ा पर करों के बदले लघु शीर्ष 104 अंशदान को छोड़कर

वर्ष 2015-16 हेतु रक्षा मंत्रालय तथा दूरसंचार विभाग के अंतर्गत सांविधिक कम्पनियों के संबंध में लाभांश के भुगतान की संवीक्षा ने प्रकट किया कि वित्त मंत्रालय के वर्तमान प्रावधान के उल्लंघन में सरकारी कम्पनियों द्वारा घोषित लाभांश में ₹349.20 करोड़ की कमी थी (**तालिका 2.6**)।

तालिका 2.6: सरकारी कम्पनियों द्वारा घोषित लाभांश में कमी

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	सीपीएसई[8] का नाम	प्रदत्त पूंजी	कर पश्चात लाभ	2015-16 के दौरान घोषित लांभांश	20% प्रदत्त पूंजी	कर पश्चात लांभाश का 20%	घोषित किए जाना अपेक्षित न्यूनतम लाभांश	कमी
1.	बी.ई.एल.	240	1357.67	45.01	48	271.53	271.53	226.52
2.	बी.ई.एम.एल	41.64	52.65	4.16	8.33	10.53	10.53	6.37
3.	एम.डी.एन.एल.	187.34	118.03	35.41	37.47	23.61	37.47	2.06
4.	बी.डी.एल.	97.75	562.70	67.62	19.55	112.54	112.54	44.92
5.	जी.एस.एल.	29.1	61.89	9.51	5.82	12.38	12.38	2.87
6.	एच.एस.एल.	301.99	19.00	शून्य	60.40	3.80	60.40	60.40
7.	टी.सी.आई.एल.	43.2	21.37	2.58	8.64	4.27	8.64	6.06

मामला एमओडी (वित्त) तथा डीओटी को प्रेषित किया गया था (सितम्बर 2016) फिर भी, उनका उत्तर प्रतीक्षित था।

2.4.4.3 संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं.-15 में विसंगतियां/असंगतियां

संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं. 15 की धारा 3 'अन्य ऋणी इकाइयों अथवा संस्थानों से बकायों में पुनर्भुगतान' को दर्शाती है।

(क) ऋणों के बकायों के संबंध में ब्याज को न दर्शाया जाना

इस प्रकटीकरण की संवीक्षा से पता चला कि कुछ ईकाईयों के संबंध में प्रदान किए गए ऋणों की मूल राशि बकाया है जबकि उन ऋणों के प्रति

[8] 1-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमि., 2-भारत अर्थ मूवर्स लिमि., 3-मिश्र धातु निगम लिमि., 4- भारत डायनिक लिमि., 5-गोवा शिपयार्ड लिमि., 6-हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमि., 7-टेलीकम्यूनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमि.।

बकाया ब्याज को दर्शाया नहीं गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ मामलों में यद्यपि ऋण तथा अग्रिम में प्रतिकूल शेष है फिर भी अभी ब्याजों को इनके प्रति प्राप्त किया गया के रूप में दर्शाया गया है। ऐसे मामलों के ब्यौरे **तालिका 2.7** में दिए गए हैं:

तालिका 2.7: ऋणों के बकायों के संबंध में न दर्शाया गया ब्याज

क्र.सं.	इकाई का नाम	31 मार्च 2016 को कुल बकाया ऋण (₹ करोड़ में)	टिप्पणी
1.	श्री सीताराम शुगर कम्पनी; बैथालपुर, उत्तर प्रदेश	3.48	उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं लोक संवितरण मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि मामलों से संबंधित फाईलें लगभग 25 वर्ष पुरानी थी तथा वह शीघ्र पता लगाने योग्य नहीं थीं। इस मामले को 2015 की लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 50 में भी उजागर किया गया था।
2.	देवरिया शुगर मिल्स, देवरिया उत्तर प्रदेश	3.63	
3.	राजा बुलन शुगर लि. रामपुर, उत्तर प्रदेश	1.06	

(ख) ऋणों तथा अग्रिमों के प्रतिकूल शेषों के प्रति क्रेडिट किया गया ब्याज

निम्नलिखित मामलों में ब्याज ऋण तथा अग्रिम के प्रतिकूल मूल राशि के प्रति क्रेडिट किया गया था।

तालिका 2.8: ऋणों तथा अग्रिमों के प्रतिकूल शेषों के प्रति क्रेडिट किया गया ब्याज

(₹ लाख में)

क्र.स.	शीर्ष	01.04.2015 को शेष	31.03.2016 को शेष	क्रेडिट किया गया ब्याज
1.	7601.04.411-सहयोग-क्रेडिट सहकारिता	-325.22	-326.87	0.22
2.	7601.04.413-अन्य सहकारिताएं	-16.86	-14.73	1.38
3.	7601.04.436-फसल कृषि वाणिज्यिक फसलें	-1312.83	-1350.28	28.61
4.	7601.04.443-फसल कृषि-अन्य ऋण	-3367.15	-3388.37	229.20
5.	7601.04.501-मृदा एवं जल संरक्षण-मृदा सरंक्षण योजनाएं	-962.29	-990.04	30.39
6.	7610.00.203-अन्य वाहनों की खरीद हेतु अग्रिम	-3910.98	-3936.64	198.54

क्र.सं. 1 से 5 में शीर्षों के संबंध में कृषि मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि इन शीर्षों के प्रति प्रतिकूल शेष 13वें वित्त आयोग की सिफारियों की अनुपालन में ऋणों को बट्टे खाते में डालने के कारण है। ऋणों के बट्टे-खाते में

डालने के बावजूद इन शीर्षों के अंतर्गत विभिन्न राज्य सरकारों से क्रेडिट प्राप्त किए गए थे। इसने आगे बताया कि वर्ष 2015-16 में पिछले वर्ष से संबंधित सुधार/समायोजन के कारण ब्याज क्रेडिट किया गया था।

उत्तर ऋण एवं अग्रिम के संबंध में उपयुक्त लेखांकन क्रियाविधि के अभाव को दर्शाता है क्योंकि ऋणों को बट्टे खाते में डाला गया था तथा अभी भी पिछले वर्ष से संबंधित ब्याज 2015-16 में भी संघ सरकार के खाते में वापस क्रेडिट किया जा रहे थे।

क्र.सं. 6 के संबंध में, सीजीए ने बताया (अगस्त 2016) कि मामले को रेल, डाक तथा यूटी चण्डीगढ़ मंत्रालयों के साथ उठाया गया है तथा उत्तर प्रतीक्षित थे।

(ग) ऋणों तथा अग्रिमों के प्रतिकूल शेषों के प्रति पुनर्भुगतान

निम्नलिखित मामलों में, ऋणों तथा अग्रिमों का पुनर्भुगतान ऋण तथा अग्रिम के प्रतिकूल शेषों के प्रति किया गया था।

तालिका 2.9: ऋणों तथा अग्रिमों के प्रतिकूल शेषों के प्रति पुनर्भुगतान

(₹ लाख में)

क्र. सं.	शीर्ष	01.04.2015 का शेष	वर्ष के दौरान ऋण का पुनर्भुगतान	31.03.2016 का शेष
1	7601.03.413-सहयोग क्रेडिट सहाकारिताएं	-41.84	0.05	-41.89
2	7601.03.501-मृदा एवं जल संरक्षण-मृदा संरक्षण योजना	-21.23	0.62	-21.85
3	7601.04.411- सहयोग क्रेडिट सहाकारिता	-325.22	1.65	-326.87
4	7601.04.436- फसल कृषि वाणिज्यिक फसले	-1312.83	37.45	-1350.28
5	7601.04.443-फसल कृषि- अन्य ऋण	-3367.15	21.22	-3388.37
6	7601.04.501-मृदा एवं जल संरक्षण-मृदा संरक्षण योजनाएं	-962.29	27.75	-990.04
7	7602.04.412- सहयोग - उपभोक्ता सहकारिता	-0.14	5.79	-5.93

कृषि मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि राज्य सरकार से 2015-16 में ऋण का कोई पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ था। पुनर्भुगतान को वर्ष 2015-16 में पिछले वर्ष से संबंधित सुधार/समायोजन के कारण दर्ज किया गया था।

उत्तर दोषपूर्ण लेखांकन क्रियाविधि को दर्शाता है क्योंकि पिछले वर्षों के ऋण के पुनर्भुगतान को 2015-16 में क्रेडिट किया जा रहा था। यहां तक की मंत्रालय भी यह बताने की स्थिति में नहीं है कि पुनर्भुगतान किस वर्ष से संबंधित है।

(घ) ऋण के नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप न दिया जाना

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली को ₹29.29 करोड़ के ऋण 1994-95 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिये गये थे परंतु ऋणों के नियमों एवं शर्तों के 21 वर्षों के अंतराल के बाद भी अंतिम रूप नहीं दिया गया था।

सीजीए ने उत्तर दिया (अगस्त 2016) कि इस मुद्दे को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए कई बार रखा गया था।

यह मुद्दा सीजीए के 2000 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 1 से लेकर 2015 के प्रतिवेदन सं. 50 में उजागर हुआ था। प्रशासनिक मंत्रालय का यहां प्रदत्त ऋणों की वसूली एवं उसके अन्य पहलुओं को लेकर अगंभीर रूप दिखायी देता है।

(ङ) 20 वर्षों से अधिक के लिए बकाया में ऋण तथा अग्रिम

वर्ष 2015-16 हेतु संघ सरकार द्वारा तैयार विवरणी-सं. -15 ऋणों तथा अग्रिमों की संवीक्षा ने प्रकट किया कि 31 मार्च 2016 को राज्य/यूटी सरकार तथा अन्य ईकाईयों के प्रति बकाया कुल ऋण ₹2,56,353.52 करोड़ था। इसमें से ₹26,333.68 करोड़[9] के पुनर्भुगतान को 2 वर्ष से 50 वर्षों के बीच बकाया में ऋणों तथा अग्रिमों के रूप में दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त, ₹26,333.68 करोड़ की राशि में से ₹11,321.87 करोड़ (42.99 प्रतिशत) गैर-

[9] ₹26,333.68 करोड़ राज्यों तथा यूटी के प्रति लंबित है तथा ₹21,583.95 करोड़ ऋणी ईकाईयों या संस्थानों के प्रति लंबित है।

वसूली के कारण 20 वर्षों (₹10 करोड़[10] से अधिक के मामले) से अधिक बकाया रहा है। इसके अतिरिक्त, इसी अवधि के लिए मूल राशि पर ब्याज होने से ₹29,770.45 करोड़ की राशि भी बकाया में रही। यह दर्शाता है कि ऋणों तथा अग्रिमों की भारी राशि, जिसके पुनर्भुगतान बकाया में है, की वसूली करना असंभावित है **(अनुबंध 2.5)**।

अपने उत्तर (जुलाई 2016) में सीजीए ने बताया कि ऋणों की वसूली तथा मूल एवं ब्याज राशि के भुगतान की संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा निगरानी की गई थी। तथापि संबंधित मंत्रालय/विभाग को प्रेषित किए जा रहे है तथा लेखापरीक्षा को उचित समय पर सूचित किया जाएगा।

2.4.5 सीमा-शुल्क प्राप्तियों का कम बताया जाना

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, अग्रिम सीमा-शुल्क प्राप्ति जो किसी भावी अवधि से संबंधित हो, को लोक लेखे के अंतर्गत एक अस्थायी उच्चंत शीर्ष (8658.136 - प्राप्ति शीर्ष को अंतरण हेतु प्रतीक्षित सीमा शुल्क प्राप्तियां) के अंतर्गत रखा जाता है। अग्रिम प्राप्तियों को भारतीय समेकित निधि (सीएफआई) में उस वर्ष में क्रेडिट किया जाता है जिससे यह संबंधित है।

वित्त लेखे की संवीक्षा से पता चला कि 2015-16 में अथ शेष के रूप में अस्थायी उचंत शीर्ष के अंतर्गत ₹20.75 करोड़ उपलब्ध थे। इसे भारत की समेकित निधि में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सीमा शुल्क प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना था। ₹1.02 करोड़ की राशि का 2015-16 के दौरान निपटान किया गया था तथा ₹19.73 करोड़ का अंत शेष उचंत शीर्ष के अंतर्गत दर्ज रहा था। इसका परिणाम वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹19.73 करोड़ तक भारत सरकार की सीमा शुल्क प्राप्तियों के कम बताए जाने में हुआ।

अपने उत्तर (अगस्त 2016) में सीजीए ने बताया कि यह राशि 2016-17 के दौरान अंतिम शीर्ष में अंतरित कर दी जाएगी।

[10] अन्य इकाईयों के मामले में।

2.5 लेखाओं की परिशुद्धता को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक

संघ सरकार के वित्त लेखे 2015-16 की परिशुद्धता कारकों जैसे (i) उचंत शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेषों की बड़ी संख्या का होना, जिनका अंतिम वर्गीकरण शेष है; (ii) ऋण, जमा एवं प्रेषित धन (डीडीआर) लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्रतिकूल शेषों की बढ़ती संख्या तथा मात्रा से प्रतिकूल रूप से प्रभावित है।

वर्ष 2015-16 हेतु प्रमुख उचंत लेखे के अंतर्गत बकाया शेषों की समीक्षा कार्यालय महालेखा नियंत्रक में की गयी थी। लेखापरीक्षा निष्कर्षों के ब्यौरे आगे के पैराग्राफों में दिये गये हैं :

2.5.1 मुख्य उचंत लेखाओं के अन्तर्गत बकाया शेष

"उचंत शीर्ष" नामित लेखे के कुछ मध्यवर्ती/समायोजक शीर्ष उन प्राप्तियों एवं भुगतान के लेन-देन को प्रदर्शित करने के लिए सरकारी लेखाओं में खोले गए हैं जिन्हें उनकी प्रकृति की सूचना के अभाव या अन्य कारणों के कारण लेखे के अंतिम शीर्ष में दर्ज नहीं किया जा सकता है। लेखे के इन शीर्षों को ऋणात्मक डेबिट या ऋणात्मक क्रेडिट द्वारा अंतिम रूप से तब समाशोधित किया जाता है जब उनके अंतर्गत राशि को संबंधित लेखाशीर्षों को दर्ज किया जाता है। यदि ये राशियॉ समाशोधित नहीं होती हैं तो उचन्त शीर्ष के अंतर्गत शेष संचित होगा तथा सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय को यह सही रूप में प्रदर्शित नहीं करेगा।

उचंत शेषों के लिए खाता बही को वेतन एवं लेखा कार्यालयों (पीएओ) द्वारा उप/विस्तृत शीर्ष-वार, जैसा भी आवश्यक हो, तथा प्रधान एओ द्वारा पीएओ द्वारा आवधिक रूप से प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर लघु शीर्ष वार अनुरक्षित किया जाना है। संबंधित प्रधान लेखा कार्यालय के मुख्य लेखा नियंत्रक से अपेक्षित है कि वह उचंत शेषों की समीक्षा करें तथा मॉनीटरिंग उद्देश्य हेतु महा-लेखा नियंत्रक (सीजीए) को सूचित करे।

31 मार्च 2016 को सिविल, रक्षा, रेलवे, डाक तथा दूरसंचार सहित संघ वित्त लेखे में उचंत शीर्षों के अन्तर्गत कुल निवल शेष ₹22,119.80 करोड़ (डेबिट) था। इस शेष में सिविल के संबंध में ₹2,332.43 करोड़ (डेबिट), रक्षा हेतु

₹14,404.02 करोड़ (डेबिट), रेलवे हेतु ₹1,802.06 करोड़ (डेबिट), डाक हेतु ₹2,602.40 करोड़ (डेबिट), दूरसंचार हेतु ₹154.79 करोड़ (क्रेडिट) तथा भारत सरकार क्षतिपूर्ति विमोचन (ईराक को परियोजना निर्यात) बंधपत्र, 2001 के संबंध में ₹1,133.68 करोड़ (डेबिट) शामिल है। वित्त लेखे उचंत शीर्ष के अंतर्गत निवल शेषों को दर्शाते हैं। इन शीर्षों के अंतर्गत सही शेषों को केवल विभिन्न उचंत शीर्षों के अंतर्गत डेबिट तथा क्रेडिट शेषों को अलग से निवल करके परिकलित किया जा सकता है। डेबिट/क्रेडिट शेषों को निवल करने से वित्त लेखे में उचंत शेषों की अत्यधिक न्यूनोक्ति होती है। पिछले तीन वर्षों के लिए सिविल मंत्रालयों (मुख्य शीर्ष - 8658) के संबंध में मुख्य उचंत शीर्षों के अन्तर्गत उचंत शीर्षों की स्थिति **तालिका 2.10** में दी गई है:

तालिका 2.10 : सिविल मंत्रालयों के संबंध में मुख्य उचंत शीर्षों के अंतर्गत उचंत शेष

(₹ करोड़ में)

शीर्ष	2013-14		2014-15		2015-16	
	डेबिट	क्रेडिट	डेबिट	क्रेडिट	डेबिट	क्रेडिट
101-पीएओ उचंत	2737.37	156.44	2532.65	532.93	2630.22	588.76
निवल	**डेबिट 2580.93**		**डेबिट 1999.72**		**डेबिट 2041.46**	
102-उचंत लेखा (सिविल)	1194.54	4670.36	1130.15	5292.32	1175.93	5982.81
निवल	**क्रेडिट 3475.83**		**क्रेडिट 4162.17**		**क्रेडिट 4806.88**	
107-नगद निपटान उचंत लेखा	497.97	36.34	497.80	36.34	413.60	36.33
निवल	**डेबिट 461.63**		**डेबिट 461.46**		**डेबिट 377.27**	
108-पी.एस.बी. उचंत	5969.95	2988.75	3688.87	3222.01	5982.12	2273.08
निवल	**डेबिट 2981.20**		**डेबिट 466.86**		**डेबिट 3709.04**	
109-रिजर्व बैंक उचंत (मु.)	11.37	185.41	11.59	185.07	12.31	297.06
निवल	**क्रेडिट 174.04**		**क्रेडिट 173.48**		**क्रेडिट 284.75**	
110-रिजर्व बैंक उचंत केन्द्रीय लेखा कार्यालय	58.39	502.62	51.17	1158.25	56.15	541.24
निवल	**क्रेडिट 444.23**		**क्रेडिट 1107.08**		**क्रेडिट 485.09**	
115- विदेश में क्रय इत्यादि हेतु उचंत लेखा	1941.34	52.00	978.30	0.0001	1991.46	0
निवल	**डेबिट 1889.34**		**डेबिट 978.30**		**डेबिट 1991.46**	
129-सामग्री क्रय निपटान उचंत लेखा	212.08	78.32	210.27	66.86	212.32	61.09
निवल	**डेबिट 133.76**		**डेबिट 143.41**		**डेबिट 151.23**	

136-प्राप्ति शीर्ष में अन्तरण हेतु प्रतीक्षित सीमा शुल्क प्राप्तियां	--	223.26	--	20.75	--	19.73
निवल	**क्रेडिट 223.26**		**क्रेडिट 20.75**		**क्रेडिट 19.73**	
138-अन्य नामांकित बैंक (निजी क्षेत्र बैंक) उचंत 1939 के युद्ध से संबंधित लेन-देन	51.98	593.43	5.60	550.22	196.20	607.33
निवल	**क्रेडिट 541.45**		**क्रेडिट 544.62**		**क्रेडिट 411.13**	

यह देखा जा सकता है कि पीएओ उचंत, उचंत लेखे (सिविल), रिजर्व बैंक उचंत (मुख्यालय), विदेश में क्रय हेतु उचंत-लेखा तथा अन्य नामित बैंक उचंत लेखा के अंतर्गत डेबिट तथा क्रेडिट शेष पिछले वर्ष से 2015-16 में बढ़े हैं। सीजीए द्वारा उचन्त लघु शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेषों का वर्ष-वार ब्यौरा अनुरक्षित नहीं किया था।

(क) पीएओ उचंत

पीएओ उचंत में, मार्च 2016 की समाप्ति पर, बकाया डेबिट शेष ₹2,630.22 करोड़ था तथा क्रेडिट शेष ₹588.76 करोड़ था। इस प्रकार, कुल ₹3,218.98 करोड़ का शेष इस शीर्ष से निपटान की प्रतीक्षा में था।

बकाया शेष मुख्य रूप से आपूर्ति विभाग ₹1,517.49 करोड़ (डेबिट), विदेश मंत्रालय ₹658.09 करोड़ (डेबिट), परमाणु ऊर्जा विभाग ₹221.30 करोड़ (क्रेडिट), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ₹234.71 करोड़ (क्रेडिट) तथा केन्द्रीय उत्पाद तथा सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) ₹55.10 करोड़ (क्रेडिट) के संबंध में थे जो दर्शाता है कि इन विभागों/मंत्रालयों द्वारा अन्य पीएओ की ओर से किए गए भुगतानों (डेबिट) या की गई प्राप्तियों (क्रेडिट) को उनके द्वारा 31 मार्च 2016 तक अभी भी वसूल/अदा किया जाना था। विदेश मंत्रालय के पास बकाया शेष प्रमुखत: अधिकारियों की विदेश यात्रा से संबंधित असमायोजित दावों के कारण था, जहाँ आतिथ्य एवं आवास शुल्क मंत्रालय द्वारा अदा किये गये थे। पीएओ उचंत के अंतर्गत बड़े डेबिट तथा क्रेडिट शेष तथा उनका निरंतर संचयन ने महत्वपूर्ण नियंत्रण की कमियों को प्रदर्शित किया।

(ख) उचंत लेखे (सिविल)

31 मार्च 2016 को इस लघु शीर्ष के अंतर्गत बकाया शेष ₹5,982.81 करोड़ (क्रेडिट) और ₹1,175.93 करोड़ (डेबिट) था। ₹7,158.74 करोड़ के कुल शेष का व्यक्तिगत रूप से निपटान किया जाना था, जिसे अंतिम लेखा शीर्ष में दर्ज नहीं किया गया था। मुख्य बकाया शेष आर्थिक कार्य विभाग ₹5,209.92 करोड़ (क्रेडिट), आपूर्ति विभाग ₹597.52 करोड़ (डेबिट), विदेश मंत्रालय ₹640.23 करोड़ (क्रेडिट) और उच्च आयोग ₹435.76 करोड़ (डेबिट) से संबंधित थे।

(ग) विदेशों में क्रय आदि हेतु उचंत लेखे

31.03.2016 को विदेश में क्रय आदि हेतु उचंत लेखा शेष ₹1,991.46 करोड़ (डेबिट) था। यह देखा गया था कि ₹220.51 करोड़ विभिन्न संगठनों से 2007 से बकाया था और प्रमुख ऋणदार थे- भारतीय हेलिकॉप्टर निगम लि. (₹67.24 करोड़), पवन हंस लि. (₹57.44 करोड़), पायराइट्स, फॉस्फेट्स एंड केमिकल लि. (₹24.95 करोड़) तथा कोल इंडिया लि. (डब्ल्यूबी) (₹23.18 करोड़)।

सीएए एंव ए द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से यह पाया गया था कि अनुवर्ती भुगतान विभिन्न आयातकों/परियोजना प्राधिकारियों की ओर से किये गये थे जबकि उनसे पहले किए गए क्रय हेतु भुगतान अभी देय थे। इस मुद्दे को सीएजी के 2015 के प्रतिवेदन सं. 50 में इंगित किया गया था। विदेश मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, अनुदान, लेखा एवं लेखापरीक्षा प्रभाग ने 29 फरवरी 2016 के अपनी कार्रवाई टिप्पण में बताया कि कार्यालय सीएए एवं ए बकाया देयों के शीघ्र समायोजन हेतु लगातार प्रयास कर रहा है। बकाया उचंत राशि को नियमित रूप से मॉनीटर किया गया है और परियोजना कार्यान्वयन प्राधिकारियों को उचंत शेषों का निपटान करने के लिए अनुस्मारक भेजे गये हैं। तथापि, उचंत शेषों की स्थिति विगत वर्ष के ₹978.30 करोड़ के आंकड़े की तुलना में 2015-16 में अधिकता पर थी।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (अगस्त 2016) में बताया कि 31.03.2016 को ₹1,991.46 करोड़ के बकाया उचंत लेखा शेष में से, 2016-17 में ₹1,702.73 करोड़ का निपटान कर दिया गया है और ₹288.71 करोड़ अभी बकाया है।

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र बैंक उचंत (पीएसबी उचंत)

31 मार्च 2016 को बकाया पीएसबी शेष कुल ₹5,982.12 करोड़ (डेबिट) तथा ₹2,273.08 करोड़ (क्रेडिट) था। इस प्रकार, मार्च 2016 की समाप्ति तक ₹8,255.20 करोड़ के कुल शेष का निपटान किया जाना अपेक्षित था। बकाया मुख्य शेष केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) (व्यय) ₹1,072.35 करोड़ (क्रेडिट), केन्द्रीय पेंशन लेखांकन कार्यालय (सीपीएओ) ₹780.82 करोड़ (क्रेडिट), आपूर्ति विभाग ₹285.70 करोड़ (डेबिट), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ₹525.45 करोड़ (डेबिट), केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क (सीबीईसी) ₹527.09 करोड़ (डेबिट), पोत परिवहन मंत्रालय ₹120.24 करोड़ (डेबिट), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ₹437.78 करोड़ (डेबिट), संस्कृति मंत्रालय ₹380.87 करोड़ (डेबिट), विद्युत मंत्रालय ₹158.30 करोड़ (डेबिट), सूचना एवं प्रौघोगिकी मंत्रालय ₹214.01 करोड़ (डेबिट), सामाजिक शिक्षा एवं साक्षरता ₹202.90 करोड़ (क्रेडिट), युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ₹126.85 करोड़ (डेबिट) तथा उच्च शिक्षा ₹105.88 करोड़ (डेबिट) से संबंधित थे।

(ङ) रिजर्व बैंक उचंत, केन्द्रीय लेखा कार्यालय (सीएओ)

मार्च 2016 की समाप्ति तक समाशोधन किये जाने वाले ₹597.27 करोड़ के कुल शेष के साथ, 31 मार्च 2016 को इस लघु शीर्ष के अंतर्गत बकाया शेष ₹56.15 करोड़ (डेबिट) तथा ₹541.12 करोड़ (क्रेडिट) था। बकाया आरबीआई (सीएओ) उचंत शेष मुख्य रूप से पोत परिवहन मंत्रालय ₹367.99 करोड़ (क्रेडिट), वाणिज्य मंत्रालय ₹115.24 करोड़ (क्रेडिट), आपूर्ति विभाग ₹37.68 करोड़ (डेबिट) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ₹8.19 करोड़ (डेबिट) से संबंधित थे।

लेखापरीक्षा ने आगे उचंत शेषों की विस्तार से जाँच हेतु विदेश मंत्रालय का चयन किया और निम्नलिखित पाया:

- उचंत लेखे (सिविल) में वि.मं. के पास 2007-08 में ₹21.39 (डेबिट) करोड़ का अंत शेष था। यह आगे ₹546.21 करोड़ (क्रेडिट) से बढ़ा और इस प्रकार अंत शेष 2008-09 में ₹524.82 करोड़ (क्रेडिट) पर बना रहा। ₹546.21 करोड़ (क्रेडिट) की वृद्धि में काठमांडु के पेंशनधारियों के फरवरी एवं मार्च 2009 से संबंधित ₹309 करोड़ (क्रेडिट) एवं ₹163 करोड़ (- डेबिट) की त्रुटिपूर्ण बुकिंग शामिल थी जिसे अब तक सही नहीं किया गया है। यह भी देखा गया था कि मंत्रालय ने काठमांडु के पेंशनधारियों के 2015-16 से संबंधित ₹41 करोड़ (- डेबिट) के अधिक निपटान को भी दर्ज किया था जिसके फलस्वरूप ₹640.23 करोड़ (क्रेडिट) का विशाल अंत शेष असमायोजित पड़ा रहा।

- उचंत लेखे- पीएसबी के संबंध में, ₹(-) 628 करोड़ (क्रेडिट) एवं ₹(-)41 करोड़ (डेबिट) को दर्ज कर 2015-16 के दौरान उचंत शेष का निपटान किया गया था जिसमें 2012-13 (सितंबर 2012) से संबंधित आरबीआई प्रस्तुति के ₹622.48 करोड़ (₹39.37 करोड़ + ₹539.54 करोड़ + ₹43.57 करोड़) शामिल है। यह देखा गया था कि आरबीआई प्रस्तुति के ₹(-)622.48 करोड़ की प्रविष्टि 2012-13 में छोड़ दी गयी थी और मार्च 2016 में टीई के माध्यम से उसे समायोजित किया गया था। यह दर्शाता है कि मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी प्रविष्टियों पर ध्यान दिया गया है, तंत्र सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

- 2015-16 हेतु शीर्ष रिजर्व बैंक सीएओ के अंतर्गत अथ शेष ₹70.83 लाख (डेबिट) था जो आरबीआई द्वारा दावे के रद् किये जाने के समय ₹(-)203.00 लाख (डेबिट) के गलत वर्गीकरण के कारण ₹(-)153.31 लाख (डेबिट) तक बढ़ गया था। मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि इस गलत वर्गीकरण को अगले वित्तीय वर्ष अर्थात 2016-17 में समायोजित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, शीर्ष-रिजर्व बैंक उचंत मुख्यालय (8658-00-109), परिमंडल-101 के अंतर्गत वर्ष 2015-16 हेतु विद्युत मंत्रालय के 'उचंत शेषों' की समीक्षा के दौरान यह पाया गया था कि अथ शेष को 'शून्य' के रूप में

दर्शाया गया था जबकि, ₹112 करोड़ की राशि को (-) डेबिट के रूप में दर्ज किया गया था।

विभाग ने बताया कथित राशि जो भूलवश शीर्ष-रिजर्व बैंक उचंत मुख्यालय (8658-00-109), परिमंडल-101 के अंतर्गत दर्ज की गई थी उसे 31 मई 2016 को अंतरण प्रविष्टि के माध्यम से मार्च 2016 में सुधार दिया गया था। लेखापरीक्षा ने पाया कि इसे सीजीए द्वारा अपने लेखाओं में नहीं सुधारा गया था।

इसके अतिरिक्त, सीबीडीटी के प्रधान लेखा कार्यालय में शेषों की नमूना जांच ने दर्शाया कि ₹(-)1,52,478.10 करोड़ (डेबिट) एवं ₹(-)45,242.65 करोड़ (क्रेडिट) के शेष वर्ष 2015-16 के अंत तक बकाया थे जिसमें 1988-89 तक की अवधि हेतु ₹43.15 करोड़ का डेबिट शेष और ₹31.85 करोड़ का क्रेडिट शेष बकाया थे।

सीजीए ने बताया (अक्तूबर 2016) कि संबंधित मंत्रालयों/विभागों को संघ सरकार के वित्त लेखाओं की विवरणी सं. 13 की समीक्षा के समय उचंत शेष को परिसमाप्त करने के निर्देश दिए गए थे।

2.5.2 ऋण, जमा एवं प्रेषण (डीडीआर) शीर्षों के अंतर्गत प्रतिकूल शेष की अधिक संख्या

प्रतिकूल शेष वे ऋणात्मक शेष हैं जो उन लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्रदर्शित होते हैं जहाँ ऋणात्मक शेष नहीं होना चाहिए। उदाहरणार्थ, किसी भी ऋण या अग्रिम के लेखांकन शीर्ष के प्रति, ऋणात्मक शेष, प्रदान की गई वास्तविक अग्रिम राशि से अधिक पुनर्भुगतान को इंगित करेगा।

वर्ष 2015-16 हेतु संघ सरकार के वित्त लेखे में, ऋण, जमा एवं प्रेषण शीर्षों के अतंर्गत प्रतिकूल शेषों के 78 मामले हैं जिन्हे **अनुबंध 2.6** में दिया गया है। आठ मामले वर्ष 2015-16 के दौरान प्रतिकूल हो गए तथा शेष 70 मामले पहले के वर्षों से बकाया थे। इनमें एक वर्ष से अधिक से पांच वर्षों तक के 37 मामले, पांच वर्षों से अधिक से 10 वर्षों तक के 15 मामले तथा 10 वर्षों से अधिक पुराने 18 मामले शामिल थे।

सीजीए ने बताया (सितंबर 2016) कि प्रमुख शीर्ष 7601 (क्र.सं. 48-74) के अंतर्गत 27 मामलों में प्रतिकूल शेष 13वें वित्त आयोग के सिफारिश पर शेषों को बट्टे खाते में डालने के कारण था तथा इन शेषों को स्वीकृति करने का मामला वित्त मंत्रालय के सक्रिय विचार प्रक्रिया में था। छः मामलों में, मुख्य शीर्ष 6002 (क्र.सं. 17-21), प्रतिकूल शेष विनिमय दर की भिन्नता के कारण था और उसका संहिताबद्ध प्रक्रियाओं के अनुसार परिसमापन कर दिया जाएगा। शेष में पूर्व- विभागीकृत अवधि (दो मामले) शामिल थे जिसे संबंधित मंत्रालय/विभाग के समक्ष प्रतिकूल शेषों के परिसमापन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए उठाया गया था। तथापि, इसका एक समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से निपटान किए जाने की आवश्यकता है।

2.5.3 'चैक एवं बिल' शीर्ष के अन्तर्गत बकाया शेष

संघ बजट 2013-14 से 2015-16 की अनुदानों के लिए मांग पर टिप्पणियों, संबंधित मंत्रालयों/विभाग के वर्ष 2015-16 के लिए अनुदान के लिए मांग एवं विनियोग लेखाओं की जांच से पता चला कि वर्ष 2013-14 से 2015-16 के दौरान **तालिका 3.10** में दर्शाए गए निम्नलिखित योजनाओं/कार्यक्रमों/ परियोजना के प्रति निधियों का आवंटन एवं व्यय किया गया था।

तालिका 3.10: योजनाओं/कार्यक्रमों/परियोजनाओं के अंतर्गत बजट अनुमान, संशोधित अनुमान एवं वास्तविक व्यय

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	योजनाएं/परियोजनाएं/कार्यक्रम	2013-14			2014-15			2015-16		
		बीई	आर.ई	एई	बीई	आर.ई	एई	बीई	आर.ई	एई
विद्युत मंत्रालय										
1.	डिस्कॉम की ऋण पुर्नसंरचना को वित्तीय सहायता	1500.00	125.40	0.00	400.00	1.00	0.00	74.20	1.00	0.00
शहरी विकास मंत्रालय										
2.	राष्ट्रीय विरासत शहर कार्यक्रम	0.00	0.00	0.00	200.00	200.00	87.00	200.00	200.00	27.22
वस्त्र मंत्रालय										
3.	समेकित वस्त्र पार्क हेतु योजना	300.00	140.00	110.98	240.00	105.00	78.26	240.00	41.32	32.53
4.	हस्तकला अकादमी की स्थापना				30.00	10.00	0.05	50.00	0.00	0.00
5.	उत्तरपूर्वी क्षेत्र में जीओ- वस्त्रों के उपयोग हेतु योजना	114.00	46.00	0.00	85.00	8.00	0.00	85.00	15.00	3.63

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय										
6.	कॉयर उद्योग के कायाकल्प, आधुनिकिकरण और प्रौद्योगिकी उन्नयन (एम.एस.एम.ई.) की योजना	16.00	9.14	6.59	16.00	7.30	4.00	20.00	उ.न.	0.00
7.	परंपरागत उद्योगों के उत्थान हेतु निधि की योजना (एस.एफ.यू.आर.टी.आई.)	55.46	0.50	0.00	60.00	2.00	0.00	50.00	उ.न.	0.00
8.	भारत समावेशी नवाचार निधि	50.00	50.00	16.50	50.00	0.00	0.00	25.00	उ.न.	0.00
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय										
9.	सार्वजनिक सड़क परिवहन पर महिलाओं की सुरक्षा हेतु योजना	0.00	0.00	0.00	50.00	30.50	1.43	653.00	0.00	0.00
भारी उद्योग विभाग										
10.	अति आधुनिक अत्यंत महत्त्वपूर्ण तापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी	0.00	0.00	0.00	100.00	13.23	0.00	50.00	0.00	0.00
औद्योगिक नीति एवं उन्नयन विभाग										
11.	राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास प्राधिकरण (एन.आई.सी.डी.ए.)	0.00	0.00	0.00	100.00	7.60	0.53	45.00	2.12	2.11

बी.ई.-बजट अनुमान; आर.ई. संशोधित अनुमान; ए.ई.- वास्तविक व्यय

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि:

क. आठ योजनाओं/कार्यक्रम/परियोजना(क्रम.सं.1,5,6,7,8,9,10 और 11) में संशोधित अनुमान के दौरान बजट प्रावधान कम कर दिया गया था परंतु इस कम आवंटन का भी बहुत कम व्यय हुआ था।

ख. तीन योजनाओं/कार्यक्रम/परियोजना(क्र.सं.2,3 और 4) में, योजनाओं के अंतर्गत किया गया व्यय वर्ष 2015-16 के लिए बजट अनुमानों के प्रति शून्य प्रतिशत से 13.61 प्रतिशत के बीच ही रहा।

3.20. रक्षा सेवाएं अनुदानों में निरंतर बचतें (लघु-शीर्षवार)

रक्षा सेवाओं के विनियोग लेखाओं की संवीक्षा ने चार अनुदानों के लघु शीर्षों के अन्तर्गत वर्ष 2013-14 से 2015-16 के दौरान बचतों की निरन्तर प्रवृत्ति (₹100 करोड़ से अधिक) प्रकट किया जिसका विवरण **तालिका 3.11** में दिया गया है।

तालिका 3.11: वर्ष 2013-16 के दौरान निरन्तर बचतें

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	अनुदान का विवरण उप मुख्य/लघु शीर्ष	2013-14	2014-15	2015-16
23 -रक्षा सेवाएं -थल सेना (मुख्य शीर्ष- 2076)				
1.	101-थल सेना के वेतन एवं भत्ते (दत्तमत)	291.96	209.11	916.04
25 -रक्षा सेवाएं-वायु सेना (मुख्य शीर्ष- 2078)				
2.	800- अन्य व्यय (दत्तमत)	130.81	107.45	106.05
26 -रक्षा आयुध कारखाने (मुख्य शीर्ष- 2079)				
3.	110- भंडार (दत्तमत)	1130.47	920.47	703.65

4.	800- अन्य व्यय (दत्तमत)	139.04	363.28	107.49
28 - रक्षा सवाओं पर पूंजीगत परिव्यय (मुख्य शीर्ष- 4076)				
01-थल सेना				
5.	102- भारी एवं मध्यम वाहन (दत्तमत)	699.17	1385.50	336.98
6.	103- अन्य उपकरण (दत्तमत)	2033.47	5819.21	6002.17
02-जल सेना				
7.	205- नौसेना डॉकयार्ड (दत्तमत)	1378.84	977.42	500.94
03-वायु सेना				
8.	103- अन्य उपकरण (दत्तमत)	3744.57	7133.62	2594.42

अनुदानों के उपरोकथित शीर्षों में भारी बचतों की निरंतर प्रकृत्ति, निधियों की आवश्यकता से अधिक अनुमान लगाने तथा निरंतर बचतों से बचने हेतु प्रभावी उपचारी उपायों को करने की विफलता की संकेतक है।

3.21 रक्षा सेवा अनुदानों में बचतों का अभ्यर्पण

अनुदान अथवा विनियोग में बचतों का पूर्वानुमान होने पर वित्तीय वर्ष की समाप्ति की प्रतीक्षा किए बिना अभ्यर्पित करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, बचतों को सम्भावित भावी आधिक्यों हेतु भी आरक्षित नहीं किया जाना चाहिए। वर्ष 2015-16 के दौरान प्रभारित खण्डों के अंतर्गत ₹47.12 करोड़ की बचत के प्रति ₹38.00 करोड़ का अभ्यर्पण किया गया था जिसमें अनुदान सं. 28 रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय में ₹2.47 करोड़ का अतिरिक्त अभ्यर्पण शामिल था। दत्तमत खण्ड के अंतर्गत ₹20,560.36 करोड़ की कुल बचत के प्रति ₹21,165.45 करोड़ समग्र अभ्यर्पित राशि का अभ्यर्पण किया गया था। ₹21,203.45 करोड़ की समग्र अभ्यर्पित राशि को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन अभ्यर्पित किया गया था, जैसा कि **तालिका 3.12** में ब्यौरा दिया गया है।

तालिका 3.12 : बचतों एवं अभ्यर्पण का विवरण

(₹ करोड़ में)

अनुदान/विनियोग	बचतें		वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन अभ्यर्पित राशि		अभ्यर्पित न की गई राशि (व्यपगत)	
	प्रभारित	दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत
23 - थल सेना	9.09	972.98	--	1703.74	9.09	(730.76)
24 - नौ सेना	9.29	795.55	8.70	917.30	0.59	(121.75)
25 - वायु सेना	0.09	2452.70	--	2474.61	0.09	(21.91)

26 - रक्षा आयुध कारखाना	4.90	1238.42	3.43	623.34	1.47	615.08
27 - अनुसंधान एवं विकास	0.34	451.14	--	324.33	0.34	126.81
28-रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	23.40	14649.57	25.87	15122.13	(2.47)	(472.56)
कुल	**47.11**	**20560.36**	**38.00**	**21165.45**	**11.58**	**741.89**

नोट: 1. कोष्ठक में दिए आंकडे दर्शाते है कि अभ्यर्पित राशि बचतों से अधिक है।
2. अधिक अभ्यर्पित राशि 'अभ्यर्पित की गई राशि' में शामिल नहीं है।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि:

- ₹753.47 करोड़ (पांच अनुदानों में प्रभारित खण्ड में ₹11.58 करोड़ और दो अनुदानों में दत्तमत खण्ड में ₹741.89 करोड़) की राशि को अभ्यर्पित नहीं किया गया था और अंततः व्यपगत हो गई थी।
- चार अनुदानों के दत्तमत खण्ड और एक अनुदान के प्रभारित खण्ड में, ₹18,894.20 करोड़ की बचत के प्रति ₹20,243.65 करोड़ की कुल राशि अभ्यर्पित की गई थी, जिसका परिणाम ₹1,349.45 करोड़ के अधिक अभ्यर्पण में हुआ ।

उपरोक्त तथ्य त्रुटिपूर्ण बजटीय नियंत्रण तंत्र का स्पष्ट सूचक है।

3.22 निष्कर्ष

संघ सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा आठ अनुदानों/विनियोगों के आठ खण्डो में ₹286.24 करोड़ का अधिक संवितरण किया गया था जो वर्ष 2015-16 के दौरान किए गए विनियोग अधिनियम के प्राधिकरण से अधिक था। इन अधिक व्ययों को संविधान के अनुच्छेद 115 (1) (ख) के अनुसार नियमित किया जाना अपेक्षित है। रक्षा पेंशन तथा रेलवे के अनुदान/विनियोग निरंतर प्राधिकृत राशि से अधिक व्यय कर रहे हैं। बजट बनाने की प्रक्रिया में अन्य कमियां जैसे अनुदानों/विनियोगों में कुल ₹6,54,745.17 करोड़ की बड़ी राशि की बचतें (₹100 करोड़ से अधिक) वर्ष के दौरान बड़ी राशि की अनुपूरक अनुदाने प्राप्त करना जो अंतत: अप्रयुक्त रहीं, वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन बचतों का अभ्यर्पण आदि, दर्शाती है कि संघ सरकार द्वारा आंरभिक बजट तैयार करने की प्रक्रिया के पुर्नविन्यास की आवश्यकता है।

4: विनियोग लेखे: लेखे पर टिप्पणियां

4.1 प्रस्तावना

वित्तीय मामलों में कार्य प्रणाली, वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली (डीएफपीआर) 1978, सामान्य वित्तीय नियम-2005 से संबंधित संवैधानिक प्रावधान एवं वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अन्य स्थायी निर्देश इत्यादि सरकारी निधियों के प्रभावी वित्तीय प्रबंधन तथा सरकारी खातों से किये गये व्यय हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। विनियोग लेखाओं की संवीक्षा के दौरान कई मंत्रालयों/विभागों द्वारा इन सिद्धांतों के उल्लंघन के मामले पाये गये। इस अध्याय में इन मार्गदर्शक सिद्धांतों के उल्लंघन से संबंधित लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ दी गई हैं।

4.2 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 114(3) का उल्लंघन - सी.बी.डी.टी द्वारा करों की वापसी पर ब्याज पर किया गया व्यय

संविधान के अनुच्छेद 114(3) अनुबद्ध करता है कि विधि अनुसार किए गए विनियोग के अतिरिक्त भारत की समेकित निधि (सी.एफ.आई.) से कोई धन आहरित नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त कर की वापसी पर ब्याज का भुगतान सीएफआई पर एक प्रभार है, तथा इसलिए यह केवल विधि अनुसार किए गए उचित विनियोग के अंतर्गत प्राधिकृत किए जाने के पश्चात ही देय है। वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली, 1978 का नियम 8 'ब्याज' को ब्याज व्यय के वर्गीकरण हेतु विनियोग की प्राथमिक इकाई के रुप में परिभाषित करता है।

राजस्व विभाग/केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी.बी.डी.टी.) अतिरिक्त कर की वापसियों पर ब्याज का वर्गीकरण राजस्व में कमी के रूप में कर रहा है, तथा इस गलत प्रक्रिया पर संघ सरकार के लेखाओं पर सीएजी के प्रतिवेदन के साथ-साथ प्रत्यक्ष करों पर सीएजी के प्रतिवेदन में भी निरंतर टिप्पणी की गई हैं, परंतु विभाग द्वारा कोई उपचारी कार्रवाई नहीं की गई है।

इस मामले की जांच लोक लेखा समिति (पी.ए.सी.) द्वारा की गई तथा समिति ने अपनी 66वीं रिपोर्ट (15वीं लोक सभा 2012-13) में पाया, कि विभाग के पास पिछली प्रवृत्तियों के अध्ययन के आधार पर कर वापसियों पर ब्याज देयता पर व्यय के व्यापक अनुमान न बना पाने का कोई वैद्ध आधार नहीं था।। विभाग ने स्वयं माना कि संविधान के अनुच्छेद 266 के अनुसार, उसके पास संसद द्वारा पारित विनियोग कानून की सहायता लिए बिना एकत्रित अतिरिक्त कर एवं

अनुदान वापसियों पर 'ब्याज' के आहरण का कोई कानूनी प्राधिकार नहीं था। इसके अतिरिक्त, समिति ने विभाग को स्मरण करवाया था कि संविधान का अनुच्छेद 114(3) स्पष्ट रूप से अधिदेशित करता है कि विधायिका द्वारा किए गए 'विनियोग' के अतिरिक्त सीएफआई से कोई धन नहीं निकाला जा सकेगा।

अपनी अनुपालन रिपोर्ट (15वीं लोक सभा 2013-14 की 96वीं रिपोर्ट) में पी.ए.सी. ने अपनी पहले की अनुशंसाओं को दोहराया था कि मंत्रालय संवैधानिक प्रावधानों तथा वित्तीय नियमों के अनुरूप एक प्रक्रिया स्थापित करे ताकि वार्षिक वित्तीय विवरणों तथा अनुदान हेतु मांगों में कर वापसियों पर ब्याज भुगतानों को दर्शा कर संसदीय स्वीकृति प्राप्त की जा सके जैसा कि संविधान द्वारा विहित है।

पूर्व की भांति, वित्तीय वर्ष 2015-16 में भी बजट अनुमानों में वापसियों पर ब्याज के लिए कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया था तथा विभाग द्वारा संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए वापसियों पर ब्याज पर कुल ₹7,704 करोड़ का व्यय किया गया था। आवश्यक विनियोग के माध्यम से संसद की स्वीकृति प्राप्त किए बिना पिछले आठ वर्षों की अवधि में ब्याज भुगतानों पर ₹55,939 करोड़ का व्यय किया गया था जिसका विवरण नीचे **तालिका 4.1** में दिया गया है:

तालिका 4.1: करों की वापसी पर ब्याज पर व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	वापसियों पर ब्याज पर व्यय
2008-09	5,778
2009-10	6,876
2010-11	10,499
2011-12	6,486
2012-13	6,666
2013-14	6,598
2014-15	5,332
2015-16	7,704
कुल	55,939

मामला अक्तूबर 2015 में राजस्व विभाग को भेजा गया था। मंत्रालय ने अपने उत्तर (नवम्बर 2015) में बताया कि वित्त मंत्री की स्वीकृति से, अटॉर्नी जनरल के वर्तमान अभ्यास को वैध बताई गई राय के आधार पर पीएसी की सिफारिशें स्वीकार नहीं की गई थी। विभाग ने मार्च तथा अप्रैल 2016 में अपने उत्तर को दोहराया।

अपनी सिफारिशें करने के दौरान पीएसी द्वारा अपने 66वें एवं 96वें प्रतिवेदन में विभाग द्वारा अपने उत्तर में बताये गये कारणों को पहले ही विचारार्थ लिया गया था।

4.3 प्रावधानों के संवर्धन हेतु वैधानिक स्वीकृति प्राप्त करने में विफलता

4.3.1 वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान-सामान्य' के लिए प्रावधान में संवर्धन

नई सेवा (एन.एस.)/सेवा के नए साधन (एन.आई.एस.) से संबंधित मामलों का निर्धारण करते समय लागू की जाने वाली वित्तीय सीमाओं के संबंध में मई 2006 में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी मामलों में भारत की समेकित निधि से किसी निकाय या प्राधिकरण को वस्तु शीर्ष- सहायता अनुदान में पुनर्विनियोग के माध्यम से प्रावधानों में संवर्धन केवल संसद की पूर्व संस्वीकृति से ही किया जा सकता है।

वर्गीकृत सार/ई-लेखा डाटा सहित विनियोग लेखाओं की संवीक्षा ने प्रकट किया कि पांच अनुदानों के पांच मामलों में विभिन मंत्रालयों/विभागों द्वारा संसद की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए बिना विभिन्न निकायों/प्राधिकरणों को वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान-सामान्य' के अंतर्गत प्रावधान के संवर्धन द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान के ₹ **11.32** करोड़ का कुल व्यय किया गया था, जिसके फलस्वरूप एन.एस/एन.आई.एस. की सीमाओं का उल्लंघन हुआ जिसका विवरण **तालिका 4.2** में दिया गया है।

तालिका 4.2: वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान-सामान्य' के प्रावधान का संवर्धन

क्र.सं.	लेखा-शीर्ष	ब.अ•	उ.पू•	अ.प्रा.•	कु.प्रा.•	कु.व्य.•	कु.प्रा. से अधिक व्यय
		(₹ करोड़ में)					
अनुदान सं. 01- कृषि एवं सहकारिता तथा किसान कल्याण विभाग							
1.	3601.02.789.63.03.31 परम्परागत कृषि विकास योजना	0.10	0.10 + 3.00#	-	3.20	12.82	9.62

मुख्य शीर्ष 2552 (एनईआर शीर्ष) के अंतर्गत प्राप्त अनुपूरक

विभाग ने बताया (अगस्त 2016) कि कथित व्यय चालू योजनाओं हेतु राज्य सरकारों से संबंधित था तथा इसलिए वित्त मंत्रालय के का.ज्ञा. दिनाँक 25 मई 2016 के पैरा 5(ii) के अनुसार एनएस/एनआईएस की सीमाओं को लागू नहीं करता था।

विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है। का.ज्ञा. का पैरा 5(ii) का नियम बताता है कि राज्य तथा संघ शासित क्षेत्रों के अंतरणों को इन सीमाओं से छूट प्राप्त है क्योंकि योजना नई नहीं है। व्यय बजट (खण्ड-1) 2015-16 के भाग III के अनुसार परम्परागत कृषि विकास योजना एक नई योजना है। इसलिए कथित लेखाशीर्ष के अंतर्गत प्रावधान का संवर्धन करने के लिए ससंद की पूर्वानुमति प्राप्त की जानी चाहिए थी।

क्र.सं.	लेखा-शीर्ष	ब.अ•	उ.पू•	अ.प्रा.•	कु.प्रा.•	कु.व्य.•	कु.प्रा. से अधिक व्यय
		(₹ करोड़ में)					
अनुदान सं.20-संस्कृति मंत्रालय							
2.	2205.00.102.04.56.31 जलियांवालाबाग स्मारक का विकास	0.01	-	-	0.01	0.02	0.01
मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2016) कि इस शीर्ष के अंतर्गत व्यय को दर्ज किया जाना गलत वर्गीकरण के कारण था तथा ऐसा दोबारा होने से बचने के लिए भविष्य में उचित ध्यान रखा जाएगा।							
अनुदान सं.21-रक्षा मंत्रालय (सिविल)							
3.	3054.02.800.02.00.31 सड़क निर्माण कार्य	26.10	-	-	26.10	26.30	0.20
अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2016) कि सीमा सड़क सगंठन (बी.आर.ओ.) ने सूचित किया था कि संशोधित बढ़ी हुई अनुरक्षण दरों के कारण परियोजना दतक द्वारा निधियों की अतिरिक्त आवश्यकता थी। इसके अतिरिक्त, यह उल्लेख किया गया था कि अनुदान के राजस्व वर्ग के अंतर्गत ₹590.61 करोड़ की कुल बचत थी। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि वस्तु शीर्ष 'सहायता अनुदान सामान्य' के अंतर्गत प्रावधान के किसी भी सवंर्धन को ससंद की पूर्वानुमति अपेक्षित है।							
अनुदान सं.48- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग							
4.	2210.06.107.03.03.31 राष्ट्रीय जैविक संस्थान, नोएडा, (उत्तर प्रदेश)	22.00	-	-	22.00	23.48	1.48
मामला अगस्त 2016 में विभाग को प्रेषित किया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित था (अक्टूबर 2016)।							
अनुदान सं. 61-सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय							
5.	2220.01.105.01.01.31 फिल्म प्रभाग	0.03	-	-	0.03	0.04	0.01
मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि कथित लेखा शीर्ष के अंतर्गत अधिक राशि दर्ज किया जाना गलत वर्गीकरण के कारण था। उन्होंने यह भी बताया (अक्तूबर 2016) कि चूक के सुधार के लिए प्रस्तावित एक जर्नल प्रविष्टि को सीजीए द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि कथित शीर्ष के प्रावधान के सवंर्धन हेतु ससंद की पुर्वानुमति अपेक्षित है। .							
	कुल						**11.32**

• ब.अ.= बजट अनुदान, उ.पू.= मु.शी. *2552/4552/6552,* के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के विकास हेतु प्रावधान, अ.प्रा.= अनुदानों की अनुपूरक मांग के माध्यम से प्राप्त संसद का प्राधिकार/स्वीकृति, कु.प्रा. = कुल प्राधिकरण, कु.व्य.= कुल व्यय *(वर्गीकृत सारांश/ई-लेखा डाटा डम्प के अनुसार)*

4.3.2 वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के प्रावधान का संवर्धन

वित्त मंत्रालय ने अपने का.ज्ञा. दिनांक 12 फरवरी 2010 के द्वारा विनियोग की प्राथमिक ईकाई के स्तर पर पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदानों पर व्यय को विशिष्ट रूप से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2009-2010 से तत्काल प्रभाव से एक नया वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' खोला। मंत्रालय ने दिनांक 21 मई 2012 के का.ज्ञा. से आगे स्पष्ट किया कि वस्तु शीर्ष '35- पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के

अन्तर्गत पुर्नविनियोग के माध्यम से प्रावधान का संवर्धन अनुदानों के लिए पूरक मांगों के माध्यम से संसद के पूर्व अनुमोदन से ही किया जा सकता है।

संवीक्षा से ज्ञात हुआ कि दो अनुदानों के दो मामलों में कुल ₹10.15 करोड़ की निधियां मौजूदा प्रावधानों के उल्लंघन में संसद के पूर्व अनुमोदन बिना वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत संवर्धित की गई थी जिससे एन.एस/एन.आई.एस. की सीमाओं का उल्लंघन हुआ। **तालिका 4.3** उन शीर्षों का ब्यौरा देती है जहाँ संसद के अनुमोदन बिना संवर्धन किया गया था।

तालिका 4.3: वस्तु शीर्ष पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत प्रावधान का संवर्धन

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	ब.अ.*	उ.पू.*	अ.प्रा.*	कु.व्य*	कु.व्य*	कु.प्रा. से अधिक व्यय
		(₹ करोड़ में)					
अनुदान सं.06-आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय							
1.	2210.05.200.01.00.35 केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद को अनुदान	4.00	0.20	3.00	7.20	8.35	1.15
मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि यद्धपि अतिरिक्त बजट वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदाने' के अतंर्गत सं.अ. स्तर पर प्रदान किया गया था फिर भी ससंद की अनुपूरक स्वीकृति अनुदानों हेतु अनुपूरक मांग (एसडीजी) के तृतीय बैच में प्राप्त नहीं की जा सकी थी। उपरोक्त के अनुसार यह स्पष्ट है कि वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत प्रावधान का सवंर्धन ससंद की पुर्वानुमति के बिना किया गया था। .						
अनुदान सं. 48- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग							
2.	2210.05.105.43.00.35 क्षेत्रीय औषधि विज्ञान संस्थान, इम्फाल	0.00	60.92	-	60.92	69.92	9.00
मंत्रालय ने बताया (अक्टूबर 2016) कि क्षेत्रीय औषधि विज्ञान संस्थान, इम्फाल को भविष्य में ऐसे मामलों में अधिक सचेत रहने तथा यह सुनिश्चित करने कि अधिक व्यय के ऐसे मामले भविष्य में न हो, निर्देश दिया गया था।							
	कुल						**10.15**

* ब.अ.= बजट अनुदान, उ.पू.= मु.शी.2552/4552/6552, के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के विकास हेतु प्रावधान, अ.प्रा.= अनुदानों की अनुपूरक मांग के माध्यम से प्राप्त संसद का प्राधिकार/स्वीकृति, कु.प्रा. = कुल प्राधिकरण, कु.व्य.= कुल व्यय (वर्गीकृत सारांश/ई-लेखा डाटा डम्प के अनुसार)

4.3.3 वस्तु शीर्ष '36- सहायता अनुदान-वेतन' के प्रावधान का संवर्धन

वित्त मंत्रालय ने दिनांक 7 जून 2011 के अपने का.ज्ञा. के माध्यम से वेतनों के भुगतान हेतु सहायता अनुदान पर व्यय को विशेष रूप से दर्शाने के उद्देश्य से 01 अप्रैल 2011 से प्रभावी एक नया वस्तु शीर्ष '36-सहायता अनुदान-वेतन' आरंभ किया। मंत्रालय ने दिनांक 21 मई 2012 के का.ज्ञा. द्वारा आगे स्पष्ट किया कि वस्तु शीर्ष '36- सहायता अनुदान-वेतन' के अतंर्गत प्रावधान में संवर्धन करने के लिए अनुदान हेतु अनुपूरक मांगो के माध्यम से संसद का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित है।

वर्ष 2015-16 हेतु युवा मामले एवं खेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान सं. 109 की जांच ने प्रकट किया कि ₹3.57 करोड़ की कुल निधियाँ वर्तमान प्रावधानों के उल्लंघन में संसद के पूर्व अनुमोदन के बिना वस्तु शीर्ष '36-सहायता अनुदान-वेतन' के अंतर्गत संवर्धित की गई थी जिससे एन.एस./एन.आई.एस. की सीमाओं का उल्लंघन हुआ। जैसा **तालिका 4.4** में ब्यौरा दिया गया है

तालिका 4.4: वस्तु शीर्ष 'सहायता अनुदान-वेतन' के प्रावधान का संवर्धन

लेखा शीर्ष	ब.अ.*	उ.पू.*	अ.प्रा.*	कु.प्रा.*	कु.व्य.*	कु.प्रा. से अधिक व्यय
	(₹ करोड़ में)					
अनुदान सं.109- युवा मामले एवं खेल मंत्रालय						
2204.00.104.11.01.36 भारतीय खेल प्राधिकरण-स्थापना एवं कार्यक्रम	206.00	-	-	206.00	209.57	3.57
मंत्रालय ने जब लेखापरीक्षा अभ्युक्ति (जुलाई 2016) को स्वीकार किया तब बताया कि वि.मं. ने संशोधित अनुमान के समय स्टाफ वेतन हेतु बजट सीमा को बढ़ा दिया था। इसलिए ससंद सबंधित शीर्ष को निधियों के पुनर्विनियोजन हेतु टोकन अनुपूरक प्रदान किया गया था। परंतु वि.मं. ने 30 मार्च 2016 को पुनर्विनियोग के प्रावधान को अस्वीकार कर दिया।						

* ब.अ.= बजट अनुदान उ.पू. = मु.शी. 2552/4552/6552, के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के विकास हेतु प्रावधान जैसा कि अ.वि.मां. में दर्शाया गया, अ.प्रा. = अनुदानों की अनुपूरक मांग के माध्यम से प्राप्त संसद का प्राधिकार/स्वीकृति, कु.प्रा. = कुल प्राधिकरण, कु.व्य. = कुल व्यय (वर्गीकृत सारांश/ई-लेखा डाटा डम्प के अनुसार)

4.3.4 वस्तु शीर्ष '33-सब्सिडी' के प्रावधान का संवर्धन

मई 2006 में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, पुनर्विनियोग के माध्यम से वस्तु शीर्ष 'सब्सिडी' के अंतर्गत उपलब्ध विनियोग में प्रावधान के संवर्धन हेतु, यदि अतिरिक्तता, पहले से संसद द्वारा दत्तमत्त मौजूदा विनियोग के 10 प्रतिशत अथवा ₹10 करोड़, जो भी कम है, से अधिक है तो संसद की पूर्वस्वीकृति अपेक्षित है। वित्त मंत्रालय ने आगे 21 मई 2012 को माध्यम से स्पष्ट किया कि वस्तु शीर्ष 'सब्सिडी' के अतंर्गत निधियों के सवंर्धन (या तो निधियों के पुनर्विनियोग अथवा अतिरिक्तता के माध्यम से) हेतु सभी मामलों को बिना किसी छूट के अनुदानों हेतु अनुपूरक मांगो के माध्यम से ससंद की पूर्वानुमति अपेक्षित है।

औधोगिक नीति एवं उन्नयन विभाग से संबंधित अनुदान सं.13 के वर्गीकृत सार सहित विनियोग लेखाओं की संवीक्षा ने प्रकट किया कि संसद की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए बिना वस्तु शीर्ष '33-सब्सिडी' के अंतर्गत प्रावधान के संवर्धन हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान विभाग द्वारा कुल ₹199.97 करोड़ की निधियॉ

व्यय की गई थीं। जिससे एन.एस./एन.आई.एस की सीमाओं का उल्लंघन हुआ जिसका ब्यौरा **तालिका 4.5** में दिया गया है।

तालिका 4.5: वस्तु शीर्ष 'सब्सिडी' के प्रावधान की वृद्धि

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	ब.अ.•	उ.पू.•	अ.प्रा.•	कु.प्रा.•	कु.व्य.•	कु.प्रा. से अधिक व्यय
		(₹ करोड़ में)					
अनुदान सं.13-औद्योगिक नीति एवं उन्नयन विभाग (डी.आई.पी.पी.)							
1.	2885.02.101.04.00.33 केन्द्रीय ब्याज सब्सिडी योजना	0.01		-	0.01	0.41	0.40
2.	2885.02.101.05.00.33 उत्तर पूर्व हेतु व्यापक बीमा योजना	0.01	-	-	0.01	0.23	0.22
3.	2885.02.101.10.00.33 पूंजी निवेश सब्सिडी	0.01	-	-	0.01	199.36	199.35
	कुल						**199.97**

विभाग ने बताया (जुलाई 2016) कि वित्त मंत्रालय के डी.ओ. पत्र सं. एफ. 2 (66)- बी(सीडीएन)/2001 दिनाँक 12 जून 2001 के अनुसार संबंधित योजनाओं को एनईआर के एक मुश्त प्रावधान से निधियों के पुनर्विनियोग की शक्तियाँ मंत्रालय/विभागों के सचिव को प्रदान की गई है जो इन शक्तियों का उपयोग अपने वित्तीय सलाहकारों के सहयोग से कर सकेंगे। उसने आगे बताया (सितंबर 2016) कि डीडीजी 2015-16 ने स्पष्ट रूप से प्रावधान प्रदान किया था कि डीआईपीपी को एनई क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाईयों को योजना उत्तर-पूर्वी औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन (एनईआईआईपी) के अंतर्गत 'सब्सिडी' (विभिन्न प्रकार की) प्रदान करने हेतु ₹200 करोड़ का व्यय करना प्रत्याशित था। सब्सिडी के तीन सघंटको हेतु टोकन प्रावधान ₹1 लाख प्राप्त किया था तथा लगभग ₹199.97 करोड़ का एकमुश्त प्रावधान निष्क्रिय शीर्ष में प्राप्त किया था जिसे एनईआईआईपी सब्सिडियों के तीन सघंटको के बीच बांटा जाना प्रत्याशित था। डीडीजी एनईआईआईपी सब्सिडी का ब्यौरा नहीं दर्शाती थी परंतु वह एन.ई. क्षेत्र के लाभ हेतु एक मुश्त प्रावधान रखने की बजटीय योजना का सारांश है। यह विभाग को औद्योगिक इकाईयों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी, जो योजना के अतंर्गत दर्ज, सत्यापित तथा योग्य पाए गए दावों पर निर्भर है, के संवितरण हेतु नम्यता प्रदान करने हेतु एक लाभकारी बजटीय प्रक्रिया है।

उत्तर तर्कसगंत नहीं है क्योंकि विभाग ने वर्ष 2015-16 के डीडीजी में कार्यात्मक शीर्षों के अंतर्गत योजना-वार ब्यौरा उपलब्ध कराया था। यद्यपि, योजना-वार विश्लेषण गैर-कार्यात्मक शीर्ष के अंतर्गत गायब थी, जिसकी बजट विभाग ओएम सं. एफ.2 (66)-बी(सीडीएन)/2001 दिनांक 14 सितम्बर 2005 के अनुसार आवश्यकता थी। इस संबंध में यह उल्लेख किया जा सकता है कि योजना-वार ब्यौरा वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 के लिए डीडीजी में विभाग द्वारा गैर-कार्यात्मक शीर्ष के अंतर्गत दर्शायी जा रही थी, जो अब बंद की गई है। इस मामले को भी सीएजी के 2015 के प्रतिवेदन सं. 1 तथा 2015 के 50 में बताया गया था। यद्यपि, विभाग द्वारा कोई सुधारात्मक उपाय नहीं किये गये हैं।

* ब.अ.= बजट अनुदान उ.पू. = मु.शी. 2552/4552/6552, के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के विकास हेतु प्रावधान जैसा कि अ.वि.मां. में दर्शाया गया, अ.प्रा. = अनुदानों की अनुपूरक मांग के माध्यम से प्राप्त संसद का प्राधिकार/स्वीकृति, कु.प्रा. = कुल प्राधिकरण, कु.व्य. = कुल व्यय (वर्गीकृत सारांश/ई-लेखा डाटा डम्प के अनुसार)

4.3.5 वस्तु शीर्ष '53 मुख्य निर्माण कार्य' के प्रावधान का संवर्धन

वित्त मंत्रालय ने नयी सेवा/सेवा के नए साधन से संबंधित वित्तीय सीमाओं पर दिशानिर्देश से संबंधित दिनांक 25 मई 2006 के का.ज्ञा. के संदर्भ में स्पष्ट किया (दिनांक 21 मई 2012) कि वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' के अंतर्गत संवर्धन पर एन.एस./एन.आई.एस. के मामलों के संबंध में ₹2.5 करोड़ से अधिक अथवा पहले से दत्तमत्त विनियोग के 10 प्रतिशत से अधिक, की निधियों के संवर्धन से संबंधित सभी मामलों में संसद की पूर्व स्वीकृति अपेक्षित होगी, चाहे संवर्धन नए निर्माण कार्यों के लिए हो अथवा मौजूदा निर्माण कार्यों के लिए।

विनियोग लेखे की संवीक्षा से ज्ञात हुआ कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित अनुदान सं. 83 कुल ₹116.48 करोड़ की निधियों का मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान संसद का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना संवर्धन किया गया जिससे नयी सेवा/सेवा के नये साधनों की सीमाओं का उल्लंघन हुआ। **तालिका 4.6** ऐसे शीर्ष का ब्यौरा देती है जहाँ संसद का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना संवर्धन किया गया था जिससे एन.एस/एन.आई.एस की सीमाओं का उल्लंघन हुआ।

तालिका 4.6: वस्तु शीर्ष 'मुख्य निर्माण-कार्य' के प्रावधान का संवर्धन

(₹ करोड़ में)

लेखा शीर्ष	ब.अ.*	उ.पू.*	अ.प्रा.*	कु.प्रा.*	कु.व्य.*	कु.प्रा. से अधिक व्यय
अनुदान सं. 83- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय						
5054.01.337.02.03.53 उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम "सड़क स्कंध/राज्य पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत निर्माण कार्य"	-	3590.00	-	3590.00	3706.48	116.48

मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2016) कि मु.शी. 4552 के अंतर्गत ₹4000.00 करोड़ का प्रावधान था तथा ₹900 करोड़ को अनुदान हेतु तृतीय अनुपूरक मांग के माध्यम से ससंद की स्वीकृति प्राप्त करके जोड़ा गया था। इसलिए एनईआर के अंतर्गत कुल ₹4900 करोड़ था जिसके प्रति कुल व्यय ₹4845.87 करोड़ था।

आगे सड़क स्कंध (बीआरडीबी) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम (एसएआरपीडी) के अंतर्गत सड़क विकास निर्माण कार्य से एनईआर प्रावधान के अंतर्गत ₹90 करोड़ के अव्ययित शेष का उपयोग करने के लिए गैर-क्रियात्मक शेष '4552' आवंटनों को सचिव की स्वीकृति से ₹90 करोड़ का बीआरडीबी-एसएआरडीपी के सड़क स्कंध- एसएआरडीपी के अंतर्गत निर्माण कार्य को पुर्वनियोजन करके परिवर्तित किया गया था।

मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह मुख्य शीर्ष 4552 पर आधारित है जिसके अंतर्गत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में दो योजनाएं अर्थात् बीआरडीबी तथा एसएआरडीपी थी। लेखापरीक्षा अभ्युक्ति मुख्य शीर्ष 53 मुख्य निर्माण कार्य के अंतर्गत केवल बाद की योजना हेतु है। इसके अतिरिक्ति ₹900 करोड़ हेतु तीसरी अनुपूरक अन्य योजना, सड़क स्कंध योजना एसएआरडीपी निर्माण कार्य के अंतर्गत ली गई थी जो केन्द्रीय सड़क निधि से वित्त पोषित है।

इसके अतिरिक्ति मुख्य शीर्ष 4552 के अंतर्गत सड़क स्कंध/बीआरडीबी के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में से वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' से एनईआर में विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' को निधियों के पुनर्विनियोजन के लिये संसद की पूर्वानुमति अपेक्षित है।

* ब.अ.= बजट अनुदान उ.पू. = मु.शी. 2552/4552/6552, के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के विकास हेतु प्रावधान अ.प्रा. = अनुदानों की अनुपूरक मांग के माध्यम से प्राप्त संसद का प्राधिकार/स्वीकृति, कु.प्रा. = कुल प्राधिकरण, कु.व्य. = कुल व्यय (वर्गीकृत सारांश/ई-लेखा डाटा डम्प के अनुसार)

4.4 पूंजीगत लेखे के बजाय राजस्व लेखे के अंतर्गत तथा प्रतिक्रम में व्यय का गलत वर्गीकरण

भारत के संविधान का अनुच्छेद 112(2) अनुबंधित करता है कि वार्षिक वित्तीय विवरणियों में राजस्व लेखे पर व्यय अन्य व्यय से भिन्न दर्शाया जायेगा। तदनुसार राजस्व लेखे एवं पूंजीगत लेखे पर व्यय का वर्गीकरण करने हेतु सिद्धान्तों की अनुपालना की जानी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 2013-14 के नि.म.ले.प. के प्रतिवेदन सं.1 तथा वर्ष 2014-15 के प्रतिवेदन सं. 50 में राजस्व प्रकृति के व्यय के पूंजीगत व्यय के रूप में तथा प्रतिक्रम में गलत वर्गीकरण के मामले इंगित किए गए थे। यद्यपि कुछ मंत्रालयों/विभागों ने गलत संसदीय प्राधिकरण प्राप्त करना जारी रखा जो अंतिम व्यय को दर्ज करने में गलत वर्गीकरण का कारण बना जैसा कि अनुवर्ती पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

4.4.1 पूंजीगत व्यय के बजाय राजस्व व्यय में गलत वर्गीकरण

वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली, 1978 का नियम 8 विनियोग की प्राथमिक इकाईयों का वर्गीकरण करता है। पूंजीगत परिसंपित्तयों को अधिग्रहित करने एवं अन्य पूंजीगत व्यय हेतु प्रावधान प्राप्त करने के संदर्भ में 51 से 56 तथा 60 वस्तु शीर्ष को वर्ग छः में समाहित किया गया है। जैसा **अनुबंध 4.1** में दर्शाया गया है। ये वस्तु शीर्ष पूंजीगत प्रवृत्ति के व्यय की बुकिंग से संबंधित है, और इसलिए केवल पूंजीगत मुख्य शीर्ष के होने चाहिए।

वर्ष 2015-16 हेतु वर्गीकृत/ई-लेखा डाटा सहित शीर्ष-वार विनियोग लेखाओं की लेखापरीक्षा संवीक्षा में तीन मंत्रालयों/विभागों से सम्बन्धित चार मामलों का पता चला जहाँ इन वस्तु शीर्षों का राजस्व मुख्य शीर्षों के साथ उपयोग किया गया था जैसा **तालिका 4.7** में दर्शाया गया है, यदि यह व्यय पूंजीगत परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण तथा अन्य पूंजीगत व्यय के प्रति किया जाता, इसका परिणाम पूंजीगत व्यय को ₹28.23 करोड़ से कम बताये जाने में होता।

तालिका 4.7: पूंजीगत प्रकृति के व्यय का राजस्व व्यय के रूप में गलत वर्गीकरण

क्र.सं.	अनुदान का विवरण	मुख्य शीर्ष	वस्तु शीर्ष	व्यय (₹करोड़ में)	विभाग/मंत्रालय का उत्तर
1.	04-परमाणु ऊर्जा विभाग	2852	51/52/60	10.71	उत्तर प्रतीक्षित था (अक्टूबर 2016)।
2.		3401	51/52	11.26	
3.	60-उच्चतर शिक्षा विभाग	2202	53	2.99	उत्तर प्रतीक्षित था (अक्टूबर 2016)।
4.	66- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय	2851	52	3.27	उत्तर प्रतीक्षित था (अक्टूबर 2016)।
	योग			28.23	

व्यय आकड़े स्रोत: ई-लेखा डाटा डम्प/समेकित सार.

4.4.2 राजस्व व्यय का पूंजीगत व्यय के रूप में गलत वर्गीकरण

वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली,1978 (डी.एफ.पी.आर.) का नियम 8, मोटे तौर पर वस्तु वर्ग 6 के अतिरिक्त किसी भी अन्य वर्ग के अंतर्गत आने वाले वस्तु शीर्षों को राजस्व प्रकृति के व्यय के तौर पर वर्गीकृत करता है। तदनुसार, वस्तु वर्ग 6 के अतिरिक्त अन्य किसी वर्ग के अंतर्गत आने वाले वस्तु शीर्षों को सामान्यत: पूंजीगत मुख्य शीर्षों के अनुरूप नहीं होना चाहिए।

वर्ष 2015-16 के वर्गीकृत सार सहित शीर्ष-वार विनियोग लेखाओं की लेखापरीक्षा संवीक्षा से तीन मंत्रालयों/विभागों से संबंधित चार मामले प्रकाश में आए जहां राजस्व प्रकृति के वस्तु शीर्षों को गलत प्रकार से पूंजीगत मुख्य शीर्षों के साथ परिचालित किया गया था। यदि यह व्यय पूंजीगत परिसंपत्तियों के अधिग्रहण एवं अन्य पूंजीगत मदों पर नहीं किया गया होता तो इन गलत वर्गीकरणों का परिणाम संघ सरकार के राजस्व व्यय को ₹3.61 करोड़ से कम दर्शाए जाने में होता जैसा कि **तालिका 4.8** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.8: राजस्व व्यय का पूंजीगत व्यय के रूप में गलत वर्गीकरण

क्र. सं.	अनुदान का विवरण	मुख्य शीर्ष	विषय शीर्ष	व्यय (₹करोड़ में)	विभाग/मंत्रालय का उत्तर
1.	89-पोत परिवहन मंत्रालय	5051	50	0.64	मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि आईटी व्यय हेतु आवश्यक प्रावधान वर्ष 2017-18 से राजस्व वर्ग के अंतर्गत रखे जाएंगे।
2.		5052	50	0.35	
3.	97-पर्यटन मंत्रालय	5452	28	0.62	मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2016) कि 2016-17 में, वित्त मंत्रालयों के निर्देश पर इसने योजनागत एवं गैर-योजनागत के तर्कसंगत ढंग से पुनर्गठन के नए प्रतिमान के अंतर्गत राजस्व वर्ग के अंतर्गत उपरोक्त शीर्ष खोला है। भविष्य में इस प्रकार का व्यय राजस्व वर्ग के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा।
4.	103-लक्षद्वीप	4810	35	2.00	विभाग ने बताया (जून/अगस्त 2016) कि मामले को शोधक कार्रवाई हेतु मंत्रालय/कार्यालय सीजीए के साथ उठाया गया था। इस मद को वि.व. 2016-17 से मुख्य शीर्ष-2810 के अंतर्गत राजस्व वर्ग को पहले ही अंतरण कर दिया गया है।
	कुल			**3.61**	

4.4.3 गलत वर्गीकरण के अन्य मामले

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 का नियम 79 अनुबंधित करता है कि अनुरक्षण, मरम्मत, रख-रखाव तथा कार्य चालन व्ययों पर प्रभार, जो परिसंपत्तियों

के क्रियात्मक स्थिति में अनुरक्षण के लिए आवश्यक है, तथा संगठन के दिन-प्रति-दिन परिचालन हेतु स्थापना एवं प्रशासनिक व्ययों सहित, किये गये सभी अन्य व्यय को भी, राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

वर्ष 2015-16 के लिए शीर्षवार विनियोग लेखाओं के साथ ई-लेखा डाटा की लेखा परीक्षा संवीक्षा ने प्रकट किया कि तीन मंत्रालयों/विभागों से सम्बन्धित 13 मामलों में राजस्व प्रकृति का व्यय, पूंजीगत व्यय के रूप में अथवा इसके प्रतिक्रम में वर्गीकृत किया गया था जिसका परिणाम राजस्व व्यय के ₹1607.40 करोड़ कम बताए जाने में हुआ जैसा कि **तालिका 4.9** में दर्शाया गया है:

तालिका 4.9: अनुदान के विभिन्न खण्डों में गलत वर्गीकरण

क्र.स.	अनुदान	राशि (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति	मंत्रालय/विभाग का उत्तर
पूंजीगत व्यय के रूप में राजस्व व्यय का गलत वर्गीकरण				
1.	15-दूरसंचार विभाग	319.99	विभाग ने एएफएनईटी (वायु सेना नेटवर्क) हेतु बैंडविथ किराया भारत संचार निगम लिमि. (बीएसएनएल) प्रभारों के रूप में ₹319.99 करोड़ की राशि अदा की जिसे पूंजीगत लेखा शीर्ष 5275.00.800.03.00.60 तथा 4552.00.203.01.00.60 के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '60- अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत गलती से दर्ज किया गया था। बैंडविथ किराया प्रभारों के कारण व्यय को राजस्व प्रवृत्ति का होने से अनुदान के राजस्व वर्ग में वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।
2.	21-रक्षा मंत्रालय (सिविल)	1600.25	मंत्रालय ने राजमार्गों, सुरक्षा प्रदान करने तथा विमान उत्थापन प्रभारों से अलग सड़क के अनुरक्षण पर ₹1600.25 करोड़ का व्यय किया तथा इसे वस्तु शीर्ष 5054.02.337.03.00.53-'मुख्य निर्माण कार्य' के अतंर्गत अनुदान के पूंजीगत वर्ग में दर्ज किया। व्यय राजस्व प्रकृति के होने के कारण अनुदान के राजस्व विभाग के अंतर्गत उचित वस्तु शीर्ष में वर्गीकृत होना चाहिए।	मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2016) कि इस शीर्ष के अंतर्गत कई वर्षों से बुकिंग की जा रही थी। मंत्रालय ने आगे बताया कि मौजूद प्रावधान में मुख्य शीर्ष - 5054 के बदले में 3054 में प्रकरण को आरडीआर की पुस्तिका (राजस्व ऋण एवं प्रेषण) में शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है।

क्र.स.	अनुदान	राशि (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति	मंत्रालय/विभाग का उत्तर
3.	93-अंतरिक्ष विभाग	0.11	ऊपरी लाईन के स्थान परिवर्तन हेतु बैंगलोर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड (बीईएसकॉम) को भुगतान के प्रति ₹11.19 लाख के व्यय को इसरो उपग्रह (आईएसएसी) केन्द्र द्वारा पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '60- अन्य पूंजीगत व्यय' के अतंर्गत गलत प्रकार से दर्ज किया गया था जबकि विद्युत व्यय को सही प्रकार से राजस्व वर्ग के अंतर्गत '13-कार्यालय व्यय' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)
4.		0.76	इसरो के विभिन्न कार्यों हेतु टेलीमेटरी ट्रेकिग एवं कमांड (टीटीसी) नेटवर्क स्टेशन सहायता के प्रति ₹76.04 लाख के व्यय को पीएओ आईसएसी परियोजना द्वारा गलत प्रकार से पूंजीगत वर्ग के अतंर्गत वस्तु शीर्ष '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अतंर्गत दर्ज किया गया था जबकि डीओएस द्वारा उपभोग की गई इन ट्रेकिग सेवाओं को राजस्व वर्ग के अंतर्गत '30-अन्य संविदात्मक सेवाएं' के अतंर्गत सही प्रकार से दर्ज किया जाना चाहिए था।	
5.		0.20	कैपेसिटरो हेतु तकनीकी सेवा प्रभारो के प्रति ₹20.38 लाख के व्यय को पीएओ आईएसएसी-परियोजना द्वारा गलत प्रकार से पूंजीगत वर्ग के अतंर्गत वस्तु शीर्ष '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया गया था, जिसे राजस्व वर्ग के अंतर्गत '30-अन्य संविदात्मक सेवाएं' के अंतर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	
6.		1.54	तरल नाईट्रोजन के प्रापण के प्रति ₹1.54 करोड़ के व्यय को पीएओ आईएसएसी-परियोजना द्वारा गलत प्रकार से पूंजीगत वर्ग के अतंर्गत वस्तु शीर्ष '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया था जिसे सही प्रकार से राजस्व वर्ग के अंतर्गत '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	

क्र.स.	अनुदान	राशि (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति	मंत्रालय/विभाग का उत्तर
7.		0.33	डेस्कटॉप कम्प्यूटर तथा बैटरी के प्रापण के प्रति ₹32.63 लाख के व्यय को पीएओ आईएसएसी- केन्द्र द्वारा गलत प्रकार से 'पूंजीगत वर्ग' के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' के अंतर्गत दर्ज किया गया था जिसे सही प्रकार से राजस्व वर्ग में विस्तृत शीर्ष-99 के अंतर्गत '13-कार्यालय व्यय' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	
8.		1.45	एक्साईड बैटरी बैंक, क्नैक्टर्स, इलैक्ट्रॉलाईट, माईल्ड स्टील स्टैंड एवं स्टैंड इन्सुलैक्टर्स, थर्मामीटर, आदि के प्रापण के प्रति ₹1.45 करोड़ के व्यय जिसे राजस्व वर्ग में वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अंतर्गत दर्ज किया जाना था, जिसे पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत वस्तु शीर्ष 52-मशीनरी एवं उपकरण के अंतर्गत दर्ज किया गया था।	
राजस्व व्यय को ₹1924.63 करोड़ तक कम बताया गया।				
राजस्व व्यय के रूप में पूंजीगत व्यय का गलत वर्गीकरण				
1.	93-अतंरिक्ष विभाग	306.31	व्यय को गलत प्रकार से राजस्व व्यय के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अंतर्गत दर्ज किया गया था जिसे सही प्रकार से पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था क्योंकि वह उपग्रह तथा लांच वाहन मिशन के मिशन/अंतरिक्ष उपभोज्य थे तथा उनका जीवन एक वर्ष से अधिक है।	उत्तर प्रतीक्षित था (अक्टूबर 2016)
2.		7.10	इन व्यय को गलत प्रकार से राजस्व वर्ग के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था जिसे सही प्रकार से पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था क्योंकि वह उपग्रह तथा लांच वाहन मिशन के मिशन/अंतरिक्ष उपभोज्य थे तथा उनका जीवन एक वर्ष से अधिक है।	

क्र.स.	अनुदान	राशि (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति	मंत्रालय/विभाग का उत्तर
3.		3.13	जीएसएटी-15 एवं जीएसएटी-16 लांच अभियान के दौरान मैसर्स एरियन स्पेस, फ्रांस द्वारा प्रदत्त अतिरिक्त सेवाओं के प्रति ₹3.13 करोड़ के व्यय को गलत प्रकार से राजस्व वर्ग के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अंतर्गत दर्ज किया गया था जिसे वर्तमान आदेश के अंतर्गत सही प्रकार से पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	
4.		0.52	स्थिर यादृच्छिक अभिगम स्मृति (एसआरएएम) (जिसका उपयोग उपग्रह में किया जाएगा) के प्रापण के प्रति व्यय की गई ₹51.83 लाख की राशि को पीएओ आईएसएसी केन्द्र द्वारा गलत प्रकार से राजस्व वर्ग के अंतर्गत वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अंतर्गत दर्ज किया गया था जिसे पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत '60-अन्य पूंजीगत व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।	
5.		0.17	आरएफ डायोड्स एक्स रे डिटेक्टर्स के प्रापण के प्रति ₹16.74 लाख के व्यय को पीएओ आईएसएसी-केन्द्र द्वारा गलत प्रकार से राजस्व वर्ग मे वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अंतर्गत दर्ज किया गया था जिसे पूंजीगत वर्ग के अंतर्गत' '52- मशीनरी एवं उपकरण' के अंतर्गत सही प्रकार से दर्ज किया जाना चाहिए था।	
राजस्व व्यय को ₹317.23 करोड़ तक अधिक बताया गया				
समग्र प्रभावः ₹1607.40 करोड़ तक राजस्व व्यय का कम बताना।				

राजस्व व्यय का पूंजीगत व्यय के रूप में तथा प्रतिक्रम में गलत तरीके से वर्गीकरण का प्रभाव पूंजीगत व्यय के ₹1928.24 करोड़ द्वारा अधिकथन एवं पूंजीगत व्यय के ₹345.46 करोड़ से न्यूनोक्ति में हुआ। सरकारी व्यय पर समग्र प्रभाव ₹1582.78 करोड़ से पूंजीगत व्यय के अधिकथन में हुआ। तदनुसार वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए ₹1582.78 करोड़ के बराबर राशि के राजस्व घाटे की न्यूनोक्ति हुई।

4.5 गलत वर्गीकरण के अन्य मामले

4.5.1 भारतीय लोक लेखे के स्थान पर भारत की समेकित निधि के माध्यम से गलत लेन-देन पारित होना

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 266 (1) एवं (2) प्रावधान करता है कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व, उस सरकार द्वारा राजकोषीय बिल जारी कर उगाहे गये सभी ऋण, अन्य ऋण अथवा अर्थोपाय अग्रिम तथा उस सरकार द्वारा ऋणों के पुनर्भुगतान में प्राप्त की गई समस्त धनराशि एक समेकित निधि का गठन करेगी जिसे 'भारत की समेकित निधि' कहा जाएगा। उस सरकार की सामान्य प्राप्तियों एवं व्यय के अतिरिक्त जो कि समेकित निधि से संबंधित हैं, कुछ अन्य लेन-देन सरकारी लेखाओं में प्रविष्ट किए जाते हैं जिनके संबंध में सरकार बैंकर के रूप में अधिक अथवा अंतरणकर्ता के रूप में कार्य करती है। अत: प्राप्त किए गए सार्वजनिक धन को लोक लेखे में रखा जाता है, तथा संबंधित संवितरण भी वहीं से किए जाते हैं।

(क) कोयला मंत्रालय की वर्ष 2015-16 से संबंधित अनुदान सं.11 के विनियोग लेखे की संवीक्षा से पता चला कि कोयला समृद्ध क्षेत्रों के अधिग्रहण हेतु सी.एफ.आई से पूंजीगत लेखा शीर्ष 4803.00.800.01.00.54 में ₹1099.84 करोड़ का व्यय किया था तथा उस व्यय को कोल इंडिया लिमि. (सीआईएल) से ₹1100 करोड़ की प्राप्तियों के साथ निवल किया गया था। चूंकि कोयला समृद्ध क्षेत्रों को सी.आई.एल. द्वारा किए गए विशिष्ट जमा के प्रति अधिग्रहित किया गया था, इस लेन-देन को सीएफआई के माध्यम से पारित नहीं किया जाना चाहिए था।

महालेखा नियत्रंक ने अगस्त 2013 के अपने सुझाव की निरंतरता में (जून 2016) अपने विचारों को दोहराया कि उन सरकारी निकायों जो वित्तीय रूप से स्वतंत्र है, से ऐसे निकायों हेतु अधिग्रहित भूमि की क्षतिपूर्ति के भुगतान हेतु पेशगी में प्राप्त निधियों को मुख्य शीर्ष '8443-सिवल जमा' के अतंर्गत लघु शीर्ष '117-सार्वजनिक निकायों अथवा निजी विशेष हेतु किए कार्य का जमा' को क्रेडिट किया जाना अपेक्षित है। इसी प्रकार, अधिग्रहित भूमि हेतु क्षतिपूर्ति से संबंधित सभी भुगतानों को इस लेखा शीर्ष को डेबिट भी किया जाना है।

मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि पीएसयू की ओर से भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्राप्ति/भुगतानों के अतंर्गत एक नया शीर्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 से लोक लेखे में खोला गया है।

(ख) वर्ष 2015-16 हेतु विद्युत मंत्रालय से संबंधित अनुदान सं. 77 से संबधित सार की तुलना में विनियोग लेखे की संवीक्षा से पता चला कि भारत की समेकित निधि से पूंजीगत शीर्ष 4801.02.190.02.02.54 में कोयला समृद्ध क्षेत्रों के अधिग्रहण हेतु ₹76.83 करोड़ का व्यय किया गया और इस व्यय को एनटीपीसी से ₹76.83 करोड़ की प्राप्तियों के साथ निवल किया गया था। चूंकि कोयला समृद्ध क्षेत्र एन.टी.पी.सी. द्वारा किए गए विशिष्ट जमा के प्रति अधिग्रहीत किए गए थे, लेन-देन भारत की समेकित निधि के माध्यम से पारित नहीं किया जाना चाहिए था।

मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि सीजीए कार्यालय ने जून 2016 में स्पष्ट किया कि एक पीएसयू द्वारा उनके लिए सरकारी विभाग द्वारा किए गए कार्य की एवज में जमा राशि के लेन-देन को, भारत की समेकित निधि के अतंर्गत लेखाबद्ध करना मुख्यत: गलत है और मुख्य शीर्ष 8443 - सिविल जमा को क्रेडिट किया जाना था। मंत्रालय ने आगे बताया कि उपरोक्त लेखांकन की प्रक्रिया को अगले वित्तीय वर्ष से प्रचालित किया जाए।

दोनों मामले नि.म.ले.प. के 2015 के प्रतिवेदन सं.1 एवं प्रतिवेदन सं. 50 में भी उठाये गये थे।

4.5.2 वस्तु शीर्ष 'सहायता अनुदान वेतन' का परिचालन न होना

वित्त मंत्रालय ने 1 अप्रैल 2011 से एक नया वस्तु शीर्ष '36-सहायता अनुदान-वेतन' वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली 1978 के नियम 8 के नीचे वस्तु श्रेणी-4 के अंतर्गत वस्तु शीर्षों की सूची में प्रस्तुत किया।

वर्ष 2015-16 के लिए विनियोग लेखे की संवीक्षा द्वारा ज्ञात हुआ कि इस वस्तु शीर्ष को निम्नलिखित मंत्रालयों/विभागों में परिचालित नहीं किया गया था, जिसका विवरण **तालिका 4.10** में दिया गया है:

तालिका 4.10: वस्तु शीर्ष 'सहायता-अनुदान-वेतन' का परिचालन न होना'

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति एवं मंत्रालय/विभाग का उत्तर
1.	16-इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग	जांच ने प्रकट किया कि वस्तु शीर्ष 36-सहायता अनुदान-वेतन आईटी अनुसंधान अकादमी (आईटीआरए) के संबंध में प्रचलित नहीं था। आईटीआरए की संस्थापना हेतु डाईट वाई की स्वीकृति दिनाँक 4 नवम्बर 2010 हेतु आईटीआरए को निधियों के चरण वार निर्गम का प्रावधान करती है, जिसने अपेक्षा की कि वेतन सहित सभी परियोजना सघंटको को प्रत्येक निर्गम में शामिल किया जाए। डिजीटल भारत कार्यक्रम, (2852.07.202.85.04.31) के अतंर्गत ₹26 करोड़ की राशि वस्तु शीर्ष 31-सहायता अनुदान सामान्य के अतंर्गत बजट प्रावधान के रूप में आबंटित की गई थी। प्राप्त अनुदान में से, आईटीआरए ने वर्ष 2015-16 के दौरान वेतन शीर्ष के अंतर्गत ₹1.30 करोड़ का व्यय किया था। जिसे 36-सहायता अनुदान वेतन के रूप में अलग से वर्गीकृत और बजट में शामिल किया जाना चाहिए था। विभाग ने बताया (अगस्त 2016) कि आईटीआरए की स्थापना ₹148.83 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ की गई थी। जब परियोजना को स्वीकृत तथा कार्यान्वित किया गया था उस समय सहायता अनुदान का कोई विभाजन नही था। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि आईटीआरए की संस्थापना हेतु आईटीआरए को निधियों के चरणवार निर्गम का प्रावधान करती है जिसने अपेक्षा की कि वेतन सहित सभी परियोजना सघंटको को प्रत्येक निर्गम में शामिल किया गया था। तथा इसे '36- सहायता अनुदान वेतन' के रूप में वर्गीकृत और बजट में शामिल किया जाना चाहिए था।
2.	77-विद्युत मंत्रालय	मंत्रालय ने गोवा तथा यू.टी. एक अनुदानग्राही निकाय के लिए संयुक्त विद्युत नियामक आयोग (जे.ई.आर.सी.) को ₹5.70 करोड़ का अनुदान जारी किया जिसमें से उन्होंने वेतन पर व्यय को पूरा करने के लिए ₹1.15 करोड़ का उपयोग किया। तथापि, कुल ₹5.70 करोड़ की जारी राशि वस्तु शीर्ष 2801.80.800.23.00.31 'सहायता अनुदान सामान्य' के अन्तर्गत बुक की गई जबकि वस्तु शीर्ष '36-अनुदान सहायता-वेतन' के अन्तर्गत वेतन घटक पर ₹1.15 करोड़ का व्यय वर्गीकृत किया जाना चाहिये था। मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से गोवा एवं यूटी हेतु जे.ई.आर.सी. के गैर-योजना व्यय को पूरा करने के लिए आबंटन सामान्य अनुदान तथा वेतन अनुदान हेतु अलग वस्तु शीर्ष में किया गया है।
3.	95-वस्त्र मंत्रालय	मंत्रालय ने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली को उसके रायबरेली केन्द्र के कर्मचारियों के वेतन के भुगतान हेतु ₹1.00 करोड़ की अनुदान सहायता जारी की जिसे वस्तु शीर्ष '36-अनुदान सहायता वेतन' के अन्तर्गत सही प्रकार व्यय वर्गीकृत करने के बजाय वस्तु शीर्ष 2852.08.202.61.00.31-'अनुदान सहायता सामान्य' के अन्तर्गत लेखे में उसे बुक किया गया था। मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान निधि केवल सामान्य शीर्ष में उपलब्ध थी तथापि निधि एनआईएफटी को संस्वीकृत की गई थी। मंत्रालय का उत्तर तर्कसगंत नहीं है क्योंकि वस्तु शीर्ष '36-सहायता अनुदान वेतन' 01 अप्रैल 2011 से खोला गया था इसलिए मंत्रालय को अनुपूरक प्रावधान वेतन अनुदान शीर्ष के अंतर्गत प्राप्त करना चाहिए।

4.5.3 अनुदान के एक ही प्रभाग के अंतर्गत वस्तु शीर्षों में गलत वर्गीकरण

वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली, 1978 का नियम 8 व्यय के वर्गीकरण के उद्देश्य हेतु विवरणों/परिभाषाओं के साथ विनियोग की मानक प्राथमिक इकाईयों का निर्धारण करता है। वस्तु शीर्षों की सूची तथा इसके अंतर्गत दर्ज किए जाने वाले व्यय के विवरण **अनुबंध-4.1** में दिए गए हैं।

संवीक्षा से पता चला कि 13 अनुदानों/विनियोगों के 35 मामलों में कुल ₹387.32 करोड़ की निधियों के विनियोजन की इन प्राथमिक इकाईयों अर्थात वस्तु शीर्षों के मध्य गलत तरीके से वर्गीकृत किया गया था, जिनका विवरण **तालिका 4.11** में दिया गया है।

तालिका 4.11: अनुदान के उसी प्रभाग में वस्तु शीर्षों के अंतर्गत गलत वर्गीकरण

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
1.	8-उर्वरक विभाग	2.69	2852/50	₹0.73 करोड़ का व्यय एमएफएमएस अनुप्रयोग आदि की लेखापरीक्षा करने हेतु गतिशील उर्वरक प्रबंधन तंत्र (एमएफएमएस) परियोजना के लिए परामर्शी सेवा प्रभारों के भुगतान पर किया गया था तथा ₹1.96 करोड़ का कम्प्यूटर, इसके उपसाधनो, उपभोज्यों के प्रापण तथा उर्वरक प्रबंधन प्रणाली के अनुरक्षण आदि पर व्यय किया गया था। तथापि, ₹2.69 करोड़ का कुल व्यय वस्तु शीर्ष '50 - अन्य प्रभार' के अंतर्गत लेखाओं में दर्ज किया गया था। डीएफपीआर के अनुसार आउटसोर्स कार्मिक, सलाहकारों की नियुक्ति के भुगतानों पर व्यय का सही वर्गीकरण '28-व्यवसायिक सेवाएं' तथा कम्प्यूटर पर व्यय को '13-कार्यालय व्यय' करना चाहिए था।
मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, के निर्देशों के अनुसार योजनागत तथा गैर-योजनागत योजनाओं को पुनर्गठित किया जाना था तथा 2016-17 हेतु डीडीजी को इनको मिलाने के पश्चात तैयार किया जाना चाहिए था। उर्वरक विभाग (सचिवालय) हेतु कम्प्यूटरों एवं इसके उपसाधनों, उपभोज्यों के प्रापण को शीर्ष 3451.00.090.33.99.13 "कार्यालय व्यय" के अतंर्गत दर्ज किया जाना है तथा एफएमएस/एमएफएमएस हेतु कम्प्यूटर एवं इसके उप-साधनों के प्रापण को शीर्ष 3451.00.090.33.99.50 'अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया जाना है। वर्तमान वित्त वर्ष अर्थात 2016-17 के एफ.एम.एस. एवं एम.एफ.एम.एस. के व्यवसायिक प्रभारों को शीर्ष 3451.00.090.33.01.28 के अंतर्गत दर्ज किया जाना है।				
2.	15-दूरसंचार विभाग	0.07	3275/51 ,52	विभाग ने ₹0.07 करोड़ का व्यय किया तथा इसे गलत प्रकार से राजस्व वर्ग मुख्य शीर्ष-3275 में वस्तु शीर्ष 51-मोटर वाहन तथा 52-मशीनरी एवं उपकरण के अतंर्गत दर्ज किया था।
विभाग ने बताया (अगस्त 2016) कि जीएफआर 2005 का नियम 79 अनुबंध करता है कि अनुरक्षण, मरम्मत एवं रखरखाव पर प्रभारों तथा कार्य व्यय, जो परिसम्पत्तियों को चालू स्थिति में बनाए रखने हेतु अपेक्षित है, को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा और इसलिए बुकिंग सही प्रकार से की गई थी। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पूंजीगत परिसम्पत्तियों तथा पूंजीगत व्यय हेतु वस्तु श्रेणी-6 से संबंधित वस्तु शीर्ष '51-मोटर वाहन' तथा '52-मशीनरी एवं उपकरण' का राजस्व मुख्य शीर्षों के साथ उपयोग नहीं किया जाना चाहिए था।				
3.	17-उपभोक्ता मामले विभाग	4.95	3475/52	विभाग ने मशीनरी एवं उपकरणों की केन्द्रीकृत खरीद तथा उनकी सीधे राज्यों/यूटी को आपूर्ति की और कुल ₹4.95 करोड़ के व्यय को वस्तु शीर्ष '35 जो पूंजीगत परिसम्पत्तियो के सृजन हेतु अनुदान के बजाए वस्तु शीर्ष '52-मशीनरी एवं उपकरण' के अंतर्गत गलत प्रकार से दर्ज किया।

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
विभाग ने बताया (अगस्त 2016) कि 2007-08 से पूर्व राज्यों/यूटी की भार एवं माप अवसरंचना हेतु निधियों को सहायता अनुदान के रूप में जारी किया गया था परंतु बाद में केन्द्रीयकृत खरीद करने के पश्चात राज्यों/यूटी को मशीनरी एवं उपकरण की आपूर्ति की गई थी। इसके अतिरिक्त वित्त मंत्रालय ने पूंजीगत शीर्ष के अतंर्गत प्रावधान प्राप्त करने हेतु इस विभाग के प्रस्ताव को स्वीकार (नवम्बर 2011) कर दिया था तथा कथित व्यय को राजस्व लेखाओं के अतंर्गत दर्ज करने का निर्देश दिया था। विभाग का उत्तर लेखापरीक्षा चिंताओं का निपटान नहीं करता है। विभाग को प्रावधान प्राप्त करना तथा राजस्व लेखा मुख्य शीर्ष के अंतर्गत उपयुक्त वस्तु शीर्ष के अंतर्गत दर्ज करना चाहिए था।				
4.	21-रक्षा मंत्रालय (सिविल)	285.96	5054/53	सीमा सड़क सगंठन (बीआरओ) द्वारा श्रेणी 'क' भण्डार/उपकरण पर किए गए ₹285.96 करोड़ के व्यय को मशीनरी एवं उपकरण से संबंधित वस्तु शीर्ष-52 के अंतर्गत दर्ज करने के स्थान पर गलत प्रकार से वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' के अंतर्गत दर्ज किया गया था।
मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को स्वीकार करते हुए बताया (सितम्बर 2016) कि वस्तु शीर्ष- 53 को उपकरण की अधिप्राप्ति के प्रति व्यय को दर्ज करने के लिये वस्तु शीर्ष- 52 के रूप में वित्त वर्ष 2017-18 से सही कर लिया जायेगा।				
5.	21-रक्षा मंत्रालय (सिविल)	7.99	3053/31	सीमा सड़क सगंठन द्वारा भूटान में तैनात मंत्रालय के अधिकारियों को "भूटान क्षतिपूर्ति भत्ता" के रूप में ₹7.99 करोड़ की राशि अदा की थी। इसे वेतनों से संबंधित वस्तु शीर्ष 01 के अंतर्गत दर्ज करने की बजाए इसे वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान सामान्य' के अंतर्गत दर्ज किया गया था।
मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को स्वीकार करते हुए बताया (सितम्बर 2016) कि यह निधि भूटान प्रतिपूर्ति भत्ते से संबंधित है। बीआरओ ने सूचित किया कि वित्त वर्ष 2017-18 से मुख्य शीर्ष- 2052 के अंतर्गत बजट प्रावधान हेतु एक प्रकरण प्रस्तुत किया जायेगा				
6.	34-आर्थिक कार्य विभाग	7.75	3475/50	भारतीय आर्थिक सेवा अधिकारियों के प्रशिक्षण पर किए गए व्ययों को पूरा करने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों को किए गए ₹7.75 करोड़ के भुगतानों को वस्तु शीर्ष 50- अन्य प्रभार के अतंर्गत दर्ज किया गया था। व्यय को वस्तु शीर्ष 20-अन्य प्रशासनिक व्यय के अतंर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए था।
आर्थिक कार्य विभाग, आईईएस प्रभाग ने बताया (जुलाई 2016) कि आईईएस अधिकारियों के प्रशिक्षण पर व्ययों हेतु वस्तु शीर्ष को वित्तीय वर्ष 2016-17 से "20-अन्य प्रशासनिक व्यय" में परिवर्तित कर दिया गया है।				

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
7.	66 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय	1.25	2851/32	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना पर किए गए ₹1.25 करोड़ के व्यय को वस्तु शीर्ष 32- अंशदान के अंतर्गत लेखाओं में दर्ज किया गया था। उपरोक्त योजना के अंतर्गत किया गया व्यय सामान्य/विशिष्ट उद्देश्य हेतु सगंठनों, पंजीकृत समितियों आदि को अनुदानों के रूप में था जिसे "32-अशंदान" के बजाए सही प्रकार से वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान सामान्य' के अतंर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए था।
मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि वह वर्ष 2017-18 से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के अतंर्गत व्यय को वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान सामान्य' के अंतर्गत दर्ज करने में समर्थ होगा।				
8.	70- प्रवासी भारतीय मामले मंत्रालय	0.65	2061/50	मंत्रालय ने 'भारतीय विकास प्रतिष्ठान-प्रवासी भारतीय', एक स्वायत्त निकाय, को सहायता अनुदान का संवितरण करने हेतु ₹0.85 करोड़ का प्रावधान प्राप्त किया तथा ₹0.65 करोड़ के व्यय को सहायता अनुदान हेतु वस्तु शीर्ष के स्थान पर गलत प्रकार से लेखा शीर्ष '50- अन्य प्रभार' के अंतर्गत दर्ज किया।
उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016).				
9.	77- विद्युत मंत्रालय	6.00	2801/31	राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) को शिवपुरी, मध्य प्रदेश में एनपीटीआई के अतंर्गत एक नए विद्युत प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने हेतु जारी ₹6.00 करोड़ की सहायता अनुदान को वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत व्यय को सही प्रकार से वर्गीकृत करने के स्थान पर वस्तु शीर्ष 2801.80.003.02.00.31 'सहायता अनुदान सामान्य' के अंतर्गत लेखाओं में दर्ज किया गया था।
मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2016) कि अभ्युक्ति को वित्तीय वर्ष 2017-18 से अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया है।				
10.	82- उप राष्ट्रपति सचिवालय	0.33	2012/13	वीवीआईपी के मनोरजंन पर किए गए ₹0.33 करोड़ के व्यय की डीएफपीआर के अनुसार उपयुक्त वस्तु शीर्ष '20-अन्य प्रशासनिक व्यय' के स्थान पर गलत प्रकार से लेखा शीर्ष 2012.02.090.01.00.13- कार्यालय व्यय के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
अभ्युक्ति को स्वीकार करते समय सचिवालय ने बताया (अगस्त 2016) कि वस्तु शीर्ष-20 परिचालन हेतु एक टिप्पण वित्त मंत्रालय को प्रेषित कर दिया गया था।				

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
11.	83- **सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय**	28.24	3055/20	प्रचार उपायों तथा सर्तकता अभियानों जिसमें साथ-साथ डीएवीपी आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेशो का मुद्रण, प्रचार सामग्री की आपूर्ति, प्रचार अभियान तथा दूरदर्शन/प्रसारण शामिल है, के कारण किए गए ₹28.24 करोड़ के व्यय को वस्तु शीर्ष '26-विज्ञापन एवं प्रसारण' के अतंर्गत वर्गीकृत करने के बजाए वस्तु शीर्ष '20 अन्य प्रशासनिक व्यय' के अतंर्गत दर्ज किया किया गया था।
मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2016) कि गलत वर्गीकरण का सुधार कर लिया गया है तथा प्रचार सामग्री के मुद्रण, प्रदर्शनी, मेलों आदि पर व्यय को दर्ज करने हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 से नया शीर्ष 3055.00.004.20.02.26 खोला गया है।				
12.	93-अंतरिक्ष विभाग	4.66	5402/60	₹4.66 करोड़ की लागत पर प्रापण की गई पूंजीगत मद (लार्ज एरिया स्वेप्ट चार्ज डिवाइस (एससीडी) एक्स रे डिटेक्टर्स) को वस्तु शीर्ष '52-मशीनरी एवं उपकरण' के बजाए वस्तु शीर्ष '60-अन्य पूंजीगत प्रभार' के अतंर्गत दर्ज गलत रूप से दर्ज किया गया था।
13.		0.49	5402/53	आंतरिक प्रकार के ट्रासफार्मरो के प्रापण के प्रति ₹49 लाख की राशि अदा की गई थी और वस्तु शीर्ष '52-मशीनरी एवं उपकरण' के बजाए वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
14.		0.27	5402/52	समेकित सर्किट/इलेक्ट्रानिक सघंटको (अतंरिक्ष अपभोज्य) के प्रापण के प्रति ₹27 लाख की राशि अदा की गई थी और वस्तु शीर्ष '60-अन्य पूंजीगत प्रभार' के बजाए वस्तु शीर्ष '52-मशीनरी एवं उपकरण' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
15.		0.51	3402/50	पुस्तिकाओं के मुद्रण तथा आपूर्ति करने के प्रति ₹51 लाख का व्यय किया गया था और '16 प्रकाशन' के अतंर्गत दर्ज किये जाने के बजाए 50-अन्य प्रभार के अंतर्गत दर्ज किया गया था।
16.		0.45	3402/50	₹45.47 लाख की राशि के विज्ञापन प्रभार वस्तु शीर्ष '26-विज्ञापन एवं प्रचार' के बदले '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किये गये थे।
17.		0.57	3402/50	पीएओ, इसरो मुख्यालय द्वारा अंतरिक्ष अध्ययन कार्यक्रम-2015 के शिक्षा शुल्क के प्रति अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष विश्वविद्यालय को ₹56.63 लाख की राशि जारी की गई थी जिसे '20 अन्य प्रशासनिक व्यय' के अंतर्गत दर्ज किया जाना था परंतु इसे '50-अन्य प्रभारों के अतर्गत दर्ज किया गया था।

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
18.	93-अंतरीक्ष विभाग	0.43	3402/50	पीएओ, इसरो मुख्यालय द्वारा बीएसएनएल से संविदानिक सेवाएं प्राप्त करने हेतु बीएसएनएल को अदा की गई ₹43.38 लाख की राशि को वस्तु शीर्ष "30-अन्य संविदानिक सेवाएं' के बजाए '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
19.		0.68	3402/50	स्वायत्त निकाय पीआरएल, अहमदाबाद को ग्रहीय विज्ञान कार्यक्रम (प्लेनेक्स) के अतंर्गत जारी ₹45.68 लाख की सहायता अनुदान जिसे वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान-सामान्य' के अतंर्गत दर्ज किया जाना था। परंतु उसे वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त ई.ओ.ए.एम. के अंतर्गत एन.ई.एस.ए.सी. को जारी किए गए ₹22 लाख को वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान-सामान्य' में दर्ज करने के बजाए वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' दर्ज किया गया था।
20.		3.15	3402/50	स्वायत्त निकाय पीआरएल अहमदाबाद को इसरो बायोस्फेयर कार्यक्रम (आईजीबीपी) के अतंर्गत जारी ₹3.15 करोड़ की सीमा तक की सहायता अनुदान, जिसे वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान सामान्य' के अतंर्गत दर्ज किया जाना था, को वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
21.		1.42	3402/30	पीएओ, इसरो मुख्यालय ने केन्द्रीय विघालय, राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल) को अर्धवार्षिक किश्त के रूप में ₹1.42 करोड़ की राशि जारी की जिसे वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान सामान्य' के बजाए वस्तु शीर्ष '30-अन्य संविदात्मक सेवांए' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।
22.		6.78	3402/50	पीएओ, इसरो मुख्यालय ने वायुमण्डलीय विज्ञान कार्यक्रम के अतंर्गत ₹6.63 करोड़ की राशि राष्ट्रीय वायुमण्डलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएआरएल) को जारी की जिसे वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान सामान्य' के बजाए वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त, अर्द्ध-चालक प्रयोगशाला (एससीएल), चण्डीगढ़ को अंशांकन-सत्यापन (सीएएल-वीएएल) के लिए जीपीएस रेडियोसोन्डस के उत्पादन तथा आपूर्ति हेतु ₹0.15 करोड़ की राशि भी जारी की गई थी जिसे वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के बजाए वस्तु शीर्ष' '50 - अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
23.		8.35	3402/50	आईएसएसी (पी) ने मार्स ऑरबिटर मिशन (एमओएम) की ट्रेकिग, नेवीगेशन तथा दूरसंचार सहायता सेवाओं के प्रति नासा, यूएसए को ₹8.35 करोड़ की राशि अदा की जिसे वस्तु शीर्ष '30-अन्य संविदात्मक सेवाएं' के स्थान पर वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
24.		3.78	3402/30	आईएसएसी (सी) ने रेप्रोग्राफिक सहायकों एवं रेप्रोग्राफिक पर्यवेक्षकों तथा श्रमशक्ति प्रभारों के भुगतान पर ₹3.78 करोड़ का व्यय किया जिसे वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के स्थान पर '30-अन्य संविदात्मक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
25.	93-अंतरिक्ष विभाग	1.18	3402/21	आईएसएसी (सी) ने रेप्रोग्राफिक सहायको, रेप्रोग्राफिक पर्यवेक्षकों, डाटा इंटरी/प्रशासनिक सेवाओं तथा श्रमशक्ति प्रभारों के भुगतान के प्रति ₹1.18 करोड़ का व्यय किया जिसे वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के बजाए '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
26.		1.37	3402/21	आईएसएसी (सी) ने कुर्सियों, टी.वी. डेस्कटॉप, पीसी, लैपटाप/नोटबुक, इरेजेबल प्रोगामेबल रीड ओनली मेमोरी (ईपीआरओएम) आदि के प्रापण के प्रति ₹1.37 करोड़ का व्यय किया जिसे वस्तु शीर्ष '13-कार्यालय व्यय के बदले वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्रियां' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
27.		0.33	3402/20	₹32.86 लाख का व्यय आईएसएसी अतिथिगृह का अनुरक्षण/ रखरखाव करने (श्रमशक्ति संविदा) के प्रति किया गया था जिसे गलती से वस्तु शीर्ष '20-अन्य प्रशासनिक व्यय' के बजाए वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
28.		0.10	3402/50	₹10.19 लाख का व्यय आईएसएसी अतिथिगृह का अनुरक्षण/ रखरखाव करने (श्रमशक्ति) के प्रति किया गया था जिसे गलती से वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किए जाने के बजाए वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया जाना था।
29.		0.48	3402/30	₹48.43 लाख का व्यय आईएसएसी में कैन्टीन के अनुरक्षण (श्रमशक्ति) के प्रति किया गया था जिसे वस्तु शीर्ष '30-अन्य संविदात्मक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किए जाने के बजाए वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया जाना था।

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
30.		0.30	3402/21	₹30.21 लाख का भुगतान चैम्बर एवं शेकर्स के प्रचालन तथा अनुरक्षण के प्रति किया गया था तथा गलत रूप से वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्री के अतंर्गत दर्ज करने के बजाए वस्तु शीर्ष '27-लघु निर्माण कार्य' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
31.		0.13	3402/50	₹13.19 लाख का व्यय आईएसएसी अतिथि गृह तथा अन्य स्थानों पर सुरक्षा सेवाओं के प्रति किया गया था तथा गलत रूप से वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत दर्ज किए जाने के बजाए वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
32.		0.36	3402/30	कनैक्टरों के प्रापण के ₹36.12 लाख के व्यय को पीएओ आईएसएसी परियोजना द्वारा गलत प्रकार से वस्तु शीर्ष '30-अन्य संविदात्मक सेवांए' के अतंर्गत दर्ज किया गया था जिसे सही प्रकार से वस्तु शीर्ष '21-आपूर्तियां एवं सामग्रिया' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।
अंतरिक्ष विभाग का उत्तर प्रतीक्षित था। (अक्तूबर 2016)				
33.	94-सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	0.01	3454/52	₹1.14 लाख का व्यय कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के प्रापण पर किया गया था तथा इसे गलत प्रकार से वस्तु शीर्ष '52- मशीनरी एवं उपकरण', जो श्रेणी-VI के अंतर्गत आता है जो पूंजीगत परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण तथा अन्य पूंजीगत व्यय के लिए है, के अतंर्गत दर्ज किया गया था। इस व्यय को, राजस्व प्रवृति का होने से, राजस्व वर्ग में उपयुक्त वस्तु शीर्ष के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।
मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार (सितंबर 2016) किया तथा बताया कि व्यय को सही प्रकार से दर्ज करने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए थे।				

क्र. सं.	अनुदान सं. एवं नाम	राशि (₹ करोड़ में)	मुख्य/ वस्तु शीर्ष जहाँ डेबिट किया गया	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
34.	105- लोक निर्माण कार्य	2.15	2059/53	गणतंत्र दिवस समारोह तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रबंधन करने जिसमे प्राथमिक रूप से राष्ट्रपति डायस के लिए डिजाईन एवं निर्माण आधार पर हटायी जा सकने वाली छत की सरंचनात्मक डिजाईनिंग तथा जांच, उघोग भवन का अस्थायी प्रदीपन, तबूं करना/प्रबंधन, बैठने की व्यवस्था करने वाला कैम्प कार्यालय तथा अन्य सबंधित निर्माण कार्य आदि शामिल है, पर दिए गए ₹2.15 करोड़ के व्यय को वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' के अतंर्गत लेखाओं में दर्ज किया गया था। किए गए निर्माण कार्यों की मदों का परिणाम स्थायी प्रवृति की परिसम्पत्तियों के सृजन में नहीं हुआ था। इसलिए इस मामले में उपयुक्त लेखाशीर्ष का उपयोग अनुदान के राजस्व वर्ग से किया जाना चाहिए था।
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने बताया (अगस्त 2016) कि उपरोक्त कार्य हेतु प्रावधान वर्ष 2016-17 से शीर्ष '27-लघु निर्माण कार्य' के अतंर्गत किया गया है।				
35.	105- लोक निर्माण कार्य	3.49	2059/50	स्माधि स्थल परिसर में सेना को तैनात करने पर तथा विभिन्न समाधियों पर अनुरक्षण तथा कार्यों से सबंधित विविध मरम्मत निर्माण कार्यों हेतु किए गए ₹3.49 करोड़ के व्यय को वस्तु शीर्ष '50-अन्य प्रभार' के अतंर्गत लेखाओं में दर्ज किया गया था। इस व्यय को सही प्रकार से वस्तु शीर्ष '28-व्यवसायिक सेवाएं' के अतंर्गत दर्ज किया जाना चाहिए था।
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने बताया(अगस्त 2016) कि शहरी विकास मंत्रालय को अगले वित्तीय वर्ष 2017-18 से उपशीर्ष 2059.80.800.06 'अन्य स्माधियों का अनुरक्षण' के अतंर्गत नया वस्तु शीर्ष-व्यवसायिक सेवाएं का परिचालन करने का अनुरोध किया जा रहा था।				
	कुल	**387.32**		

4.5.4 'विशेष केन्द्रीय सहायता' का लेखे के गलत लघु शीर्ष के अंतर्गत दर्ज किया जाना

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा, राज्य सरकारों को राज्य जनजाति उप-योजना के अनुपूरक के रूप में, विशेष केन्द्रीय सहायता (एससीए) प्रदान की जाती है। जहाँ 'जनजातीय क्षेत्र उप योजना' हेतु आवंटित निधियों को लेखे के विशिष्ट लघु शीर्ष अर्थात '796- जनजातीय क्षेत्र उप-योजना' के अंतर्गत दर्ज किया जाना अपेक्षित है, वही लेखाओं के मुख्य तथा लघु शीर्षों की सूची के सामान्य निर्देशों के अनुसार,

'जनजातीय उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता' को दर्ज करने हेतु एक पृथक लघु शीर्ष कोड, अर्थात 794 चिन्हित किया गया है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबंधित अनुदान सं. 98 की संवीक्षा से पता चला कि ₹1,250 करोड़ के कुल प्रावधान में से मंत्रालय द्वारा ₹1,132.17 करोड़ की राशि वर्ष 2015-16 के दौरान 'जनजातीय उप योजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता' के रूप में जारी की गयी थी एवं यह व्यय लघु शीर्ष '796-जनजातीय क्षेत्र उप-योजना' के अंतर्गत दर्ज किया गया था। इसका लघु शीर्ष '794-जनजातीय उप-योजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता' के अंतर्गत प्रावधान तथा दर्ज किया जाना चाहिए था जैसा कि प्रचलित अनुदेशों में निर्धारित था।

वित्तीय वर्ष 2012-13, 2013-14 के लिए इस मामले को संघ सरकार के लेखाओं पर सीएजी के प्रतिवेदन सं. 1 तथा 2014-15 के प्रतिवेदन सं. 50 में भी इंगित किया गया था।

मंत्रालय ने स्वीकार किया तथा बताया (जुलाई 2016) कि जनजातीय उप योजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता के लिए वर्ष 2017-18 के लिए डीडीजी में लघु शीर्ष '794' खोला जाएगा।

4.6 एकमुश्त अनुपूरक प्रावधान प्राप्त करने के माध्यम से अप्राधिकृत संवर्धन

सरकार द्वारा विशेष रूप से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को प्रदान करने हेतु मध्यस्थता योजना के रूप में क्रमश: अनुसूचित जातियों हेतु विशेष संघटक योजना तथा अनुसूचित जनजातियों हेतु जनजातीय उप-योजना प्रारम्भ की गई थी। ऐसी योजनाएं, इन विशेष समूहों को उनकी संबंधित जनसंख्या के आकार के अनुपात में, सभी संबंधित विकास क्षेत्रों से, निधियों की गारंटी प्रदान करके लाभ सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं। इन दोनों उप योजनाओं का मूल उद्देश्य अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के विकास हेतु केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों में, भौतिक तथा वित्तीय दोनों प्रकार से, परिव्यय के प्रवाह तथा सामान्य क्षेत्रों से लाभों को दिशा देना है। वित्तीय वर्ष 2011-12 से योजनागत आवंटन के एक भाग के रूप में अनुसूचित जाति उप योजना (एस.सी.एस.पी.) तथा जनजातीय उप योजना (टी.एस.पी.) हेतु अलग आवंटन करने की पहल की गई थी। सरकार ने समर्पित मुख्य शीर्ष 'अनुसूचित जाति हेतु विशेष संघटक (कोड 789)' तथा 'जनजातीय उपयोजना (कोड 796)' को प्रारम्भ करके ऐसे आवंटनों को दर्ज करने हेतु एक उपयुक्त लेखांकन क्रियाविधि स्थापित की थी। तदनुसार, केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों की अनुदानों की विस्तृत मांगों में एक योजनागत योजना के

अंतर्गत सामान्य योजना', अनुसूचित जातियों हेतु विशेष संघटक' तथा जनजातीय क्षेत्र उप-योजना' हेतु अलग बजट सीमाओं सहित पृथक रूप से प्रावधान प्राप्त किया जाता है। अनुसूचित जाति हेतु विशेष संघटक' तथा जनजातीय क्षेत्र उप-योजना' के अंतर्गत किए गए प्रावधान को, एस.सी.एस.पी. तथा टी.एस.पी. के अंतर्गत अन्य योजनाओं में उन्हीं लघु शीर्षों को छोडकर, पुनर्विनियोजित किया जाना अनुमत नहीं है, ताकि विपथन की किसी भी संभावना से बचा जा सके।

जी.एफ.आर.-2005 के नियम 48 के नीचे परिशिष्ट-3 के पैरा 4 (जिसमें बजट बनाने के लिये अनुदेश समाहित हैं) में प्रावधान है कि जहां एक योजना/ परियोजना पर प्रारम्भिक खर्चों की पूर्ति हेतु या आकस्मिक स्थितियों की पूर्ति हेतु तात्कालिक उपायों मापदण्डों का प्रावधान किया जाना हो, के अतिरिक्त, बजट में एक मुश्त प्रावधान नहीं किये जायेंगे, जो वित्तीय वर्ष में चालू करने हेतु, सैद्धान्तिक तौर पर स्वीकृत किए जा चुके हैं।

(क) वर्ष 2015-16 के लिए अनुदान सं. 60-उच्चतर शिक्षा विभाग के समेकित सार के साथ विनियोग लेखे की संवीक्षा से पता चला कि विभाग ने अनुदान के लिए पूरक मांग में सामान्य घटक, अनुसूचित जाति के लिये विशेष संघटक योजना तथा जनजाति उप-योजना के अन्तर्गत राशि विशेष घटक वार ब्यौरे दिए बिना अनुदान के उसी भाग में उपलब्ध बचतों से वस्तु-शीर्ष '31 सहायता अनुदान सामान्य' (2202.03.102.10.01.31) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, केन्द्रीय विश्वविद्यालय योजना के लिए पुनर्विनियोग हेतु ₹350 करोड़ का सांकेतिक पूरक प्राप्त किया (मार्च 2016)।

₹350 करोड़ के एकमुश्त पूरक को संसद के विशेष पूर्व अनुमोदन बिना योजना के तीन घटकों के बीच संविभाजित किया गया था। चूंकि व्यय आर्थिक सहायता अनुदान पर किया गया व्यय होने पर बजट प्रभाग के ओएम दिनांक 25 मई 2006 के अनुसार नई सेवा/ सेवा के नए साधन की सीमाओं के उल्लंघन में था; इसलिए तीन योजनाओं के लिए अलग-अलग संसद का राशि-विशेष पूर्व अनुमोदन आवश्यक था जिसे प्राप्त नहीं किया गया था।

विभाग ने बताया (सितंबर 2016) कि ₹350 करोड़ के पुनर्विनियोग हेतु टोकन अनुपूरक अनुदान मार्च 2016 में अधिसूचित पूरक अनुदान की मांग (एसडीजी) के तीसरे बैच में प्राप्त किया गया था। इस राशि को एससीएसपी तथा टीएसपी संघटको के अतंर्गत अनुपूरक मांगों भी शामिल थी।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि एससीएसपी तथा टीएसपी संघटको हेतु राशि-विशिष्ट स्वीकृति को 26 मार्च 2016 को वित्त मंत्रालय के बजट प्रभाग द्वारा जारी एसडीजी के तीसरे बैच में दर्शाया नही गया था।

(ख) इसी प्रकार, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान सं. 109 में, मंत्रालय ने अनुदान हेतु अनुपूरक मांग में सामान्य सघंटक, अनुसूचित जाति हेतु विशेष सघंटक योजना तथा जनजातीय क्षेत्र उप-योजना हेतु राशि विशिष्ट सघंटक-वार ब्यौरा प्रदान किए बिना वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदाने' (2204.00.104.50.00.35) के अतंर्गत शहरी खेल अवसरंचना योजना हेतु ₹20 करोड़ के पुनर्विनियोग हेतु एक टोकन अनुपूरक प्राप्त किया था। मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि ₹20.00 करोड़ का टोकन अनुपूरक अनुदान वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदाने' के अतंर्गत ससंद से प्राप्त किया गया था।

मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अनुपूरक अनुदान केवल सामान्य सघंटक में शहरी खेल अवसरंचना विकास के लिए थी। इसकी बजाए मंत्रालय को प्रत्येक सघंटक हेतु अलग से राशि विशिष्ट स्वीकृति प्राप्त करनी चाहिए थी क्योंकि डीडीजी में सभी तीनों सघंटको की अलग बजट रेखा थी।

4.7 वस्तु शीर्ष '42- एकमुश्त प्रावधान' के अतंर्गत अधिक प्रावधान प्राप्त करना

वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली के नियम 8 में अनुबंधित है कि एकमुश्त शीर्ष (वस्तु शीर्ष 42) के अंतर्गत, प्रावधान में योजना/उप योजना/संगठन, जहां प्रवाधान ₹10 लाख से अधिक नहीं होते हैं, से सम्बंधित व्यय शामिल होगा। सभी अन्य मामलों में व्यय का ब्यौरा अवश्य दिया जाना चाहिए।

वर्ष 2015-16 के लिए तीन अनुदानो के विनियोग लेखे की जांच में पता चला कि निम्नलिखित मामलों में वर्तमान नियमों के अन्तर्गत व्यय के पूर्ण विवरण के साथ संसदीय अनुमोदन प्राप्त करने के बजाय ₹10 लाख से अधिक के एकमुश्त प्रावधान प्राप्त किए गए थे।

तालिका 4.12: एक मुश्त प्रावधान

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	प्रावधान	व्यय	मंत्रालय/विभाग का उत्तर
		(₹लाख में)		
अनुदान सं.29- उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय				
1.	2552.00.800.03.00.42 एनईसी सचिवालय में	30.00	7.10	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते समय, मंत्रालय ने बताया (अगस्त

	परियोजना, योजना एवं मॉनीटरिंग सैल की स्थापना			2016) कि ₹30.00 लाख का प्रावधान उत्तर पूर्वी परिषद में परियोजना, योजना तथा मॉनीटरिंग सैल की स्थापना के लिए किया गया था। चूंकि व्यय में विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत व्यय शामिल थे इसलिए इस प्रकार के सभी व्ययों को निर्धारित वस्तु शीर्षों के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किया जा सकता था। तथापि वर्ष 2016-17 के लिए ₹10.00 लाख का प्रावधान कथित शीर्ष के अतंर्गत प्राप्त किया गया था।
अनुदान सं. 34-आर्थिक कार्य विभाग				
2.	5475.00.800.12.00.42 अवसरंचना विकास व्यवहार्यता अतंर निधीयन हेतु सहायता	102850.00	62350.00	विभाग का उत्तर प्रतिक्षित था (अक्तूबर 2016)।
अनुदान सं.35-वित्तीय सेवाएं विभाग				
3.	3475.00.105.04.00.42 कार्यालय कोर्ट परिसमापक, कोलकात्ता को एकमुश्त प्रावधान का भुगतान	70.00	40.02	वित्तीय सेवाएं विभाग ने बताया (सितंबर 2016) कि कार्यालय कोर्ट परिसमापक, कोलकता की मद वार बजटीय आवश्यकता प्राप्त कर ली गई थी तथा इसका वर्ष 2016-17 हेतु वित्त मंत्रालय की डीडीजी में प्रावधान कर दिया गया था।

4.8 अतंरिक्ष विभाग में त्रूटिपूर्ण संस्वीकृति आदेशों को जारी करना

परिशिष्ट-3 तथा 4 के साथ पठित सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 का नियम, 48 सगंठन द्वारा वस्तु शीर्ष स्तर पर पूर्ण लेखा वर्गीकरण सहित व्यय के अनुमान तैयार करने के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 का नियम 25(1) आदेश देता है कि व्यय हेतु सभी संस्वीकृतियां सबंधित अनुदान अथवा विनियोग में प्रावधानों के विवरणों को दर्शाएंगी जिससे इस प्रकार के व्यय को पूरा किया जाना है। परियोजना के वित्तीय प्रोफाईल को बेहतर समझने के लिए विनियोग की इकाई पर आधारित लागत अनुमानों को वित्तीय संस्वीकृतियों में सूचित किया जाना अपेक्षित है।

वर्ष 2015-16 के लिए अनुदान सं. 93-अतंरिक्ष विभाग के विनियोग लेखाओं की जाँच ने प्रकट किया कि अनुदानों की विस्तृत मांग में अनुमान अथवा व्यय योजनागत तथा गैर-योजनागत व्यय हेतु अलग से राजस्व तथा पूंजीगत लेखाओं पर वस्तु स्तर तक पूर्ण लेखा वर्गीकरण के साथ तैयार किए गए थे जैसी संघ सरकार के अन्य मंत्रालयो/विभागों में प्रचलित प्रक्रिया है। तथापि लेखापरीक्षा संवीक्षा ने प्रकट किया कि:-

- अतंरिक्ष विभाग द्वारा, व्यय करने को प्राधिकृत करते हुए, जारी संस्वीकृति आदेश राजस्व तथा पूंजीगत लेखाओं और राजस्व तथा पूंजीगत लेखाओं के अंतर्गत योजनागत तथा गैर-योजनागत को अलग से डेबिट किए जाने वाले व्यय की राशि को अलग से निर्धारित नहीं करता है।
- संस्वीकृति आदेश वर्गीकरण के छठे टियर तक पूर्ण निर्देशन प्रदान करने के बजाए केवल उप शीर्ष स्तर अर्थात् वर्गीकरण का चौथा टियर तक वर्गीकृत किए जाने वाले व्यय की राशि को निर्धारित करते हैं। इस प्रकार, अतंरिक्ष विभाग में प्राधिकारियों द्वारा जारी संस्वीकृति आदेश त्रूटिपूर्ण थे क्योंकि वह व्यय को उचित प्रकार से दर्ज करने तथा वर्गीकरण के सबंध में स्पष्ट निर्देश प्रदान नहीं करते थे।

संस्वीकृति आदेशों में वर्गीकरण के ब्यौरो के अभाव में यह स्पष्ट नहीं था कि राजस्व तथा पूंजीगत लेखाओं में छठे टियर तक वर्गीकरण को दर्शा कर लेखाओं को कैसे तैयार तथा सकंलित किया गया है। जारी वित्तीय संस्वीकृति आदेशो के निर्दर्शी मामलों का **तालिका 4.13** में ब्यौरा दिया गया है।

तालिका 4.13: त्रूटिपूर्ण वित्तीय संस्वीकृति आदेशों के निर्दर्शी मामले

क्र.सं.	सस्वीकृति सं. तथा दिनाँक	परियोजना का नाम (लेखाशीर्ष)	संस्वीकृत करने वाला प्राधिकारी	राशि (₹ करोड़ में)
1.	सं.सी12012/1/2013.धारा 3 दिनाँक 5 जून 2015	पीएसएलवी निरतंर कार्यक्रम परिचालन वायुयान पीएसएलवी सी 36 से सी 50 (3402.00.101.04, 5402.00.101.20)	कैबिनेट सचिवालय	3090.00
2.	सं.सी.12011/4/2014.धारा .3 दिनाँक 29 मई 2015	जीसेट 18 संचार उपग्रह (3252.00.053.17, 5252.00.203.13) तथा लॉचं सेवाएं (3252.00.053.18, 5252.00.203.14)	कैबिनेट सचिवालय	1022.00
3.	सं.सी.12011/3/2014.धारा.3 दिनाँक 29 मई 2015	जीसेट 17 संचार उपग्रह (3252.00.053.15, 5252.00.203.11) तथा लॉचं सेवाएं (3252.00.053.16, 5252.00.203.12)	कैबिनेट सचिवालय	1013.20
4.	सं.सी.19013/81/2014. धारा 3 दिनाँक 20 मई 2015	कार्टोसेट-3 रिमोट सेंसिग उपग्रह (3402.00.101.51, 5402.00.101.44)	सदस्य वित्त, अंतरिक्ष	351.16

क्र.सं.	सस्वीकृति सं. तथा दिनाँक	परियोजना का नाम (लेखाशीर्ष)	संस्वीकृत करने वाला प्राधिकारी	राशि (₹ करोड़ में)
			आयोग	
5.	सं.सी.12029/1/2015. धारा.3 दिनाँक 6 नवम्बर 2015	ओसिनसेट-3/ 3ए रिमोट सेंसिग उपग्रह (3402.00.101.54, 5402.00.101.47)	अंतरिक्ष आयोग	797.17
6.	सं.सी.19013/44/2014. धारा 3 दिनाँक 20 अप्रैल 2015	जीसेट 19 अंतरिक्षयान परियोजना (3252.00.053.19, 5252.00.203.15)	डीओएस	94.00
7.	सं.सी.12034/2/2015. धारा 3 दिनाँक 27 मई 2015	नासा-इसरो सिंथेटिक छिद्र राडार मिशन एनआईएसएआर (3402.00.101.61, 5402.00.101.54)	अंतरिक्ष आयोग	513.00
8.	सं.सी.12026/1/2015. धारा 3 दिनाँक 23 दिसंबर 2015	आरआईएसएटी आईए उपग्रह परियोजना (3402.00.101.53, 5402.00.101.46)	सदस्य वित्त, अंतरिक्ष आयोग	490.00
9.	सं.सी.12032/1/2009. धारा 3 (भाग-II) 20 नवम्बर 2015	आदित्य एल 1 अंतरिक्ष यान परियोजना हेतु संशोधित लागत अनुमान (3402.00.103.14, 5402.00.103.07)	सदस्य वित्त, अंतरिक्ष आयोग	378.53
		कुल		7749.06

मामले पर नि.म.ले.प. के वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 हेतु प्रतिवेदन सं. 1 में भी टिप्पणी की गई थी परंतु विभाग द्वारा कोई विवेकी कार्रवाई नहीं की गई थी।

अभ्युक्ति को स्वीकार करते समय विभाग ने उत्तर दिया (जुलाई 2016) कि वह भविष्य में विनियोग की इकाई अर्थात् वर्गीकरण के छठे टियर तक के आधार पर परियोजना संस्वीकृति आदेश जारी करने हेतु आवश्यक कार्रवाई कर रहा था।

4.9 अनुदान के एक ही वर्ग के अंतर्गत मुख्य शीर्षों में गलत वर्गीकरण

वर्ष 2015-16 हेतु अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) से सबंधित अनुदान सं. 93 के समेकित सार की तुलना में शीर्षवार विनियोग लेखाओं की लेखापरीक्षा संवीक्षा ने अनुदान के एक ही वर्ग के अतंर्गत मुख्य शीर्षों में गलत वर्गीकरण के निम्नलिखित मामले प्रकट किए।

तालिका 4.14: अनुदान के एक ही वर्ग के अतंर्गत मुख्य शीर्षों में गलत वर्गीकरण

क्र.सं.	मुख्य शीर्ष	वस्तु शीर्ष	व्यय (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
1.	3252	01/11/13/20 /27/28/50	1.70	डीओएस के विकासात्मक मिशनों (उपग्रह तथा लॉचं वाहनों) को प्रौद्योगिकीयों का प्रदर्शन करना है तथा प्रचालन मिशन मूल्य वसूली हेतु प्रत्याशित है। इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए डीओएस ने विकासात्मक उपग्रह को विकासात्मक लॉचं वाहन तथा प्रचालन उपग्रह को प्रचालन लॉचं वाहनों में लॉचं किया। डीओएस ने अप्रैल 2015 में जीसेट 19 प्रौद्योगिकी

				प्रदर्शन उपग्रह को संस्वीकृत किया तथा व्यय को अतंरिक्ष अनुसंधान मुख्य शीर्ष 3402 के बजाए इनसेट प्रचालन मुख्य शीर्ष 3252 के अतंर्गत दर्ज किया है।
2.	5252	52/60	3.97	डीओएस के विकासात्मक मिशनों (उपग्रह तथा लॉचं वाहनों) को प्रौद्योगिकीयों का प्रदर्शन करना है तथा प्रचालन मिशन मूल्य वसूली हेतु प्रत्याशित है। इस प्रकार डीओएस ने विकासात्मक उपग्रह को विकासात्मक लॉचं वाहन तथा प्रचालन उपग्रह को प्रचालन लॉचं वाहनों में लॉचं किया। डीओएस ने अप्रैल 2015 में जीसेट 19 प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह को संस्वीकृत किया तथा किए गए व्यय को अतंरिक्ष अनुसंधान मुख्य शीर्ष 5402 के बजाए इनसेट प्रचालन मुख्य शीर्ष 5252 के अतंर्गत दर्ज किया है।
कुल			**5.67**	

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते समय डीओएस ने उत्तर दिया (जुलाई 2016) कि डीडीजी 2016-17 में जीसेट-19 हेतु बजट प्रावधान राजस्व तथा पूंजीगत वर्गों में क्रमश: मुख्य शीर्ष '3402' तथा '5402' के अतंर्गत किया गया है।

4.10 सबंधित उप-शीर्ष के गैर-प्रचालन के कारण व्यय का गलत वर्गीकरण

डीओपीटी के निर्देशों के अनुसार विभागीय कैन्टीनों से सबंधित विभिन्न व्ययों को मुख्य लेखाशीर्ष, जिसमें मंत्रालय/विभाग से सबंधित व्यय को आमतौर पर डेबिट किया जाता है, के अतंर्गत लघु शीर्ष "800-अन्य व्यय" के नीचे एक नए उप-शीर्ष 'विभागीय कैन्टीन' के अतंर्गत उपयुक्त वस्तु शीर्ष के अतंर्गत दर्ज किया जाना है, जैसा वित्तीय शक्तियों का प्रत्योजन नियमावली के नियम 8 के तहत प्रावधान है, तथा इसे उस प्रकार दर्शाना है जैसा अनुदानों हेतु विस्तृत मांगो में दर्शाया गया है।

वर्ष 2015-16 हेतु अनुदान सं. 93-अतंरिक्ष विभाग की संवीक्षा ने प्रकट किया कि विभाग की विभिन्न इकाईयों ने 2015-16 के दौरान विभागीय कैन्टीन के अनुरक्षण पर किए गए ₹2.40 करोड़ के व्यय को गलत वर्गीकृत किया जैसा **तालिका 4.15** में दिया गया है।

तालिका 4.15: व्यय का गलत वर्गीकरण

क्र.सं.	मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	उप शीर्ष	पीएओ	व्यय (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
1	3402	001	01	इसरो मुख्यालय	0.95	विभागीय कैन्टीन पर किए गए व्यय, जिसे '3402.00.800- 'अन्य व्यय' के नीचे एक अलग उप-शीर्ष के अतंर्गत दर्ज किया जाना अपेक्षित था, को उप शीर्ष '3402.00.001.01' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
2	3451	090	18	इसरो मुख्यालय	0.20	विभागीय कैन्टीन पर किए गए व्यय, जिसे '3402.00.800 अन्य व्यय' के नीचे एक अलग उप-शीर्ष के अतंर्गत दर्ज किया जाना अपेक्षित था, को उप-शीर्ष '3451.00.090.18' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
3	3402	101	10	आईएसएसी केन्द्र	1.25	विभागीय कैन्टीन पर किए गए व्यय, जिसे '3402.00.800 अन्य व्यय' के नीचे एक अलग उप-शीर्ष के अतंर्गत दर्ज किया जाना अपेक्षित था, को उप-शीर्ष '3402.00.101.10' के अतंर्गत दर्ज किया गया था।
कुल					**2.40**	

डीओएस ने उत्तर दिया (जुलाई 2016) कि वस्तु शीर्ष 'अन्य प्रशासनिक सेवाएं' के अतंर्गत कैन्टीन पर व्ययों को दर्ज किया जाना डीओएस द्वारा व्यय दर्ज करने के सारांश के अनुसार किया गया था तथा इसलिए सही है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग ने डीओपीटी के निर्देशों के विरूद्ध कार्य किया था।

रक्षा अनुदानें

4.11 पूंजीगत अनुदान से राजस्व अनुदान में कुल ₹1976.72 करोड़ की निधि का अप्राधिकृत अतंरण

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बजट नियमपुस्तिका 2010 का पैरा 3.2 बताता है कि तीन अवसर हैं जब तकनीकी अनुपूरक[1] मांग की जा सकती है (क) चार वर्गों

[1] जब किसी एक खंड में बचत है तथा उसे किसी विभिन्न खंड के अंतर्गत दूसरी योजना के लिए उपयोग करने हेतु प्रस्तावित किया जाता है, यह 'तकनीकी अनुपूरक' द्वारा संसद से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही किया जा सकता है।

अर्थात् राजस्व (प्रभारित), राजस्व (दत्तमत्त), पूंजीगत (प्रभारित) तथा पूंजीगत (दत्तमत्त) में से किसी से अभ्यर्पण तथा इसका मांग के अतंर्गत अन्य वर्ग में उपयोग करना, (ख) एक मांग से अन्य मांग में योजना का स्थानातंरण जिसका परिणाम उस मांग, जिसमें से योजना का स्थानांतरण किया गया है, से राशि के अभ्यर्पण तथा अन्य मांग जिसमें योजना का स्थानांतरण किया गया है, में इसके उपयोग में होगा तथा (ग) छूट/बट्टे खाते।

रक्षा मंत्रालय में अनुदानों हेतु छः मांगे (अनुदान सं. 23 से 28) है, अनुदान सं. 23 से 27 राजस्व वर्ग से सबंधित है तथा अनुदान सं. 28 पूंजीगत वर्ग से संबंधित है।

वर्ष 2015-16 के लिए रक्षा अनुदानों की जांच के दौरान, यह प्रकट हुआ कि ₹660.95 करोड़ की राशि का तकनीकी अनुपूरक पर आधारित मांग सं. 28 से मांग सं. 26 - रक्षा आयुध फैक्टरी को अंतरण हुआ था। यह तकनीकी अनुपूरक बजट मैन्यूअल में शामिल निर्देशों के उल्लंघन में था।

तकनीकी अनुपूरक प्राप्त करना तथा निधियों का एक मांग से दूसरे में बिना किसी योजना के अंतरण की इस गलत प्रक्रिया, के विषय में सीएजी के 2015 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 1 तथा 2015 के 50 में बताया गया था। फिर भी, मंत्रालय द्वारा कोई सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए हैं।

आगे, संविक्षा ने प्रकट किया कि ₹660.95 करोड़ के तकनीकी अनुपूरक राशि के प्रति, मंत्रालय ने ₹1976.72 करोड़ पूंजीगत मांग से राजस्व मांग (मांग सं. 26 सहित) को अंतरित किया था, जिसके परिणामस्वरूप तकनीकी पूरक द्वारा आवृत नहीं की गई सीमा तक निधियों का अनधिकृत अंतरण हुआ।

मंत्रालय के पास मामले को सितंबर 2016 में भेजा गया था। मंत्रालय ने अपने उत्तर (अक्तूबर 2016) में बताया कि बीई-2015-16 एवं प्रत्येक अनुदान के अंतर्गत 2015-16 के दौरान प्राप्त अनुपूरक अनुदानों के प्रावधान, 2015-16 हेतु संशोधित विनियोग (एम.ए.) पर अंतिम आबंटन से अधिक था। अतः एम.ए. 2015-16 पर वि.मं. द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि हेतु संसद से तकनीकी अनुपूरक की आवश्यकता नहीं थी।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पूंजीगत मांग से राजस्व मांग में किसी धनराशि के अंतरण को बजट नियम पुस्तिका 2010 के पैरा 3.2 के अनुसार तकनीकी अनुपूरक से आवृत्त करना आवश्यक होता है।

4.12 वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' को प्रावधान का सवंर्धन

वित्त मंत्रालय ने 'नई सेवा/सेवा के नए साधन' से संबंधित वित्तीय सीमाओं पर दिशानिर्देश (एनएस/एनआईएस) से संबंधित का.ज्ञा. दिनाँक 25 मई 2006 के संदर्भ में स्पष्ट किया (21 मई 2012) कि वस्तु शीर्ष '53-मुख्य निर्माण कार्य' के अतंर्गत सवंर्धन पर एनएस/एनआईएस के मामलों के संबंध में ₹2.5 करोड़ अथवा पहले से दत्तमत विनियोग के 10 प्रतिशत से अधिक निधियों के संवर्धन से संबंधित सभी मामलों को, इस तथ्य का ध्यान किए बिना कि संवर्धन नए निर्माण कार्य अथवा मौजूदा निर्माण कार्य के लिए है, ससंद की पूर्व स्वीकृति अपेक्षित होगी।

रक्षा सेवाओं के विनियोग लेखाओं की वर्ष 2015-16 की मांग सं. 28-पूंजीगत परिव्यय की संवीक्षा ने प्रकट किया कि टोकन प्रतिपूरक के द्वारा 4076.01-सेना के अंतर्गत संसद से ₹1588.00 करोड़ का प्राधिकरण प्राप्त किया जिसमें से ₹2099.86 करोड़ की राशि को तीन उप-शीर्षों को पुनर्विनियोजित किया गया था। जैसा **तालिका 4.16** में ब्यौरा दिया गया है।

तालिका 4.16: वस्तु शीर्ष 'मुख्य निर्माण कार्य' को प्रावधान का सवंर्धन

(₹ करोड़ में)

लेखा शीर्ष	पुनर्विनियोग की राशि	टोकन अनुपूरक अनुदानों के माध्यम से ससंद से प्राप्त प्रावधान (दूसरे एसडीजी में)	अधिक व्यय
मुख्य शीर्ष-4076-पूंजीगत परिव्यय (अनुदान-28)			
01-थल सेना 202-निर्माण कार्य (दत्तमत्त)	1774.20	1588.00	186.20
02- नौ सेना 202- निर्माण कार्य	76.00	0	76.00
03-वायु सेना 202-निर्माण कार्य (दत्तमत्त)	249.66	0	249.66
कुल	**2099.86**	**1588.00**	**511.86**

इसका परिणाम संसद की पूर्व-स्वीकृति के बिना ₹511.86 करोड़ के संवर्धन में हुआ जिससे नई सेवा/सेवा के नए साधन में कमी के रूप में हुआ था।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (जून 2016) में वि.मं. के ओएम दिनाँक 25 मई 2006 का उद्धरण दिया तथा बताया कि निर्माण कार्य व्यय से सबंधित सीमाओं सहित उपर कथित सीमाएं रक्षा सेवाएं अनुमानों के मामले में सुरक्षा के विचार के तहत इन विभागो पर लागू होगीं।

उसने आगे बताया कि 4076-01-202 (थल सेना-निर्माण कार्य) के अतंर्गत ₹1774.20 करोड़ तथा 4076-03-202 (वायु सेना-निर्माण कार्य) के अंतर्गत ₹249.66 करोड़ का पुनर्विनियोग को परिवर्तित विनियोग (एमए) स्तर (2015-16) पर प्रस्तावित किया गया था तथा वह सचिव (व्यय) द्वारा उचित प्रकार से स्वीकृत थे।

उत्तर इस तथ्य के अनुसार स्वीकार्य नहीं है क्योंकि थलसेना, नौ सेना तथा वायु सेना के अतंर्गत 2015-16 के रक्षा सेवा अनुमानों में 'निर्माण कार्य' हेतु अलग बजट सीमा थीं तथा सवंर्धन की वित्तीय सीमांए प्रत्येक बजट सीमा हेतु अलग से लागू थी। इसके अतिरिक्त 'निर्माण कार्य' के अतंर्गत किया गया व्यय वस्तु शीर्ष 'मुख्य निर्माण कार्य' की श्रेणी के अतंर्गत आता है इस प्रकार वित्त मंत्रालय के 25 मई 2006 के ओएम में निर्धारित सवंर्धन की वित्तीय सीमाएं सुरक्षा के विचार के तहत, समान रूप से रक्षा को भी लागू होती है। इस प्रकार प्राधिकृत प्रावधानों से ऊपर किए गए ₹511.86 करोड़ के अधिक व्यय को ससंद की पूर्व स्वीकृति अपेक्षित थी।

डाक विभाग

4.13 ₹51.26 करोड़ की 'नगद अनुपूरक' अनुदान का अप्राधिकृत संवितरण

वर्ष 2015-16 के लिए डाक विभाग से संबंधित अनुदान सं. 14 के अतंर्गत ससंद से प्राप्त अनुदानों हेतु अनुपूरक मांगो के दूसरे बैच की जाँच ने प्रकट किया कि ₹40.00 करोड़ तथा ₹11.26 करोड़ की नगद अनुपूरक[2] अनुदानों को योजनागत

[2] नकद अनुपूरक राशि मूल बजट प्रावधानों से अधिक है तथा जिसका परिणाम मांग/सहायता अनुदान के लिए आवंटन की वृद्धि में हुआ।

योजनाओं हेतु क्रमश: राजस्व दत्तमत्त तथा पूंजीगत-दत्तमत्त वर्ग के अंतर्गत प्राप्त किया गया था जैसा नीचे ब्यौरा दिया गया है:

- ₹40.00 करोड़ की मुख्य शीर्ष '3201-डाक सेवाएं' के अतंर्गत भारतीय डाक बैंक तथा नेटवर्क सघंटन की स्थापना के प्रति आवश्यकता थी।
- ₹11.26 करोड़ की मुख्य शीर्ष '5201-डाक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय' के अंतर्गत लंबित मामलों के निपटान हेतु "बैंकिंग तथा डाक जीवन बीमा समाधानों का विकास एवं परिनियोजन" के अंतर्गत भुगतान करने के प्रति आवश्यकता थी।

शीर्ष-वार विनियोग लेखाओं की विस्तृत संवीक्षा ने प्रकट किया कि ₹40.00 करोड़ की कुल अनुपूरक अनुदान में से केवल ₹37.45 करोड़ को मुख्य शीर्ष '3201-डाक सेवाएं' के अंतर्गत दर्शाया गया था जबकि ₹2.55 करोड़ की शेष राशि को मुख्य शीर्ष 2552-एनई क्षेत्र हेतु आबंटन के अंतर्गत दर्शाया गया था।

इसी प्रकार, ₹11.26 करोड़ की कुल अनुपूरक अनुदान में से ₹8.68 करोड़ को मुख्य शीर्ष '5201-डाक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय' के अतंर्गत दर्शाया गया था तथा ₹2.58 करोड़ की शेष राशि को मुख्य शीर्ष 4552 के अंतर्गत दर्शाया गया था। ब्यौरे **तालिका 4.17** में दिए गए है। :

तालिका 4.17: अनुपूरक अनुदानों का अप्राधिकृत संवितरण

क्र.स.	लेखा शीर्ष	राशि (₹ करोड़ में)
राजस्व दत्तमत्त खंड (योजनागत)		
1.	3201.02.104.01- अनुसंधान एवं विकास	30.20
2.	3201.03.101.12-भारतीय डाक बैंक की स्थापना	7.25
	एमएच-3201 के अतंर्गत अनुपूरक चित्रण	**37.45**
3.	2552.02.104.01-अनुसंधान एवं विकास	1.80
4.	2552.03.101.12-भारतीय डाक बैंक की स्थापना	0.75
	एमएच- 2552 के अतंर्गत अनुपूरक चित्रण	**2.55**
	कुल	**40.00**
पूंजीगत दत्तमत खंड (योजनागत)		
5.	5201.00.104.62-परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू)	8.68
6.	4552.00.104.62-परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू)	2.58
	कुल	**11.26**

इसका परिणाम वर्तमान प्रावधानों के उल्लघंन में अप्राधिकृत संवितरण तथा शीर्ष वार विनियोग लेखाओं में अनुपूरक अनुदान के दर्शाए जाने में हुआ।

विभाग ने बताया (नवम्बर 2016) कि योजना खंड के अंतर्गत मूल आवंटन ₹468.61 करोड़ था, जिसे वर्ष 2015-16 के लिए एसडीजी के दूसरे बैच द्वारा ₹51.26 करोड़ (दत्तमत) तथा ₹0.13 (प्रभारित) का अतिरिक्त आवंटन प्रदान कर संशोधित अनुमान स्तर पर ₹520 करोड़ बढ़ाया गया था।

इसने आगे बताया कि अतिरिक्त आवंटन उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत अनिवार्य को ध्यान में रखकर किए गए थे जिसमें ₹2.55 करोड़ तथा ₹2.58 करोड़ क्रमशः मुख्य शीर्ष 2552 तथा 4552 के अंतर्गत शामिल किए गए थे।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग संसद द्वारा संस्वीकृत अनुपूरक अनुदान के मूल लक्ष्य को परिवर्तित नहीं कर सकता है।

4.14 निष्कर्ष

संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित विनियोग लेखे में कमी, वित्तीय नियमावली का पालन नहीं होना आदि लेखापरीक्षा में पाया गया है, जो कि संपादित लेखाओं की परिशुद्धता पर प्रभाव डालता है। करों की वापसी पर ब्याज के भुगतान के लिए संसद से बजटीय प्रावधान की अनुपलब्धता, नई सेवा/सेवा के नए साधन से संबंधित अनुदेशों का पालन नहीं होना जो कि लोक लेखा समिति की सहमति से पारित हुए थे, गलत वस्तु शीर्ष के अंतर्गत प्राप्त प्रावधान, प्राप्त करना जो गलत वर्गीकरण का कारण बना जिसका राजस्व घाटे पर प्रभाव है। कुछ क्षेत्र है जो मुख्य लेखा प्राधिकारी की जानकारी में होना चाहिए। इसके साथ ही, भारत की संचित निधि से लेन-देन पारित किए गए थे जो लोक लेखे में लेखाबद्ध होने थे तथा मूल्य विशिष्ट प्रावधानों की जगह एकमुश्त अनुपूरक प्रावधान प्राप्त किए गए थे तथा रक्षा मंत्रालय में निधियों को पूंजीगत अनुदान से राजस्व अनुदानों में अप्राधिकृत प्रकार से अंतरण किया गया भी पाया गया था जिसके लिए सुधारात्मक कार्रवाई अपेक्षित थी।

5: सहायता-अनुदान: एक विश्लेषण

5.1 प्रस्तावना

सहायता-अनुदान एक सरकार द्वारा अन्य सरकार, संस्थान अथवा व्यक्ति विशेष को प्रदान की गई सहायता, दान अथवा अंशदानों के रूप में किए गए भुगतान हैं। सहायता-अनुदान संघ सरकार द्वारा राज्य सरकारों तथा/अथवा पंचायती राज संस्थानों को प्रदान की जाती हैं। संघ सरकार अन्य अभिकरणों, निकायों तथा संस्थानों को भी सहायता अनुदान के रूप में पर्याप्त निधियां प्रदान करती है। इसी प्रकार, राज्य सरकारें अभिकरणों, निकायों तथा संस्थानों जैसे कि विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, सहकारिता संस्थानों तथा अन्य को भी सहायता अनुदान संवितरित करती हैं। इस प्रकार, जारी किए गए अनुदानों का उपयोग इन अभिकरणों, निकायों तथा संस्थानों द्वारा दिन-प्रतिदिन के संचालन व्ययों को पूरा करने तथा सेवाओं के वितरण के अतिरिक्त पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु किया जाता है।

5.2 व्यय की प्रवृत्ति

सहायता अनुदान नकद अथवा सेवा के रूप में प्रदान किया जाता है, किंतु इसे, उस उद्देश्य जिसके लिए यह प्रदान किया गया है, पर विचार किए बिना अनुदान दाता के खातों में हमेशा राजस्व व्यय के रूप में दर्ज किया जाना होता है। 2014-15 तथा 2015-16 की अवधि के दौरान, सहायता-अनुदान पर व्यय संघ सरकार के राजस्व व्यय (रेलवे को छोड़कर) का लगभग 27 *प्रतिशत* था, जैसा कि नीचे **चार्ट 5.1** में दर्शाया गया है।

चार्ट 5.1: राजस्व व्यय के समानुपात के रूप में सहायता-अनुदान



स्रोत : (i) राजस्व व्यय - वित्त लेखे (रेलवे को छोड कर)

(ii) सहायता-अनुदान - महा लेखा नियंत्रक के कार्यालय द्वारा प्रदत्त ई-लेखा डाटा डम्प (नवम्बर 2015 और अक्तूबर 2016)। डाटा में रेलवे को छोड़कर व्यय, वसूलियों का निवल शामिल है (वस्तु शीर्ष -70 वसूलियों की कटौती)।

(iii) सहायता-अनुदान आंकड़े में केवल राजस्व वर्ग के अंतर्गत दर्ज सहायता अनुदान ही शामिल है।

2014-15 की तुलना में, 2015-16 में सहायता अनुदान में निरपेक्ष रूप में चार *प्रतिशत* की वृद्धि हुई तथा राजस्व व्यय में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सहायता अनुदान व्यय बजट तथा लेखों में विभाजन के सबसे नीचे स्तर पर अर्थात एक वस्तु शीर्ष के रूप में दर्शाया गया है। 2008-09 तक सहायता अनुदान पर संघ सरकार के व्यय को एक ही वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान' के अंतर्गत दर्ज किया जाता था। वर्तमान में इस व्यय को दर्ज किए जाने हेतु अलग से तीन वस्तु शीर्ष संचालित किए जा रहे हैं। ये वस्तु शीर्ष 31-सहायता अनुदान सामान्य; 35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान तथा; 36-सहायता अनुदान वेतन हैं। वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' को वित्तीय वर्ष 2009-10 से खोला गया था तथा विद्यमान वस्तु शीर्ष नामत: '31- सहायता अनुदान' को वित्तीय वर्ष 2010-11 से संशोधित कर '31-सहायता अनुदान सामान्य' पढ़ा जाने

लगा। आगे वस्तु शीर्ष '36-सहायता अनुदान-वेतन' को वित्तीय वर्ष 2011-12 से खोला गया था।

नीचे दिया गया **चार्ट 5.2** 2014-15 तथा 2015-16 में राजस्व लेखे के अंतर्गत संघ सरकार द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न प्रकार के सहायता अनुदानों को दर्शाता है।

चार्ट 5.2: सहायता-अनुदान के प्रकार (₹करोड़ में)



स्रोत:- महा लेखा नियंत्रक के कार्यालय द्वारा प्रदत्त ई-लेखा डाटा डम्प (नवम्बर 2015 और अक्तूबर 2016)। डाटा में रेलवे को छोड़कर व्यय, वसूलियों का निवल शामिल है (वस्तु शीर्ष -70 वसूलियों की कटौती)।

5.2.1 प्रभारित तथा दत्तमत सहायता-अनुदान

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए सहायता अनुदान व्यय में से प्रभारित व्यय लगभग 15 *प्रतिशत* था जो कि वर्ष 2015-16 के दौरान 20 प्रतिशत तक बढ़ गया था। ये अनुदान, जो प्रकृति में गैर-योजनागत होते हैं, संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के अनुसार बनाए गए हैं।

चार्ट 5.3, 2014-15 तथा 2015-16 की अवधि के राजस्व लेखे के अंतर्गत प्रभारित तथा दत्तमत सहायता अनुदानों का विभाजन दर्शाता है।

चार्ट 5.3: प्रभारित तथा दत्तमत सहायता-अनुदान (₹ करोड़ में)



स्रोत: महा लेखा नियंत्रक के कार्यालय द्वारा प्रदत्त ई-लेखा डाटा डम्प (नवम्बर 2015 और अक्तूबर 2016)। डाटा में रेलवे को छोड़कर व्यय, वसूलियों का निवल शामिल है (वस्तु शीर्ष -70 वसूलियों की कटौती)।

5.2.2 योजनागत तथा गैर-योजनागत अनुदान

संघ सरकार द्वारा, नियोजित योजनाओं के निष्पादन हेतु तथा अन्य उद्देश्यों दोनों हेतु सहायता अनुदान प्रदान किए जाते हैं। **चार्ट 5.4** योजनागत तथा गैर-योजनागत वर्ग के अधीन सहायता अनुदानों के विभाजन दर्शाता है। सहायता अनुदानों का एक बड़ा हिस्सा नियोजित योजनाओं के निष्पादन हेतु प्रदान किया गया सहायता अनुदान है। 2014-15 तथा 2015-16 के दौरान योजनागत सहायता अनुदान का अंश राजस्व लेखे के अंतर्गत कुल सहायता अनुदान का क्रमश: 74.86 प्रतिशत तथा 64.40 *प्रतिशत* था।

चार्ट 5.4: योजनागत और गैर-योजनागत सहायता-अनुदान (₹करोड़ में)



स्रोत: महा लेखा नियंत्रक के कार्यालय द्वारा प्रदत्त ई-लेखा डाटा डम्प (नवम्बर 2015 और अक्तूबर 2016)। डाटा में रेलवे को छोड़कर व्यय, वसूलियों का निवल शामिल है (वस्तु शीर्ष -70 वसूलियों की कटौती)।

2014-15 की तुलना में 2015-16 में योजनागत व्यय में ₹32,237.31 करोड़ की कमी हुई जबकि गैर योजनागत में ₹50,973 करोड़ की वृद्धि हुई।

5.3 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और विद्युत मंत्रालय में सहायता अनुदान पर व्यय की विस्तृत जांच

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और ऊर्जा मंत्रालय में सहायता अनुदान पर किए गए व्यय की समीक्षा लेखापरीक्षा में की गई ताकि अनुदानों को जारी करने तथा उसकी अनुवीक्षण पद्धती एवं किए गए व्यय की गुणवत्ता एवं प्रभावकारिता, आदि के संदर्भ में आश्वासन प्राप्त हो सके। ऐसी समीक्षा से निकले परिणामों की चर्चा नीचे दिए गए पैराग्राफों में की गई है।

5.4 अनुदान सं. 48-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

5.4.1 प्रस्तावना

संघ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वन के लिए सहमत तथा प्रमुख सक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण उन्नयन तथा पारम्परिक स्वदेशी चिकित्सा पद्धति उन्नयन हेतु उत्तरदायी है।

मंत्रालय के निम्नलिखित तीन विभाग है:

i. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग;
ii. स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग; एवं
iii. एड्स नियंत्रण विभाग

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग स्वास्थ्य देखभाल जिसमें जागरूकता अभियान, टीकाकरण अभियान, निवारक दवाईयाँ, और सार्वजनिक स्वास्थ्य शामिल हैं के लिए जिम्मेदार है विशेषकर वह परिवार कल्याण मुख्यत: प्रजनन स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, बाल चिकित्सा, सूचना, शिक्षा एवं संचार; एनजीओ और अंतर्राष्ट्रीय सहायता दलों के साथ सहयोग; और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित पहलुओं के लिए उत्तरदायी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत 29 स्वायत्त निकाय हैं।

5.4.2 बजट एवं व्यय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का कुल राजस्व व्यय 2013-14 में ₹ 26,799.55 करोड़, 2014-15 में ₹ 29,055.74 करोड़ और 2015-16 में ₹ 31,177.01 करोड़ था। सहायता अनुदान पर व्यय विभाग के राजस्व व्यय के प्रमुख घटकों में से एक था। विवरण **तालिका 5.1** में दिए गए हैं।

तालिका 5.1: राजस्व लेखे पर प्रावधान और व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	प्रावधान		राजस्व व्यय		सहायता-अनुदान में व्यय		व्यय की तुलना में सहायता अनुदान की प्रतिशतता	
	योजनागत	गैर योजनागत	योजनागत	गैर योजनागत	योजनागत	गैर योजनागत	योजनागत	गैर योजनागत
2013-14	29,165.00	4,113.00	22,137.70	4,661.85	19963.50	1,767.04	90.18	37.90
2014-15	30,145.00	4,518.00	23,406.65	5,649.09	21312.01	2,007.74	91.05	35.54
2015-16	24,549.00	5,104.00	25,137.41	6,039.60	22742.37	2,322.16	90.47	38.45

स्रोत: लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) डाटा के अनुसार प्रधान लेखा कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना।

वर्ष 2013-14 से 2015-16 हेतु वस्तु शीर्षों '31-सहायता अनुदान सामान्य' '35 पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' तथा '36 सहायता अनुदान वेतन' द्वारा अनुदानों पर योजनागत व्यय का विसमूहन **तालिका 5.2** में दिया गया है।

तालिका 5.2: सहायता अनुदान पर वस्तु शीर्ष-वार योजनागत व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16
31-सहायता अनुदान-सामान्य	16418.93 (82.24)	18005.99 (84.49)	18058.45 (79.40)
35-पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	2829.96 (14.18)	2341.30 (10.98)	3447.16 (15.16)
36-सहायता अनुदान वेतन	714.61 (3.58)	964.72 (4.53)	1236.76 (5.44)
कुल	**19963.50**	**21312.01**	**22742.37**

स्रोत: प्रधान लेखाकार कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
कोष्ठक में आंकड़े कुल योजनागत सहायता अनुदान की प्रतिशतता दर्शाते हैं।

तालिका से यह स्पष्ट है कि 'सहायता अनुदान सामान्य' पर व्यय 2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान विभाग द्वारा अनुदानों पर किए गए कुल योजनागत व्यय का सहायता अनुदान (79 प्रतिशत से लेकर 84 प्रतिशत तक) पर कुल व्यय का बड़ा भाग संस्थापित करता था।

5.4.3 सहायता अनुदान पर व्यय का माह-वार प्रवाह

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 के नियम 212(1) के अनुसार, मंत्रालय अथवा विभाग को पूरे वर्ष में व्यय का एक समान प्रवाह सुनिश्चित करना चाहिए।

वर्ष के दौरान विभाग के योजनागत व्यय के प्रवाह की जांच विभाग द्वारा प्रदत्त सूचना की मदद से की गयी। यह पाया गया कि विभाग ने वर्ष 2013-14 से 2015-16 के दौरान सहायता अनुदान जारी करते समय उपरोक्त प्रावधान का पालन नहीं किया था।

2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान योजनागत सहायता अनुदान पर मासिक व्यय का प्रवाह वर्ष भर एक समान नहीं था। सहायता अनुदान पर योजनागत व्यय का बड़ा भाग जून माह में (2013-14 के दौरान 19.72 प्रतिशत और 2015-16 के दौरान 26.81 प्रतिशत) और 2014-15 के दौरान सितम्बर में 20.26 प्रतिशत था, जबकि 2013-14 से 2015-16 और वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 के लिए जनवरी की अवधि के दौरान अप्रैल, अक्तूबर और नवम्बर के महीनों में व्यय नगण्य था।

5.4.4 डी.डी.जी. में अनुसूची को संलग्न न करना

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बजट परिपत्र के अनुसार, विभाग से गैर-सरकारी निकायों को सहायता अनुदान के भुगतान हेतु बजट अनमानों में शामिल प्रावधानों को दर्शाते हुए विस्तृत अनुदानों की मांग (डीडीजी) में अनुसूची संलग्न करना अपेक्षित है। वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 के लिए ₹5.00 लाख के सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले निजी एवं स्वैच्छिक संगठनों की सूची डीडीजी में शामिल की जानी थी। हालांकि

संवीक्षा से पता चला कि वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 के दौरान दो निजी संगठनों[1] को संस्वीकृत ₹12.54 करोड़ एवं ₹6.87 करोड़ की राशि डीडीजी में शामिल नहीं पाई गई थी।

उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।

5.4.5 सरकारी अनुदान में से अनुदानग्राहियों द्वारा सृजित पूंजीगत परिसंपत्तियों के डाटाबेस का गैर-अनुरक्षण

वित्त वर्ष 2009-10 से एक नया वस्तु शीर्ष 'पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' शुरू किया गया जिसमें पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान ग्राही निकायों को जारी अनुदानों को सुस्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना था। लेखाओं का मुख्य सिद्धांत है कि बही में परिसम्पत्तियां दर्ज करने करने के लिए परिसंपत्तियों का स्वामित्व इकाई के पास होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 के नियम 215(3)(1) आदेश देता है कि प्रायोजित परियोजनाओं तथा योजनाओं के निधीयन के मामले में यह अनुबंध किया जाना चाहिए कि ऐसी निधियों से सृजित अथवा प्राप्त भौतिक तथा बौद्धिक परिसम्पत्तियों का स्वामित्व प्रायोजक के पास रहेगा।

विभाग द्वारा प्रदत्त डाटा के विश्लेषण से पता चला कि 2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान वस्तु शीर्ष 35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के अंतर्गत ₹8,618.42 करोड़ के कुल अनुदान जारी किए थे जिसमें से ₹2,379.07 करोड़ की राशि 17 स्वायत्त निकाय/संस्थानों को जारी किए गए थे।

इसके अतिरिक्त, अनुदान जारी करने से संबंधित अनुदान-वार/प्रभाग-वार अभिलेखों की जांच से पता चला कि :-

- केवल एक धारा "अनुदानों से सृजित परिसंपत्तियों का मंत्रालय की अनुमति के बिना निपटान नहीं जाएगा" को अनुभागों/डिवीजनों द्वारा संस्वीकृति आदेश में दर्ज किया गया था।

(i) भारतीय चिकित्सा संघ, नई दिल्ली और (ii) कैथोलिक विशप कान्फ्रैंस ऑफ इंडिया का सम्मेलन, दिल्ली

- अभिलेखों/डाटाबेस में अनुदानग्राही का नाम, सृजित परिसम्पत्तियों के ब्यौरे, ऐसी परिसम्पत्तियों का स्वामित्व आदि, के ब्यौरे को विभाग के अनुभागों में अनुरक्षित नहीं किया गया था।
- विभाग में ऐसा कोई तंत्र नही था जिससे अनुदानग्राही निकायों को पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु जारी किए गए सहायता अनुदान के उचित उपयोग को मॉनीटर किया जा सके।

इस प्रकार, किसी प्रासंगिक वस्तुसूची के न होने की वजह से तथा उपयुक्त मॉनीटर प्रणाली के अभाव में यह आश्वासन प्राप्त नहीं हो सका कि इस वस्तु शीर्ष के अंतर्गत दर्ज 2013-14 से लेकर 2015-16 की अवधि में 17 स्वायत्त निकायों/संस्थानों को जारी किए गए सहायता अनुदान की राशि ₹2,379.07 करोड़ से वास्तविक रूप में परिसम्पत्तियों का सृजन हुआ जिसके लिए इन्हें जारी किया गया था।

विभाग ने लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को स्वीकार किया और बताया (सितम्बर 2016) कि अनुपालन हेतु लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को नोट कर लिया गया था।

5.4.6 सहायता अनुदान के रजिस्टर का अनुरक्षण न किया जाना

जी.एफ.आर. 212(4)(क) तथा सी.ए.एम. के पैरा 4.27.2 के अनुसार, दोहरे भुगतान की संभावना से बचने के लिए मंजूरीदाता प्राधिकारी द्वारा फार्म क्रमश: जी.एफ.आर.-39 तथा सी.ए.एम.-28 में दिए गए प्रपत्र में अनुदानों के एक रजिस्टर का अनुरक्षण किया जाएगा। किसी भी बिल पर तब तक हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे जब तक कि उसे अनुभाग के अनुदान रजिस्टर में संबंधित संस्वीकृति के प्रति दर्ज न किया गया हो। यह एकमुश्त संस्वीकृति के मामले में किश्तों, यदि कोई हो, में भुगतानों पर निगरानी करने हेतु भी सुविधा प्रदान करता है।

यह पाया गया था कि विभाग के आठ अनुभागों/प्रभागों ने स्वायत्त संस्थानों को ₹3315.18 करोड़ के सहायता अनुदान जारी किए थे परंतु अनुभागीय स्तर पर अनुदानों के रजिस्टर को अनुरक्षित नहीं किया गया था।

इस प्रकार, अनुदानों के रजिस्टर के गैर-अनुरक्षण के कारणवश कोडल प्रावधान का उल्लंघन हुआ और अनुदानों की संस्वीकृति/संवितरण/उपयोग की मॉनीटरिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था।

विभाग ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया और बताया (सितम्बर 2016) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया था।

5.4.7 संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन न किया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 के नियम 208 (vii) के अनुसार प्रतिवर्ष ₹5 करोड़ से अधिक के सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले सभी संगठनों के प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) करना होगा, जिसमें अनुरूप इनपुट आवश्यकताओं के साथ कार्य के कार्यक्रम और आउटपुट में सुधार के विवरण स्पष्ट रूप से बताए जाने चाहिए। निष्पादन परिणाम को इकाईयों के रूप में दिए गए आउटपुट लक्ष्य को इन संगठनों को प्रदत्त सहायता का बजटीय आधार बनना चाहिए।

अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि 2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान विभाग द्वारा 19 संस्थानों/संगठनों (कुल मिलाकर ₹11,824.18 करोड़) को ₹5 करोड़ से अधिक के अनुदान किए गए थे, परंतु इन संगठनों के साथ विभाग द्वारा समझौता ज्ञापन नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, संस्वीकृति आदेशों में (एम.ओ.यू) करने की आवश्यकता को भी नहीं दर्शाया गया था।

विभाग ने बताया (सितम्बर 2016) कि अभ्युक्ति को अनुपालन के लिए नोट कर लिया गया था।

5.4.8 उपयोग प्रमाणपत्रों में अपेक्षित सूचना का प्रकटीकरण न किया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 के नियम 212(1) के नीचे नोट 2 में बताया गया है कि केन्द्रीय स्वायत्त संगठनों के संदर्भ में, उपयोगिता प्रमाणपत्र में किए गए व्यय और भंडारों एवं परिसंपत्तियों के आपूर्तिकर्ताओं निर्माण अभिकरणों, स्टाफ (मकान निर्माण एवं वाहन के क्रय, आदि) को दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों को अलग से दर्शाया जाना चाहिए जिसे अप्रयुक्त अनुदानों के रूप में माना जाएगा परंतु आगे

ले जाना स्वीकार्य हैं। अगले वर्ष के लिए अनुदानों का विनियमन करते हुए, आगे ले जाई गई राशि को भी ध्यान में रखा जाएगा।

स्वायत्त निकायों (ए.बी.)/संस्थान द्वारा विभाग के समक्ष प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाणपत्रों की नमूना जांच से पता चला कि 2013-14 से 2014-15 की अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं, निर्माण अभिकरणों, स्टाफ सदस्यों आदि, को ए.बी./संस्थानों द्वारा ₹1581.15 करोड़ के ऋणों एवं अग्रिमों का संवितरण कर दिया गया परंतु किए गए वास्तविक व्यय और दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों जिसमें व्यय शामिल नहीं था से संबंधित अलग प्रस्तुतिकरण नहीं किया गया था। इस प्रकार, अपेक्षित सूचना के अभाव में विभाग ने संपूर्ण अनुदानों को संबंधित स्वायत्त निकायों/संस्थानों द्वारा प्रयुक्त किया जा चुका माना।

विभाग ने बताया (सितम्बर 2016) कि अनुपालना हेतु अभ्युक्ति को नोट कर लिया गया था।

5.4.9 स्वायत्त संगठनों के समकक्ष समीक्षा न किया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली का नियम 208 (V) स्वायत्त संगठनों के कार्य के आकार तथा प्रवृत्ति के अनुसार प्रत्येक तीन अथवा पांच वर्षों पर बाह्य अथवा समकक्ष समीक्षा के एक तंत्र का प्रावधान करता है। ऐसी समीक्षा में अन्य बातों के साथ-साथ यह ध्यान देना चाहिए जैसे कि क्या उद्देश्यों की प्राप्ति हुई जिसके लिए संगठन स्थापित किया गया था; संगठन की गतिविधियों को जारी रखा जाये या नहीं क्योंकि या तो वे अब प्रासंगिक नहीं थी अथवा पूर्ण हो चुकी थी या अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में काफी हद तक असफल रही थी; क्या सेवा प्रदान करने के लिए उपयोग शुल्क उचित दरों से लगाए गए थे; आंतरिक संसाधन बढ़ाये जाने की गुंजाईश की समीक्षा ताकि सरकारी बजटीय सहायता पर निर्भरता आदि को कम किया जाए, आदि विषयों पर भी इस समीक्षा में बल दिया जाना चाहिए।

2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान, विभाग ने 19 स्वायत्त निकायों/संस्थानों को ₹11824.18 करोड़ का कुल सहायता अनुदान जारी किया था,

परंतु इन निकायों/संस्थानों का कोई बाह्य या समकक्ष समीक्षा विभाग द्वारा कभी भी संचालित नहीं करवाई गई थी।

विभाग ने बताया (सितम्बर 2016) कि अभ्युक्ति को अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया।

5.4.10 निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्टों का प्रस्तुतीकरण न किया जाना

जीएफआर का नियम 212(3)(i) निर्धारित करता है कि अनुग्राही संस्थान या संगठन से अपेक्षित है कि वह निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्ट को वित्त वर्ष समाप्त होने के पश्चात् प्रस्तुत करेंगे। इस संदर्भ में संबधित संस्वीकृति प्राधिकरण द्वारा समय सीमा निर्धारित की जा सकती है और इस आवश्यकता को सहायता अनुदान संस्वीकृति आदेश में शामिल किया जाना जाना चाहिए।

विभाग द्वारा स्वायत्त निकायों/अभिकरणों/संस्थानों/आदि को दिए गए सहायता-अनुदान हेतु संस्वीकृति आदेशों के नमूना परीक्षण में पता चला कि ये संस्वीकृति आदेश इस आवश्यकता की और उस समय-सीमा को चिन्हित नहीं करते जिसमें अनुदेयी संगठनों द्वारा निष्पादन सह उपलब्धि प्रतिवेदन जमा करना अपेक्षित हो। इसके अलावा, संवीक्षा से उद्घाटित हुआ कि विभाग में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरंत बाद निष्पादन-सह-उपलब्धि की प्राप्ति को मॉनीटर करने के लिए कोई तंत्र मौजूद नहीं था।

विभाग ने बताया (सितम्बर 2016) कि अभ्युक्तियों को अनुपालना हेतु दर्ज कर लिया गया है।

5.4.11 अवास्तविक बजट अनुमान

जीएफआर का नियम 209(6)(ii) व्यवस्था करता है कि अनुदेयी संस्थानों को सहायता अनुदान की संस्वीकृति अथवा अनुदान प्रदान करने में विलंब से बचने के लिए मंत्रालय या विभाग को सरकारी अनुदान पाने की इच्छा रखने वाले संस्थान या संगठन को जिस वर्ष के लिए सहायता-अनुदान माँगा गया हो उसे पूर्ववर्ती वर्ष के अक्तूबर माह की समाप्ति तक समर्थन ब्यौरों सहित अपनी आवश्यकता प्रस्तुत

करने के लिए दबाव डालना चाहिए। मंत्रालय अथवा विभाग को उनके अनुरोधों की जॉच को शीघ्रातिशीघ्र अंतिम रूप दिया जाना चाहिए और जहॉ अनुदान की संस्वीकृति तय की जाए वहॉ आवश्यक बजट प्रावधान किये जाने चाहिए। संस्थानों या संगठनों को उत्तरगामी वर्ष के अप्रैल तक उनके अनुरोधों के परिणाम सूचित किए जाने चाहिए।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से उद्घाटित हुआ कि विभाग ने विभिन्न संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित किये जाने वाले निम्नलिखित योजनाओं में उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं किया था, जिसके ब्यौरे **तालिका 5.3** में दिये गये हैं। 2013-14 से 2015-16 की अवधि हेतु ₹180.02 करोड़ के कुल बजट प्रावधान में से; संपूर्ण प्रावधान योजना के शुरूआत नहीं होने के कारण विभाग द्वारा जारी नहीं किया जा सका। यह अवास्तविक बजट मूल्यांकन को दर्शाता है।

तालिका 5.3: सहायता अनुदान के अंतर्गत बजट प्रावधान के प्रति समग्र बचतों के ब्यौरे

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	योजना का नाम	लेखा शीर्ष	वर्ष	बजट प्रावधान	जारी की गई राशि	बचतें	बचतों की %	बचतों के कारण
1	राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड	2210.05.800.05	2013-14	30.00	0.00	30.00	100	योजना आरंभ न होने के कारण
			2014-15	0.01	0.00	0.01		
			2015-16	0.01	0.00	0.01		
2	स्वास्थ्य बीमा (सीजीईआईपीएस)	2210.06.800.39	2013-14	50.00	0.00	50.00	100	योजना आरंभ न होने के कारण
			2014-15	50.00	0.00	50.00		
			2015-16	50.00	0.00	50.00		
					कुल	**180.02**		

5.4.12 मंत्रालय की वेबसाईट पर अनुदानग्राही निकायों से संबंधित सूचना का अधूरा प्रकटीकरण

सा.वि.नि. का नियम 209(1) सहायता अनुदान देने के लिए सिध्दांतों तथा प्रक्रिया संचालन में निर्धारित करता है कि सहायता अनुदान की मांग कर रहे संस्थान अथवा संगठन को यह प्रमाणित करना चाहिए कि इसने भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी अन्य मंत्रालय अथवा विभाग से एक ही उद्देश्य अथवा कार्य हेतु अनुदान प्राप्त अथवा आवेदन नहीं किया है। कथित नियम के नीचे दी गई टिप्पणी

में भी बताया गया है कि सहायता अनुदान में पुनरावृत्ति से बचने हेतु मंत्रालय अथवा विभाग को अपनी वेबसाईट पर प्रदान की गई अनुदानों की राशि तथा उद्देश्य के ब्यौरे सहित संस्थानों अथवा संगठनों की एक सूची रखनी चाहिए।

यह देखा गया कि अनुदानग्राही संस्थानों/संगठनों के नाम वाली एक सूची मंत्रालय की वैबसाईट (*www.mohfw.gov.in*) पर मौजूद है। तथापि, उनको दिए गए अनुदान की राशि तथा उद्देश्य के ब्यौरों का उल्लेख इसमें नहीं किया गया था। ऐसी सूचना के उजागर होने के अभाव में अनुदानग्राही द्वारा अन्य मंत्रालयों/विभागों से उसी उद्देश्य हेतु सहायता अनुदान की प्राप्ति को नकारा नहीं जा सकता था। उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।

5.4.13 बकाया उपयोग प्रमाण-पत्र (यू सी)

जी.एफ.आर. 2005 का नियम 212(1) निर्धारित करता है कि किसी संगठन के संस्थान संबंधी अनुवर्ती अनुदान का वास्तविक उपयोग, जिस उद्देश्य हेतु संस्वीकृति किया गया था, का उपयोगिता जीएफआर 19-क फार्म में प्रस्तुत करने की अनिवार्यता संस्वीकृति आदेश में दर्ज की जानी चाहिए। आवर्ती अनुदानों के संबंध में यू सी में यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि क्या विनिर्दिष्ट, परिभाषित एवं गुणात्मक लक्ष्य जिनकी उपलब्धि प्रयुक्त राशि के प्रति हुई थी, प्राप्त हुए थे और यदि नही, तो उसके कारण क्या थे। यू.सी. में इनपुट आधारित निष्पादन मूल्यांकन के बजाय आउटपुट आधारित निष्पादन मूल्यांकन शामिल होना चाहिए। आवर्ती अनुदानों के मामले में ,संबंधित मंत्रालय व विभाग को परवर्ती- वित्त वर्ष हेतु किसी प्रकार की संस्वीकृति धनराशि को तभी जारी करना चाहिए जब पूर्ववर्ती वित्त वर्ष हेतु अनुदानों से संबंधित यू सी जमा किये जाएं।

इसके अतिरक्त यू सी को संबंधित संस्थान या संगठन द्वारा वित्त वर्ष की समाप्ति के बारह माह के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। ऐसे यू.सी. की प्राप्ति की संबंधित मंत्रालय या विभाग द्वारा संवीक्षा की जानी चाहिए। जहाँ अनुदेयी से निर्धारित समय में ऐसा प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं होता, ऐसे मामलों में मंत्रालय अथवा

विभाग के पास ऐसे संस्थानों या संगठनों को किसी भावी सरकारी अनुदान, छूट या अन्य प्रकार की वित्तीय सहायता से वंचित करने की स्वतंत्रता होगी। इस तथ्य को भी जीएफआर के नियम 209(1) के अंतर्गत नोट में संदर्भित वेबसाइट पर डालना होगा।

विभाग द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार, ₹8055.27 करोड़ के कुल 3786 उपयोगिता प्रमाण-पत्र 31 मार्च 2016 तक बकाया थे जिसके ब्यौरे **अनुबंध 5**.1 में दिए गये हैं। अनुदानों की पूर्ववर्ती अवधि जिसके लिए यू.सी. बकाया थे, वे वर्ष 1976 से संबंधित थे। विभाग द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों की जॉच से उजागर हुआ कि विभाग ने न तो दोषी संस्थानों/संगठनों को काली सूची में डालने का कार्य शुरू किया और न ही उसने 2011-12 के बाद बकाया यू.सी. के लम्बन को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया था।

चूंकि यू.सी. की प्राप्ति ही इसका एकमात्र साक्ष्य है कि निधियों का अभिप्रेत उद्देश्यों हेतु उपयोग हुआ है, विभाग को अनुदेयी निकायों द्वारा यू.सी. की समय से प्रस्तुति को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र बनाना चाहिए/निधियों के गबन/दुर्विनियोजन की संभावना से उन मामलों में इंकार नहीं किया जा सकता जहॉ अनुदेयी संगठनों ने यू.सी. की प्रस्तुति असाधारण रूप से विलंबित की थीं।

उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।

5.4.14 त्रुटिपूर्ण आंतरिक निरीक्षण

संघ सरकार के लेखे के विभागीकरण की योजना लेखाओं में परिशुद्धता तथा लेखांकन ढ़ाँचे के संचालन में दक्षता को सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक लेखापरीक्षा संगठन की स्थापना का प्रावधान करती है।

जीएफआर का नियम 212(1) यह भी व्यवस्था करता है कि मंत्रालय या विभाग के आंतरिक लेखापरीक्षा दलों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन तथा भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं वर्ष हेतु प्राप्त निष्पादन प्रतिवेदनों, यदि कोई हो, का भी आगे अनुदानों की संस्वीकृति प्रदान करने में ध्यान में रखा

जाएगा। विभाग का आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुख्य लेखा नियंत्रक के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है और विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकायों/संस्थानों आदि सहित इकाइयों की आंतरिक लेखापरीक्षा करने के लिए जिम्मेदार हैं।

724 इकाइयों में से केवल 97,110 एवं 51 इकाईयों में क्रमश: वर्ष 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 में लेखापरीक्षा आयोजित करने की योजना थी। जबकि, केवल 47, 55 एवं 49 इकाइयों की ही क्रमश: वर्ष 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16 के दौरान लेखापरीक्षा की गयी थी। सहायता अनुदान पर भारी धनराशि व्यय करने के बावजूद, आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध ने विभाग द्वारा सहायता-अनुदान की संवीक्षा नहीं करायी थी। अत: आंतरिक पर्यवेक्षण तंत्र तथा विभाग की गतिविधियाँ व्यय के आकार के साथ अनुपातिक नहीं थीं। एक मजबूत एवं सक्षम आंतरिक प्रबंधन के अभाव में, लेखापरीक्षा में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता था कि विभाग अनुदेयी निकायों के दैनिक कार्य एवं कार्यक्रमों के निष्पादन में नियमों, विनियमों एवं विषय पर मौजूदा निर्देशों का अनुपालन किस प्रकार सुनिश्चित करता है।

उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।

5.5 अनुदान सं. 77-विद्युत मंत्रालय

5.5.1 प्रस्तावना

विद्युत भारतीय संविधान की सातवी अनुसूची के अंतर्गत एक समवर्ती विषय है। विद्युत मंत्रालय मुख्यत: देश में बिजली ऊर्जा के विकास के लिए उत्तरदायी है। मंत्रालय का कार्य परिप्रेक्ष्य नियोजन, नीति निर्माण निवेश निर्णयों हेतु परियोजनाओं छँटाई की प्रसंस्करण, विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग, प्रशिक्षण एवं श्रमशक्ति विकास तथा, जलीय विद्युत उत्पादन, संचार एवं संवितरण से संबंधित विधान के प्रशासन एवं अधिनियम से संबंधित है।

विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत 17 संगठन/निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/निगम आते हैं।

एमओपी ने विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं पर 2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान सहायता-अनुदान के रूप में ₹12,388.60 करोड़ का व्यय किया था। गॉवों/अधिवासों एवं घरों तक बिजली पहुँचने के लिए (ग्रामीण विद्युतिकरण से संबंधित) दीन दयान उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), (वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण से संबंधित),एकीकृत विद्युत योजना (आईपीडीएस) एवं (ग्रिड को सुरक्षित संचालन से संबंधित) विुद्युत प्रणाली विकास निधि (पीएसडीएफ) जैसी योजनाओं के अंतर्गत विकास एवं जीवन स्तर सुधारने के लिए काफी व्यय किया गया था। इन योजनाओं का प्रमुख जोर देश भर में विद्युत अवसंरचना के विकास पर था।

5.5.2 बजट एवं व्यय

मंत्रालय का कुल राजस्व व्यय 2013-14 के ₹3,736.65 करोड़ से बढ़कर 2015-16 में ₹7863.27 करोड़ हो गया था। सहायता-अनुदान पर व्यय मंत्रालय के राजस्व व्यय के प्रमुख घटकों में से एक है जैसाकि **तालिका 5.4** में दर्शाया गया है।

तालिका 5.4: बजट प्रावधान एवं व्यय

वर्ष	बजट प्रावधान (₹ करोड़ में)		राजस्व व्यय (₹ करोड़ में)			सहायता अनुदान पर व्यय (₹ करोड़ में)		राजस्व व्यय की तुलना में सहायत-अनुदान की प्रतिशतता	
	योजनागत	गैर योजनागत	योजनागत	गैर योजनागत	कुल	योजनागत	गैर योजनागत	योजनागत	गैर योजनागत
2013-14	7337.95	707.90	3054.14	682.51	3736.65	3000.33	43.60	98.24	6.39
2014-15	7571.50	166.80	4395.26	242.25	4637.51	3972.80	42.14	90.39	17.40
2015-16	6141.44	178.09	7701.25	162.02	7863.27	5282.67	47.06	68.59	29.05

स्रोत:- वि.मं. द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि 2013-14 से 2015-16 के दौरान, योजनागत राजस्व व्यय के प्रतिशत के रूप में सहायता-अनुदान पर व्यय 98.24 प्रतिशत से घटकर 68.59 प्रतिशत हो गया, जबकि गैर-योजनागत राजस्व व्यय के संबंध में यह 6.39 प्रतिशत से बढ़कर 29.05 प्रतिशत हो गया।

5.5.3 वस्तु शीर्ष-वार व्यय

वर्तमान में, तीन अलग वस्तु-शीर्ष हैं जिनके अंतर्गत सहायता अनुदान व्यय बही खाते में दर्ज किए जाते हैं यथा '31-सहायता-अनुदान सामान्य'; '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' एवं '36-सहायता-अनुदान वेतन'। 2013-14 से 2015-16 की अवधि से जारी किए गये वस्तु-शीर्ष-वार सहायता-अनुदानों के ब्यौरे **तालिका 5.5** में दिये गये हैं।

तालिका 5.5: जारी किए गये वस्तु-शीर्ष-वार सहायता-अनुदान

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	योग
31-सहायता अनुदान सामान्य	126.07 *(4.15)*	290.75 *(7.24)*	182.98 *(3.43)*	599.80
35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	2917.86 *(95.85)*	3724.19 *(92.76)*	5146.75 *(96.57)*	11788.80
कुल	**3043.93**	**4014.94**	**5329.73**	**12388.60**

स्रोत: विद्युत मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना।

कोष्ठक में दिए आंकड़े कुल सहायता अनुदान की प्रतिशतता दर्शाते है।

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदानों पर व्यय मंत्रालय द्वारा सहायता अनुदान पर किये गये कुल व्यय (93 प्रतिशत से लेकर 97 प्रतिशत तक) का उल्लेखनीय भाग निर्मित करता है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने 2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान वस्तु शीर्ष- '36-सहायता अनुदान वेतन' का परिचालन नहीं किया था। जबकि वस्तु-शीर्ष का सृजन वित्त मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2011-12 से किया गया था। इस प्रतिवेदन के अध्याय-IV के पैरा 4.5.2 में इसे उजागर किया गया है।

5.5.4 सहायता अनुदान पर व्यय का माह-वार प्रवाह

सामान्य वित्तीय नियम, 2005 के नियम 212 (1) के अनुसार, मंत्रालय अथवा विभाग की सहायता - अनुदान पर व्यय के प्रवाह को वर्ष भर समान बनाये रखना चाहिए। 2013-14 से 2015-16 की अवधि के दौरान पूंजीगत व्यय के प्रवाह की

जॉच की गयी थी। यह देखा गया कि मंत्रालय के तीनों में से किसी भी वर्ष में सहायता अनुदान जारी करते समय उपरोक्त प्रावधान का पालन नहीं किया था।

सहायता-अनुदान पर पूंजीगत व्यय का बड़ा भाग 2013-14 से 2015-16 की अवधि में सितम्बर (2013-14 के दौरान 25.52 प्रतिशत, 2014-15 के दौरान 53.56 प्रतिशत एवं 2015-16 के दौरान 33.98 प्रतिशत) एवं दिसम्बर (2013-14 के दौरान 28.54 प्रतिशत, 2014-15 के दौरान 21.77 प्रतिशत एवं 2015-16 के दौरान 26.94 प्रतिशत) के माह में खर्च किया गया था, जबकि बहुत छोटा व्यय अप्रैल, जुलाई, अगस्त, अक्तूबर एवं जनवरी में किया गया था।

मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2016) कि समेकित ऊर्जा विकास योजना (आईपीडीएस) के अंतर्गत सहायक-अनुदान लाभार्थी उपयोगिताओं की परियोजना की प्रगति, पूर्व में प्रदत्त धनराशि के उपयोग एवं निधियों के निर्गम हेतु उपयोगिताओं के अनुरोध के आधार पर जारी किया गया था। तथापि तथ्य यही है कि सा.वि.नि. के प्रावधान का पालन नहीं किया गया था।

5.5.5 विद्युत वित्त निगम को धनराशि के निर्गम में विलंब

सिविल लेखा नियम पुस्तिका (सीएएम) के पैरा 2.3.1 के अनुसार, भुगतान के लिए बिलों को उनकी प्राप्ति के सात कार्य दिवसों के भीतर पास करके चैक जारी कर दिए जाने चाहिए। बिलों को जल्दी पास करने और भुगतानों को कम समयांतराल में पूरा करने के प्रयास किये जाने चाहिए और प्रधान सीसीए/सीसीए/सीए को उस संबंध में नियम बनाने के साथ ही उनकी अनुपालना को व्यक्तिगत रूप से मॉनीटर करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, अध्याय-IV के पैरा 10 के अनुसार दिनांक 3 दिसम्बर, 2014 के वि.मं. का का.आ. सं. 26/1/2014-एपीआरडीपी के अंतर्गत जारी निधि संवितरण दिशानिर्देशों के अनुसार यो.मं. से ऊर्जा वित्त नि. (पीएफसी) से उपयोगिताओं और उससे आगे की कड़ी में निधियों के निर्गम में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी एफ एम एस) का उपयोग अनिवार्य है।

आई.पी.डी.एस. के संचालन हेतु राज्य ऊर्जा उपयोगिताओं को अनुदान संवितरित करने के लिए पी.एफ.सी. को वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत ₹146.79 करोड़ की राशि जारी करने के लिए 04 जून 2015 को मंत्रालय ने संस्वीकृति आदेश जारी किया था। संस्वीकृति आदेश की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि अनुदान को पी.एफ.सी. के अलग बैंक खाते में 15 जुलाई 2015 अर्थात् सिविल लेखा नियमपुस्तिका के पैरा 2.3.1 की अनदेखी करते हुए बिल जमा करने की तिथि के 29 दिन बीत जाने के बाद जमा किया गया था।

यह भी नोट किया गया था कि संस्वीकृति आदेश के पैरा 4(ii) के अनुसार, निधियों को राज्य उपयोगिताओं को केवल पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से ही दिया जाना था। 07 जुलाई 2015 को, पी.एफ.एम.एस. पर केवल चार राज्य उपयोगिताओं को दर्ज किया गया था जिसमें नौ उपयोगिताओं हेतु ₹146.79 करोड़ के कुल अनुदान में से पी.एफ.सी. द्वारा ₹50.31 करोड़ तक के कुल अनुदान जारी किए गए थे जिसके प्रति केवल चार राज्य उपयोगिताएं पी.एफ.एम.एस. पर जारी किए गए थे। अत: पी.एफ.एम.एस. में मैपिंग और ₹146.79 करोड़ के शेष निर्गम हेतु पांच उपयोगिताओं में शर्तों की आवश्यक अनुपालना 07 जुलाई 2015 तक लंबित थी।

एमओपी ने अपने उत्तर (अगस्त 2016) में बताया कि लाभग्राही संस्थाओं को निधियाँ उनके द्वारा दिशानिर्देशों के अनुसार शर्तों का अनुपालन करने पर ही जारी की जानी थीं और पीएफसी द्वारा सभी नौ राज्यों में लाभग्राही को पीएफसीएस के माध्यम से पूरे अनुदान के वास्तविक संवितरण की तिथि प्रस्तुत करनी थी।

लेखापरीक्षा ने देखा कि वि.मं. को पीएफसी को निधियों की संस्वीकृति के पूर्व सभी अनुपालनाओं के पालन को सुनिश्चित करना चाहिए था। इसमें विफलता से राज्य लाभग्राहियों को निधियों के संवितरण में 3 से 238 दिनों का विलंब हुआ।

एमओपी ने तथ्यों को स्वीकार करते हुए आगे बताया (सितम्बर 2016) कि पी एफ सी ने वि.मं. से अनुरोध भी किया था कि निधियों के निर्गम हेतु अनुरोध उपयोगिताओं द्वारा आवश्यक शर्तों की अनुपालना के बाद यो.मं. से करना चाहिए

था। तबसे यह प्रक्रिया कार्यान्वित की जा रही है और यो.मं. से धनराशि प्राप्त होने के बाद उपयोगिताओं को निधियों के निर्गम ने कोई विलंब नहीं हुआ था।

5.5.6 सरकारी अनुदानों में से अनुदान ग्राही द्वारा सृजित पूंजीगत परिसम्पत्तियों के डाटा का अनुरक्षण न किया जाना

वित्तीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन नियम (एफआरबीएम) , 2004 के नियम 6 (1) एवं वित्त मंत्रालय के दिनांक अप्रैल 2005 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, सभी मंत्रालयों/विभागों को निर्धारित प्रारूप (प्रपत्र डी-4) में एक परिसम्पत्ति पंजिका का अनुरक्षण करना आवश्यक था ताकि परिसम्पत्ति की स्थिति के बारे में समुचित प्रकटीकरण भारत सरकार के बजट में किया जा सके।

सामान्य वित्तीय नियमावली का नियम 215(3) भी यह निर्धारित करता है प्रायोजित परियोजनाओं और योजनओं के वित्तपोषण के मामले में यह करार दिया जाना चाहिए कि इन निधियों के सृजन अथवा प्राप्त भौतिक एवं बौद्धिक परिसम्पत्ति में स्वामित्व प्रायोजक का होगा। वित्त वर्ष 2009-10 से, एक नये वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' का आरंभ पूंजीगत परिसम्पित्तियों के सृजन हेतु अनुदेही संस्थानों को जारी अनुदानों के स्पष्टत: परिकलित करने के लिए किया गया था।

संबंधित अभिलेखों और संस्वीकृतियों की संवीक्षा के दौरान, यह देखा गया था कि ₹12,388.60 करोड़ के कुल सहायत-अनुदान में से, मंत्रालय ने ₹11,788.80 करोड़ वस्तु शीर्ष '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत **2013-14** से **2015-16** की अवधि के दौरान कार्यान्वयन अभिकरण/अनुदेयी निकायों को, जैसे ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड (आर.ई.सी.) (₹10,651.36 करोड़), ऊर्जा वित्त निगम (पी.एफ.सी.) (₹348.15 करोड़), भारतीय ऊर्जा ग्रिड निगम लिमिटेड (पी.जी.सी.आई.एल.) (₹310.00 करोड़), राष्ट्रीय भार डिस्पैच केन्द्र (एन.एल.डी.सी.) (₹361.78 करोड़) और केन्द्रीय ऊर्जा अनुसंधान संस्थान (सी.पी.आर.आई.) (₹117.51 करोड़) जारी किया था।

मंत्रालय ने संस्वीकृति आदेश में एक धारा जोड़ी थी कि सृजित परिसम्पत्तियों का निपटान मंत्रालय की अनुमति के बगैर नहीं होगा। तथापि, कोई केन्द्रीकृत अभिलेख/डाटाबेस, यथा अनुदेयी के नाम, सृजित परिसम्पत्ति की प्रकृति के साथ सृजन में वास्तविक रूप से प्रयुक्त अनुदानों की राशि, ऐसी परिसम्पत्तियों का स्वामित्व आदि से संबंधित ब्यौरा मंत्रालय द्वारा सत्यापन हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया था। अतः यह सत्यापित नहीं किया जा सका कि क्या संस्वीकृति आदेश में जोड़ी गई धारा में उल्लिखित निर्देशों का पालन किया जा रहा था।

किसी केन्द्रीकृत डाटा के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि क्या ₹11,788.80 करोड़ का कुल व्यय इस वस्तु शीर्ष के अंतर्गत 2013-14 से 2015-16 की अवधि में जारी निधियों को व्यय वास्तव में पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन में प्रतिफलित हुआ था। तथा परिसम्पत्तियों का निपटान बिना किसी अनुमति के नहीं किया जा सकता।

मंत्रालय के ट्रांसमिशन प्रभाग ने बताया कि पीजीसीआईएल ने केवल कुछ उप-स्टेशनों मात्र के लिए ही भूमि अधिग्रहित की है और कोई अन्य परिसंपत्ति नहीं बनायी गयी थी। परिसंपत्ति पंजिका का अनुरक्षण कार्य की प्रगति के अनुसार परिसंपत्ति के सृजन के साथ किया जाना था, जिसे अभी शुरू किया जाना था।

वि.मं. का अन्य कार्यान्वयन अभिकरणों/अनुदेयी निकायों को जारी की गई निधि के संबंध में जवाब प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।

5.5.7 अनुदान ग्राही संगठनों द्वारा उपयोग प्रमाण-पत्रों (यू सी) को निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत नहीं किया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली का नियम 212(1) यह निर्धारित करता है कि प्रपत्र-19क में यू.सी. को अनुदेयी संस्थानों या संगठनों द्वारा वित्त वर्ष की समाप्ति के बारह माह के अंदर प्रस्तुत कर दिया जाए।

सहायता-अनुदान हेतु संस्वीकृतियां निर्धरित करती हैं कि यू.सी. में यह भी प्रकट किया जाना चाहिए कि क्या विनिर्दिष्ट, निर्धारित एवं गुणवत्ता लक्ष्य जिन्हें प्रयुक्त

धनराशि के प्रति प्राप्त किया जाना चाहिए, उसकी वास्तव में प्राप्ति हुई है और यदि नहीं तो उसके कारण। उसमें एक आउटपुट आधारित निष्पादन मूल्यांकन (जीएफआर का नियम 212) शामिल होना चाहिए।

उ.प्र.प. के नमूना परीक्षण एवं अनुदेयी संगठनों द्वारा प्रस्तुत संबंधित अभिलेखों से उजागर हुआ कि जेइआरसी द्वारा जमा उ.प्र.प. में निर्धारित प्रारूप (जीएफआर-19 क) के अनुसार नियंत्रणों के प्रकार को नहीं दर्शाया गया था। जेइआरसी एवं सीइआरसी द्वारा प्रस्तुत उ.प्र.प. में लक्ष्यों एवं उपलब्धियों में संबंधित तथा जीएफआर के नियम 212 के अंतर्गत आवश्यक आउटपुट आधारित किसी निष्पादन मूल्यांकन से संबंधित सूचना भी प्रकट नहीं की गयी थी।

मंत्रालय सुनिश्चित करे कि निर्धारित प्रारूप में पूरे ब्यौरे के साथ उ.प्र.प. की प्रस्तुति हेतु अनुदेयी संस्थानों को समुचित निर्देश दिए गये हैं। वि.मं. का उत्तर प्रतीक्षित था (अक्तूबर 2016)।

5.5.8 निष्कर्ष

सार्वजनिक सेवा वितरण की परिवर्तनशील प्रकृत्ति सहायता अनुदान व्यय में स्थिर तेजी का कारण बनी। वर्ष 2014-15 की तुलना में, सहायता-अनुदान पर व्यय वर्ष 2015-16 के दौरान ₹4,23,789 करोड़ से बढ़कर ₹4,42,525 करोड़ हो गया था, जिससे चार प्रतिशत की समग्र वृद्धि हुई थी। सहायता-अनुदान पर व्यय कुल राजस्व व्यय का लगभग 27 प्रतिशत था जो वर्ष 2015-16 के दौरान कुल ₹16,11,149 करोड़ (रेलवे को छोड़कर) धनराशि का बना।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सहायता-अनुदान के विश्लेषण में आंतरिक मॉनिटरिंग प्रणाली में कमियों का पता चला जैसे कि अनुदानग्राही संगठनों की बाह्य समकक्ष संवीक्षा नहीं करवाना, अनुदानग्राही द्वारा निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्ट को प्रस्तुत नहीं करना, सहायता-अनुदान की पंजिका का अनुरक्षण नहीं करना, आदि। यह भी पाया गया था कि विभाग ने अनुदानग्राही निकायों द्वारा उन्हें जारी अनुदानों में से सृजित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता एवं मूल्य के डाटाबेस का

अनुरक्षण नहीं किया था। विभिन्न अनुदानग्राही संगठनों का उपयोग प्रमाण-पत्र के विलंब होने के बावजूद भी अगले वर्षों में इन अनुदानग्राही संगठनों को अनुदान जारी किए गए थे।

इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय से संबंधित विश्लेषण में भी कमियां पाई गई जैसे कि सहायता-अनुदान-वेतन से संबंधित वस्तु शीर्ष का परिचालन न होना, सरकारी अनुदान में से अनुदानग्राहियों द्वारा सृजित पूंजीगत परिसंपत्तियों के डाटा का अनुरक्षण न होना, योजनागत अनुदानों के व्यय का असमान प्रवाह, आदि। विश्लेषण में यह भी उजागर किया गया कि अनुदानग्राही संगठनों द्वारा उपयोग प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत नहीं किए गए थे।

(मुकेश प्रसाद सिंह)
महानिदेशक लेखापरीक्षा
केन्द्रीय व्यय

नई दिल्ली
दिनांक: 01 दिसम्बर 2016

प्रतिहस्ताक्षरित

(शशि कान्त शर्मा)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

नई दिल्ली
दिनांक: 02 दिसम्बर 2016

अनुबंध

अनुबंध 1.1

(पैराग्राफ 1.3.2.2 के संदर्भ में)

कुल अदत्त आर्थिक सहायता दावों से संबंधित विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	सी.पी.एस.यू./निगम का नाम	वर्ष 2015-16 के दौरान केवल तीन तिमाहियों के बकाया दावे	2015-16 के दौरान प्रस्तुत किए गए चौथी तिमाही के दावे	2015-16 के अंत में बकाया दावों का अंतिम शेष	वर्ष 2015-16 के अंतिम तिमाही दावों के निकाले बिना पिछले वर्षों के बकाया दावों सहित किए दावे
	1	2	3	4	5(4-3)
1.	उर्वरक एवं रसायन ट्रावणकोर लिमि.	121.33	56.35	254.23	197.88
2	राष्ट्रीय उर्वरक लिमि.	2883.23	597.32	4629.17	4031.85
3	राष्ट्रीय रसायन एवं उर्वरक लिमि.	2083.49	986.03	3931.81	2945.78
4	भारतीय खाद्य निगम	37776.56	39898.61	185535.36	145636.75
5	पेट्रोलियम आर्थिक सहायता	27280.06	8873.36	18590.60	9717.24
	कुल	**70144.67**	**50411.67**	**212941.17**	**162529.50**

अनुबंध 2.1

(पैराग्राफ 2.2.1- क के संदर्भ में)

राजस्व और पूँजीगत मुख्य शीर्षों का विवरण जिनके अंतर्गत लघु शीर्ष '800-अन्य व्यय' 2015-16 मे प्रचालित किया गया था जिसे मुख्य शीर्षों के अतंगर्त कुल खर्च के 50 प्रतिशत से ज्यादा लेखाबद्ध किया गया

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल व्यय	लघु शीर्ष -800 के अंतर्गत व्यय	प्रतिशतता
1	2250- अन्य सामाजिक सेवाएँ	72.98	72.58	*99.45*
2	2515- अन्य ग्रामीण विकास	822.46	468.38	*56.95*
3	2711- बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी	254.41	252.70	*99.32*
4	3053- नागरिक उड्डयन	433.16	239.58	*55.30*
5	3275- अन्य संचार सेवाएं	9,524.44	6,291.18	*66.05*
6	4070- अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	30.27	20.82	*68.78*
7	4405- मत्स्य पालन पर पूँजीगत परिव्यय	22.91	13.94	*60.84*
8	4552- उत्तर पूर्वी क्षेत्रों पर पूँजीगत परिव्यय	257.91	152.46	*59.11*
9	4702- लघु सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	62.93	62.36	*99.09*
10	4853- अलौह खनन और धातुकर्म पर पूँजीगत परिव्यय	51.81[1]	51.82	*100*
11	5275- अन्य संचार सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	2,279.81	2,276.28	*99.84*
12	5475- अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	1150.57	671.35	*58.34*
	कुल	**14,963.66**	**10,573.45**	

[1] मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल व्यय, अधिक भुगतान की वसूली के कारण लघु शीर्ष- 800 के अंतर्गत दर्ज किए गये व्यय से कम है ।

अनुबंध 2.2

(पैराग्राफ 2.2.1-ख के संदर्भ में)

ऐसे राजस्व मुख्य शीर्षों का विवरण जिनके अंतर्गत लघु शीर्ष '800-अन्य प्राप्ति' 2015-16 मे प्रचालित किया गया था तथा जिसे प्राप्ति मुख्य शीर्षों के अतंगर्त कुल प्राप्ति के 50 प्रतिशत से ज्यादा लेखाबद्ध किया गया

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल प्राप्तियां	लघु शीर्ष: 800-अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत प्राप्तियां	प्रतिशतता
1.	0029-भूमि राजस्व	21.02	18.70	*88.96*
2.	0047-अन्य राजकोषीय सेवाएं	82.94	82.88	*99.93*
3.	0077-रक्षा सेवाएं - नौसेना	328.77	235.45	*71.62*
4.	0078- रक्षा सेवाएं - वायु सेना	827.95	534.85	*64.60*
5.	0080- रक्षा सेवाएं - अनुसंधान एवं विकास	385.49	385.49	*100.00*
6.	0217-शहरी विकास	0.63	0.63	*100.00*
7.	0221- प्रसारण	6,753.00	5,684.34	*84.18*
8.	0230- श्रम एवं रोजगार	39.87	35.19	*88.26*
9.	0405- मत्स्य पालन	16.78	14.04	*83.67*
10.	0408- खाद्य भंडारण एवं वेयरहाऊसिंग	2.09	2.09	*100.00*
11.	0425- सहकारिता	0.22	0.21	*95.45*
12.	0435- अन्य कृषि कार्यक्रम	17.44	13.37	*76.66*
13.	0515- अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	0.50	0.50	*100.00*
14.	0701- मध्यम सिंचाई	17.35	17.35	*100.00*
15.	0702- लघु सिंचाई	1.24	1.24	*100.00*
16.	0801- विद्युत	15,211.35	11,193.26	*73.58*
17.	1055- सड़क परिवहन	150.35	150.35	*100.00*
18.	1056- अंतरमार्गीय जल परिवहन	10.08	10.08	*100*
19.	1452- पर्यटन	22.24	21.72	*97.66*
20.	1456- नागरिक आपूर्ति	0.98	0.98	*100.00*
	कुल	**23,890.29**	**18,402.72**	

अनुबंध 2.3

(पैराग्राफ 2.2.2- क के संदर्भ में)

सरकारी खाते से बाहर विनियामकों की निधियां

क्र. सं.	विनियामकों/स्वायत्त निकायों का नाम	निवेशों/पूंजीगत निधि का प्रकार	राशि *(₹ करोड़ में)*
1.	भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड	आधिक्य निधि/कोर्पस निधि	1,705.00
2.	बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण	आधिक्य निधि	104.18
3.	पेंशन निधि विनियामक विकास प्राधिकरण	पूंजीगत/कोर्पस निधि	20.40
4.	भारतीय चिकित्सा परिषद	सावधि जमा	427.20
5.	भारतीय दंत चिकित्सा परिषद	विशेष सावधि जमा प्राप्ति (एसटीडीआर)	114.06
6.	भारतीय भेषज परिषद	सावधि जमा प्राप्तियां	36.08
7.	भारतीय नर्सिंग परिषद	बैंक के साथ एफडीआर	31.89
8.	केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद	सावधि जमा	1.91
9.	केन्द्रीय भारतीय औषधि परिषद	लोक जमा खाता	10.45
10.	भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानकीकरण प्राधिकरण	अपने संसाधनों से निवेश	110.95
11.	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद	बैंक के साथ एफडीआर सामान्य	930.00
12.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	बचत बैंक खाता	470.26
13.	भारतीय पुनर्वास परिषद	सामान्य आरक्षित निधि	10.72
कुल			**3,973.10**

अनुबंध 2.4

(पैराग्राफ 2.4.3 के संदर्भ में)

निष्क्रिय आरक्षित निधियां/जमाएं दर्शाती विवरणी

क्र. सं.	शीर्ष का नाम	निधि की प्रकृति	31 मार्च 2016 को शेष (₹ हजार में)	कब से निष्क्रिय
1.	8116.102-रेलवे राजस्व आरक्षित निधियां- निवेश खाते	आरक्षित निधि	1,099	2001-02
2.	8116.XXX-रेलवे-ब्रांच लाईन कंपनियों को ऋण		1,177	2001-02
3.	8121.XXX-स्टाफ लाभ निधि (रेलवे)–निवेश खाता		100	1999-2000
4.	8121.111-आकस्मिक आरक्षित निधि - विद्युत		13,075	2006-07
5.	8223.101-अकाल सहायता निधि		3	2008-09
6.	8229.101-शिक्षा उद्देश्यों हेतु विकास निधियां		7	2002-03
7.	8229.102- चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य के लिए विकास निधियां		60	2002-03
8.	8229.108-खनन क्षेत्र विकास निधियां		102	2002-03
9.	8230.101-विशेष रेलवे सुरक्षा निधि (वाणिज्यिक)		58,11,202	2008-09
10.	8230.102- विशेष रेलवे सुरक्षा निधि (सामरिक)		1,66,624	2007-08
11.	8235.101-सरकारी वाणिज्यिक विभागों/उपक्रमों का सामान्य आरक्षित निधियां		7,586	2008-09
12.	8235.105-सामान्य बीमा निधि		26,13,201	2005-06
13.	8235.113-राष्ट्रीय नवीकरण निधियां		1,77,020	2008-09
14.	8337.103-भारतीय रेलवे सम्मेलन एसोसिएशन कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि - निवेश खाता	जमा	6,512	2001-02
15.	8342.107-संपदा शुल्क कर भुगतान के लिए जमा		131	2008-09
16.	8342.110- दूरभाष आवेदन जमाएं		22,39,801	2005-06
17.	8342.111-टेलेक्स आवेदन जमाएं		79,306	2003-04
18.	8342.114- पट्टे पर दूरसंचार सुविधा जमाएं		16,947	2001-02

19.	8342.108- आयकर, सुपर कर, अधिक लाभ, कर एवं अतिरिक्त प्रभार की जमाएं		12,161	2001-02
20.	8443.114-निर्यात व्यापार जमाएं		1,52,527	1988-89
21.	8443.127- ठेकेदारों/कर्मचारियों/पेंशनरों आदि जो पाकिस्तान प्रवास कर गए हैं के दावों को पूरा करने के लिए स्थानीय निकायों की जमाएं		2,106	1996-97
22.	8443.130-प्रोविडेंट सोसायटीज तरलता खाता		13	2008-09
23.	8445.102- ब्रांच लाईन कंपनियों की जमाएं		65	1992-93
24.	8448.102-निगम निधि		3	2009-10
25.	8448.103-छावनी निधियां		1	2000-01
26.	8448.109- पंचायत निकाय निधि		84	2008-09
27.	8448.111- चिकित्सा एवं दानशील निधियां		52	1988-89
28.	8448- स्थानीय निधियों की जमाएं 120- अन्य निधियां		226	2004-05
29.	8449.104- खनन भविष्य निधि की जमाएं		1,601	1988-89
30.	8449.106- भारत अमेरिका करार 1974 के अंतर्गत खाता		16	1991-92
31.	8449.107- आय कर, सुपर कर, अधिक लाभ कर ब्याज एवं अतिरिक्त प्रभार सहित की जमाएं		13,393	1991-92
32.	8449.108- ऋण के निर्वहन के लिए स्थानीय निकायों की जमाएं		3,297	2000-01
33.	8449.113- तेल बीजों एवं वनस्पति तेल विकास निधि		36,613	1999-2000
34.	8449.118- जापानी अनुदान सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए अग्रिम जमाएं		10,360	1995-96
35.	8450.101- पांडेचेरी का शेष		4,01,290	2008-09
36.	8450.102- गोवा, दमन एवं दीव का शेष		1,63,026	1988-89
37.	8450.104- अरूणाचल प्रदेश का शेष		5,68,251	1988-89
38.	8450.105- मिजोरम का शेष		12,44,138	1988-89

39.	8009.01.103- आईसीएस भविष्य निधि	अन्य देयताएं	201	1999-2000
40.	8010.105- अन्य ट्रस्ट		1,923	1999-2000
41.	8010.102- अवध के स्व. राजा द्वारा दिया गया दान		9,104	1992-93
42.	8010.104- धर्मार्थ एवं शैक्षणिक संस्थानों के लिए दान		10	2008-09
43.	8012.103- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम को जारी विशेष प्रतिभूतियां		16,28,305	1988-89
कुल			**1,53,82,719**	

अनुबंध 2.5

(पैराग्राफ 2.4.4.3-इ के संदर्भ में)

(क) अन्य ऋणी ईकाईयों या संस्थानों के प्रति 20 वर्षों से अधिक के लिए लंबित मूलधन एवं ब्याज का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	ईकाई का नाम	पूर्व की अवधि जिससे बकाया संबंधित है	31 मार्च 2016 को बकाया की राशि	
			मूलधन	ब्याज
1.	भारतीय औद्योगिक क्रेडिट एवं निवेश निगम (आईसीआईसीआई) लिमि., मुम्बई	1987-88	46.05	67.13
2.	पायराईट्स, फॉस्फेट तथा केमिकल्स लिमि., नई दिल्ली	1988-89	184.35	458.29
3.	हिन्दुस्तान उर्वरक निगम लिमि., नई दिल्ली	1981-82	1,912.84	6,457.98
4.	भारतीय उर्वरक निगम, नई दिल्ली	1984-85	2,737.94	815.37
5.	मद्रास फर्टिलाईजर्स लिमि.	1987-88	373.08	504.63
6.	ब्रिटिश भारत निगम, कानपुर	1984-85	437.77	955.31
7.	एल्गिन मिल्स कंपनी, कानपुर	1984-85	343.29	1,958.15
8.	बर्डस जूट एवं एक्सपोर्ट लिमि., कोलकाता	1981-82	20.22	68.76
9.	इलेक्ट्रॉनिक व्यापार एवं प्रौद्योगिकी विकास निगम लिमि, दिल्ली	1987-88	22.01	51.80
10.	भारतीय ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमि., गुडगांव	1980-81	1,205.30	3,756.60
11.	स्मिथ स्टेनीस्ट्रीट फार्मास्यूटिकल्स लिमि., कोलकाता	1980-81	68.45	191.50
12.	बंगाल केमिकल्स एवं फार्मास्यूटिकल्स लिमि., कोलकाता	1982-83	129.52	60.49
13.	बंगाल प्रतिरक्षा कंपनी लिमि., कोलकाता	1982-83	135.98	423.24
14.	भारत भारी उद्योग लिमि., कोलकाता	1988-89	46.44	513.59
15.	भारत ऑप्थेलमिक ग्लास लिमि., दुर्गापुर	1983-84	66.68	237.86
16.	राष्ट्रीय न्यूज प्रिंट एवं पेपर मिल्स लिमि., नेपानगर	1985-86	113.59	40.35

17.	भारतीय राष्ट्रीय बाईसाईकिल निगम लिमि., कोलकाता	1982-83	70.67	585.69
18.	भारतीय साईकिल निगम लिमि., कोलकाता	1981-82	201.30	603.90
19.	भारतीय चर्म शोधन एवं फुटवियर निगम, कानपुर	1979-80	156.43	610.78
20.	रिचर्डसन एंड क्रूडास लिमि., मुम्बई	1990-91	101.78	536.95
21.	तुंगभद्रा स्टील प्रोड्क्ट्स लिमि., तुंगभद्रा	1972-73	113.00	246.29
22.	हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स एमएफजी. को. लिमि.	1992-93	487.61	1,309.20
23.	पुनर्वास उद्योग निगम लिमि., कोलकाता	1985-86	163.47	769.94
24.	खनन एवं सहायक मशीनरी निगम लिमि., दुर्गापुर	1986-87	560.12	2,229.27
25.	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमि.	1981-82	210.95	993.30
26.	भारत स्वर्ण खनन लिमि., कर्नाटक	1977-78	219.29	831.15
27.	मेसर्स कुमारधुबी फायरक्ले एंड सिलिका वर्कस लिमि.	1988-89	10.69	15.68
28.	विशाखापत्तनम पत्तन न्यास	1989-90	75.35	299.79
29.	कोचीन पत्तन न्यास, कोची	1982-83	226.27	1,199.90
30.	पारादीप पत्तन न्यास	1986-87	387.74	1,305.26
31.	राज्य विद्युत बोर्ड	1990-91	101.19	256.86
कुल			**10,929.37**	**28,355.01**

(क) राज्य सरकारों के प्रति ऋणों के बकाया मूलधन एवं ब्याज का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	राज्य/यूटी सरकार के नाम	पूर्व की अवधि जिससे बकाया संबंधित हैं	31 मार्च 2016 को बकाया की राशि	
			मूलधन	ब्याज
1	असम	1984-85	114.07	924.73
2	गोवा	1987-88	83.01	232.95
3	जम्मू एवं कश्मीर	1984-85	37.17	97.90
4	मेघालय	1987-88	8.08	44.05
5	मिजोरम	1988-89	13.95	30.62
6	तमिलनाडु	1984-85	17.74	37.04
7	त्रिपुरा	1995-96	1.28	28.74
8	पुदुचेरी	1984-85	117.20	19.41
कुल			**392.50**	**1415.44**

अनुबंध 2.6

(पैराग्राफ 2.5.2 के संदर्भ में)

ऋण, जमा तथा प्रेषण शीर्ष के अंतर्गत प्रतिकूल शेष

क्र.सं.	लेखाशीर्ष (मुख्य/लघु शीर्ष)		31.03.2016 को शेष (₹ हजार में)		अवधि जबसे शेष प्रतिकूल हो गए
कथन सं. -13					
1.	8115.00.101	मूल्यह्रास आरक्षित निधियां - रेलवे (वाणिज्यिक लाईन)	डे.	3,09,98,579	2009-10
2.	8117.00.101	रेलवे विकास निधि - वाणिज्यिक लाईन	डे.	38,94,497	2015-16
3.	8229.00.200	अन्य विकास तथा कल्याण निधि	डे.	17,25,843	2007-08
4.	8235.00.135	राष्ट्रीय स्वच्छता कोष	डे.	15,94,207	2015-16
5.	8443.00.111	अन्य विभागीय जमाएं	डे.	6,35,001	2006-07
6.	8443.00.121	चुनाव से संबंधित जमाएं	डे.	1,290	2015-16
7.	8445.00.104	रेलवे जमाएं - न्यास ब्याज खाता	डे.	1,98,265	2005-06
8.	8445.00.800	रेलवे जमाएं - अन्य जमाएं	डे.	1,22,06,588	2005-06
9.	8446.00.102	अन्य डाक जमाएं	डे.	12,12,686	2014-15
10.	8446.00.800	डाक जमाएं - अन्य जमाएं	डे.	1,40,311	2005-06
11.	8448.00.102	स्थानीय निधियों की जमाएं - म्यूनिसिपल जमाएं	डे.	3	2007-08
12.	8448.00.104	स्थानीय निधियों की जमाएं - भारतीय बीमा एसोसिएशन की निधियां	डे.	291	Pre-1976-77
13.	8451.00.101	भोपाल गैस रिसाव विपदा राहत निधि - दावें तथा राहत निधियां	डे.	93,12,874	2005-06
14.	8451.00.102	भोपाल गैस रिसाव विपदा राहत निधि - दावें तथा राहत निधि निवेश खाता	क्रे.	92,21,195	2005-06
15.	8551.00.101	रक्षा अग्रिमें	क्रे.	5,97,321	2015-16
16.	8670.00.109	रक्षा चेक	डे.	6,02,412	2015-16
कथन सं. -14					
17.	6002.00.207	यूरोपीय आर्थिक समुदाय से ऋणें	डे.	10,31,919	2000-01

18.	6002.00.208	फ्रांस सरकार से ऋणें	डे.	24,43,574	2000-01
19.	6002.00.223	स्विस संघ सरकार तथा स्विस बैंक से ऋणें	डे.	2,42,473	2010-11
20.	6002.00.226	अंतर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण यूएसए से ऋणें	डे.	86,92,403	1995-96
21.	6002.00.227	पीएल-480 परिवर्तनीय करेंसी क्रेडिट के अंतर्गत यूएसए सरकार से ऋणें	डे.	28,66,589	1995-96
22.	8009.00.106	अन्य विविध भविष्य निधि	डे.	5,208	2015-16
23.	8012.00.109	आयकर वार्षिक जमाएं	डे.	13,983	2015-16
24.	8014.01.107	पीएलआई चिल्ड्रेन पॉलिसी योजना	डे.	9,956	2014-15
25.	8014.02.105	आरपीएलआई प्रत्याशित अक्षय निधि आश्वासन योजनाएं	डे.	4,641	2015-16
कथन सं. -14 क					
26.	6001.00.105	अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक को जारी प्रतिभूतियां	डे.	4,04,339	2010-11
27.	6001.00.105	अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि को जारी प्रतिभूतियां	डे.	2,15,439	2002-03
कथन सं. - 15					
28.	6202.01.203	उच्चतर शिक्षा एवं विश्वविद्यालय	क्रे.	1,568	2004-05
29.	6215.02.800	अन्य ऋण	क्रे.	20,855	2001-02
30.	6216.80.190	सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों को ऋणें	क्रे.	2	2008-09
31.	6216.80.800	अन्य ऋणें	क्रे.	12,014	2010-11
32.	6225-01-800	अन्य ऋणें	क्रे.	829	1994-95
33.	6245.01.101	निःशुल्क राहत	क्रे.	896	1986-87
34.	6245.02.101	निःशुल्क राहत	क्रे.	2,157	1997-98
35.	6402.00.102	मृदा संरक्षण	क्रे.	7,752	1995-96
36.	6402.00.203	भूमि सुधार एवं विकास	क्रे.	592	2007-08
37.	6404.00.800	अन्य ऋणें	क्रे.	3,969	2004-05
38.	6405.00.106	मत्स्य क्राफ्टस का यांत्रिकीकरण	क्रे.	532	2006-07

39.	6425.00.108	अन्य सहकारी समितियों को ऋण	क्रे.	34,67,197	2003-04
40.	6515.00.102	सामुदायिक विकास	क्रे.	163	1986-87
41.	6801.00.201	पनबिजली उत्पादन	क्रे.	8,80,938	2004-05
42.	6801.00.205	संचारण एवं वितरण	क्रे.	13,91,767	2005-06
43.	6851.00.102	लघु स्तरीय उद्योग	क्रे.	10,958	2006-07
44.	6853.60.190	सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों को ऋण	क्रे.	78,208	2014-15
45.	7052.02.101	नौवहन विकास निधि समिति को ऋण	क्रे.	29,41,305	2011-12
46.	7053.00.190	सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों को ऋण	क्रे.	3,77,537	2010-11
47.	7475.00.102	व्यापार संस्थान	क्रे.	25,000	2011-12
48.	7601.01.436	फसल कृषि व्यवस्था - वाणिज्यिक फसलें	क्रे.	1	2012-13
49.	7601.03.413	अन्य सहकारी समितियों को सहकारी ऋण	क्रे.	4,189	2012-13
50.	7601.03.501	मृदा एवं जल संरक्षण - मृदा संरक्षण योजनाएं	क्रे.	2,185	2012-13
51.	7601.03.576	पशु पालन - मवेशी एवं भैंस विकास	क्रे.	11	2012-13
52.	7601.03.601	दुग्ध उत्पादन विकास	क्रे.	29	2012-13
53.	7601.03.727	ग्राम एवं लघु उद्योग - लघु स्तरीय उद्योग	क्रे.	139	2012-13
54.	7601.03.786	बाढ़ नियंत्रण - अन्य ऋणें	क्रे.	71,707	2012-13
55.	7601.03.787	समुद्र कटाव रोकने की परियोजनाएं - अन्य ऋण	क्रे.	1,239	2012-13
56.	7601.04.267	जल आपूर्ति - अन्य ऋण	क्रे.	1,49,604	2012-13
57.	7601.04.312	शहरी विकास - लघु/मध्यम शहरों का समेकित विकास	क्रे.	1,91,427	2012-13
58.	7601.04.360	अनुसूचित जनजातियों का कल्याण - अन्य ऋण	क्रे.	408	2012-13
59.	7601.04.411	सहकारी क्रे. सहकारी समितियां	क्रे.	32,687	2012-13
60.	7601.04.413	अन्य सहकारी समितियां	क्रे.	1,473	2012-13
61.	7601.04.436	फसल कृषि व्यवस्था - वाणिज्यिक फसलें	क्रे.	1,35,028	2012-13
62.	7601.04.443	फसल कृषि व्यवस्था - अन्य ऋण	क्रे.	3,38,837	2012-13

63.	7601.04.501	मृदा एवं जल संरक्षण - मृदा संरक्षण योजनाएं	क्रे.	99,004	2012-13
64.	7601.04.579	पशु पालन - भेड़ एवं ऊन विकास	क्रे.	175	2012-13
65.	7601.04.601	दुग्ध उत्पादन विकास	क्रे.	36	2012-13
66.	7601.04.726	ग्राम एवं लघु उद्योग - हथकरघा उद्योग	क्रे.	6,960	2012-13
67.	7601.04.727	ग्राम एवं लघु उद्योगें - लघु स्तरीय उद्योग	क्रे.	853	2012-13
68.	7601.04.729	ग्राम एवं लघु उद्योग - क्वायर उद्योग	क्रे.	354	2012-13
69.	7601.04.747	ग्राम एवं लघु उद्योग - अन्य ग्रामीण उद्योग	क्रे.	1,088	2012-13
70.	7601.04.786	बाढ़ नियंत्रण - अन्य ऋण	क्रे.	4,730	2012-13
71.	7601.04.825	अंतर्राज्यीय सड़कें या आर्थिक महत्व-सड़क निर्माण कार्य	क्रे.	18,359	2012-13
72.	7601.04.826	अंतर्राज्यीय सड़कें या आर्थिक महत्व - यंत्र एवं उपकरण	क्रे.	106	2012-13
73.	7601.04.871	अंतर्देशीय जल परिवहन - अन्य ऋण	क्रे.	897	2012-13
74.	7601.07.800	अन्य ऋण	क्रे.	1,580	2012-13
75.	7602.04.412	सहकारी उपभोक्ता सहकारी समितियां	क्रे.	593	2012-13
76.	7610.00.203	अन्य वाहनों की खरीद के लिए अग्रिम	क्रे.	3,93,664	2004-05
कथन सं. -16					
77.	8002.00.103	कोषागार बचत जमाएं प्रमाणपत्र	डे.	6,962	1976-77
78.	8002.00.105	बचत प्रमाणपत्र- बैंक सीरिज	डे.	189	2007-08

अनुबंध 2.7

(पैराग्राफ 2.6 के संदर्भ में)

प्रारूप लेखे में शेष बकाया

क्र.सं.	उपक्रम का नाम	अंतिम तैयार लेखें की अवधि
कृषि मंत्रालय		
1.	बर्फ सह शीतलन संयत्र, कोची	2009-10
परमाणु ऊर्जा विभाग		
2.	नाभिकीय ईंधन परिसर, हैदराबाद	2014-15
3.	भारी जल सयंत्र, मुम्बई	2014-15
रक्षा मंत्रालय		
4.	जलपान गृह भंडार विभाग	2011-12
वित्त मंत्रालय		
5.	राजकीय क्षराभ कार्य, नीमच	2010-11
6.	राजकीय क्षराभ कार्य, गाजीपुर	2009-10
7.	राजकीय अफीम कारखाना, गाजीपुर	2009-10
8.	राजकीय अफीम कारखाना, नीमच	2010-11
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय		
9.	केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली	2006-07
10.	केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान शाकीय सब्जी उद्यान, कांके, रॉची	2011-12
11.	एच.एल.एल. जीवन रक्षा लिमिटेड	2014-15
12.	एच.एस.सी.सी. (इण्डिया) लिमिटेड	2014- 15
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय		
13.	चलचित्र संभाग, मुम्बई	2009-10
14.	राष्ट्रीय चलचित्र विकास निगम लिमिटेड	2013-14
विद्युत मंत्रालय		
15.	विद्युत विभाग, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2013-14
16.	विद्युत विभाग लक्षद्वीप	2008-09
पोत परिवहन मंत्रालय		
17.	दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय, नोएडा	2011-12
18.	अण्डमान नौका सेवा	2004-05
19.	पोत परिवहन सेवा, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2009-10
20.	समुद्री विभाग (गोदी), अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2003-04
21.	बंदरगाह व्यवस्थापक बोर्ड, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	1991-92

क्र.सं.	उपक्रम का नाम	अंतिम तैयार लेखें की अवधि
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय		
22.	चण्डीगढ़ परिवहन उपक्रम	2011-12
23.	राज्य परिवहन सेवा, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2014-15
शहरी विकास मंत्रालय		
24.	राजकीय मुद्रणालय, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	1987-88
25.	भारत सरकार मुद्रणालय, मिण्टो रोड, नई दिल्ली	2014-15
26.	भारत सरकार मुद्रणालय, रिंग रोड, नई दिल्ली	2014-15
27.	भारत सरकार मुद्रणालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली	2014-15
28.	भारत सरकार मुद्रणालय, कोयम्बटूर	2014-15
29.	भारत सरकार पाठ्य पुस्तक प्रेस, भुवनेश्वर	2014-15
30.	भारत सरकार पाठ्य पुस्तक प्रेस, मैसूर	2014-15
31.	भारत सरकार मुद्रणालय, कोलकाता	2014-15
32.	भारत सरकार मुद्रणालय, कोराटी	2014-15
33.	भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक	2014-15
34.	भारत सरकार मुद्रणालय, अलीगढ़	2014-15
35.	भारत सरकार पाठ्य पुस्तक मुद्रणालय, चण्डीगढ़	2014-15
36.	भारत सरकार मुद्रणालय, गंगटोक	2007-08
37.	भारत सरकार मुद्रणालय, सत्रगाछी, हावड़ा	2013-14

अनुबंध 2.8

(पैराग्राफ 2.7 के संदर्भ में)

2015-16 के दौरान बट्टे खाते में डाली गई/माफ की गई हानियों तथा अशोध्य बकाया राशियों का विवरण

(₹ लाख में)

मंत्रालय/विभाग का नाम	हानियों एवं अप्रतिलभ्य को बट्टे खाते में डालना के कारण					
	उपेक्षा/धोखाधड़ी आदि		अन्य कारण		वसूली से माफी	
	मामलों की संख्या	राशि	मामलों की संख्या	राशि	मामलों की संख्या	राशि
वित्त मंत्रालय	0	0	1	0.49	0	0
लोक सभा सचिवालय	0	0	1	0.05	0	0
राज्य सभा सचिवालय	0	0	0	0	1	0.03
परमाणु ऊर्जा विभाग	0	0	23	8.78	0	0
अंतरिक्ष विभाग	0	0	16	21.03	0	0
गृह मंत्रालय	0	0	36	333.50	0	0
विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय	4	3.48	0	0	2	0.97
डाक एवं दूरसंचार मंत्रालय	880	5,180.67	42	9.51	16	10.73
विद्युत मंत्रालय	0	0	2	0.77	0	0
अंडमान एवं निकोबार द्वीप प्रशासन	1	51.43	0	0	0	0
राष्ट्रपति सचिवालय	0	0	1	0.34	0	0
कुल	**885**	**5,235.58**	**122**	**374.47**	**19**	**11.73**

अनुबंध 3.1

(पैराग्राफ 3.2 के संदर्भ में)

प्राधिकरण तथा संवितरण

(₹ करोड़ में)

संवितरणों की प्रकृति	मूल अनुदान/विनियोग	अनुपूरक अनुदान/विनियोग	योग	वास्तविक संवितरण	बचत(-) आधिक्य (+)
क - सिविल					
दत्तमत					
I. राजस्व	955652.58	100047.09	1055699.67	992772.02	(-) 62927.65
II. पूंजी (ऋण एवं अग्रिम सहित)	148986.57	107922.01	256908.58	239715.07	(-) 17193.51
योग	**1104639.15**	**207969.10**	**1312608.25**	**1232487.09**	**(-) 80121.16**
प्रभारित					
III. राजस्व	569730.50	283.40	570013.90	546699.00	(-) 23314.90
IV. पूंजी (ऋण एवं अग्रिम तथा लोक ऋण सहित)	4246001.70	0	4246001.70	3750287.21	(-) 495714.49
योग	**4815732.20**	**283.40**	**4816015.60**	**4296986.21**	**(-) 519029.39**
कुल योग	**5920371.35**	**208252.50**	**6128623.85**	**5529473.30**	**(-) 599150.55**
संवितरणों की कटौती में वसूलियां			168996.21	140376.69	
	कुल निवल प्रावधान		**5959627.64**		
	कुल निवल संवितरण			**5389096.61**	

ख -डाक					
दत्तमत					
I. राजस्व	19494.06	688.50	**20182.56**	19654.20	(-) 528.36
II. पूंजी	336.65	11.26	**347.91**	335.04	(-) 12.87
योग	**19830.71**	**699.76**	**20530.47**	**19989.24**	**(-) 541.23**
प्रभारित					
III. राजस्व	0.20	1.85	**2.05**	0.47	(-) 1.58
IV. पूंजी	--	0.14	**0.14**	0.13	(-) 0.01
योग	**0.20**	**1.99**	**2.19**	**0.60**	**(-) 1.59**
कुल योग	**19830.91**	**701.75**	**20532.66**	**19989.84**	**(-) 542.82**
संवितरणों की कटौती में वसूलियां			644.84	707.70	
	कुल निवल प्रावधान		**19887.82**		
	कुल निवल संवितरण			**19282.14**	

(₹ करोड़ में)

संवितरणों की प्रकृति	मूल अनुदान/ विनियोग	अनुपूरक अनुदान/ विनियोग	योग	वास्तविक संवितरण	बचत(-) आधिक्य(+)
ग - रक्षा सेवाएं					
दत्तमत					
I. राजस्व	168732.87	661.00	169393.87	163483.09	(-) 5910.78
II. पूंजी	94451.50	0.02	94451.52	79801.95	(-) 14649.57
योग	**263184.37**	**661.02**	**263845.39**	**243285.04**	**(-) 20560.35**
प्रभारित					
III. राजस्व	74.51	41.90	116.41	92.69	(-) 23.72
IV. पूंजी	136.50	43.26	179.76	156.36	(-) 23.40
योग	**211.01**	**85.16**	**296.17**	**249.05**	**(-) 47.12**
कुल योग	**263395.38**	**746.18**	**264141.56**	**243534.09**	**(-) 20607.47**
संवितरणों की कटौती में वसूलियां			10187.57	11976.04	
कुल निवल प्रावधान			**253953.99**		
कुल निवल संवितरण				**231558.05**	

घ -रेलवे					
दत्तमत	337008.95	1015.59	338024.54	301011.18	(-) 37013.36
प्रभारित	228.97	115.29	344.26	305.01	(-) 39.25
योग	**337237.92**	**1130.88**	**338368.80**	**301316.19**	**(-)37052.61**
संवितरणों की कटौती में वसूलियां			108681.27	97928.71	
कुल निवल प्रावधान			**229687.53**		
कुल निवल संवितरण				**203387.48**	

योग						
कुल सीएफआई	**दत्तमत**	**1724663.18**	**210345.47**	**1935008.65**	**1796772.55**	**(-)138236.10**
	प्रभारित	**4816172.38**	**485.84**	**4816658.22**	**4297540.87**	**(-)519117.35**
कुल योग सीएफआई		**6540835.56**	**210831.31**	**6751666.87**	**6094313.42**	**(-)657353.45**
व्यय की कटौती में कुल वसूलियां				**288509.89**	**250989.14**	**37520.75**
विनियोग लेखे (सीएफआई) के अनुसार कुल व्यय एवं प्रावधान				**6463156.98**	**5843324.28**	**619832.70**
वित्त लेखे के आंकड़ों के साथ भिन्नता (अंतर)					**0.00**	
वित्त लेखे के अनुसार सीएफआई से कुल संवितरण					**5843324.28**	

टिप्पणी: अनुदानों की मांगों में, प्रभारित संवितरण का प्रावधान विनियोग कहलाता है और दत्तमत संवितरण के लिए यह अनुदान कहलाता है।

सीएफआई: भारत की संचित निधि

अनुबंध 3.2

(पैराग्राफ 3.2 के संदर्भ में)

अनुदानों/विनियोगों में निवल बचतें

प्रभावित अनुदान तथा विनियोग	अव्ययित प्रावधान		आधिक्य		निवल बचत(-) निवल आधिक्य (+)	
	राजस्व	पूंजीगत	राजस्व	पूंजीगत	राजस्व	पूंजीगत
क - सिविल						
दत्तमत (₹ करोड़ में)	63137.88	17193.51	210.22	--	(-) 62927.66	(-) 17193.51
अनुदानों की संख्या	94	68	1	--	--	--
प्रभारित (₹ करोड़ में)	23315.04	495714.49	0.15	--	(-) 23314.89	(-) 495714.49
विनियोगों की संख्या	33	11	1	--	--	--
ख - डाक						
दत्तमत (₹ करोड़ में)	528.36	12.87	--	--	(-) 528.36	(-) 12.87
अनुदानों की संख्या	1	1	--	--	--	--
प्रभारित (₹ करोड़ में)	1.58	0.01	--	--	(-) 1.58	(-) 0.01
विनियोगों की संख्या	1	1	--	--	--	--
ग - रक्षा सेवाएं						
दत्तमत (₹ करोड़ में)	5910.78	14649.57	--	--	(-) 5910.78	(-) 14649.57
अनुदानों की संख्या	5	1	--	--	--	--
प्रभारित (₹ करोड़ में)	23.72	23.40	--	--	(-) 23.72	(-) 23.40
विनियोगों की संख्या	5	1	--	--	--	--
घ- रेलवे						
दत्तमत (₹ करोड़ में)	22392.12	14696.87	75.63	--	(-) 22316.49	(-) 14696.87
अनुदानों की संख्या	14	1	1	--	--	--
प्रभारित(₹ करोड़ में)	6.95	32.54	0.24	--	(-) 6.71	(-) 32.54
विनियोगों की संख्या	5	1	5	--	--	--

अनुबंध 3.3

(पैराग्राफ 3.3 के संदर्भ में)

सिविल मंत्रालयों/विभागों के अंतर्गत प्रभारित तथा दत्तमत प्राधिकरण एवं संवितरणों का वर्ष-वार समानुपात

(₹ करोड़ में)

		प्राधिकरण			संवितरण				
क्र.सं	वर्ष	दत्तमत	प्रभारित	कुल	दत्तमत	प्रभारित	कुल	निम्न की प्रतिशतता	
								दत्तमत	प्रभारित
1.	2000-01	173677	530530	704207	160753	405289	566042	28	72
2.	2001-02	218136	481679	699815	201574	473950	675524	30	70
